हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक  www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -03 ● अंक - 95 ● शनिवार 18 मई 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

## कांग्रेस और टीएमसी में 'इंडिया' को लेकर छिड़ी रार

● ममता बोलीं-हम राष्ट्रीय स्तर पर साथ हैं और आगे भी साथ रहेंगे

**कोलकाता (एजेंसी)।** सत्ता में आने पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को बाहर से समर्थन देने की घोषणा के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यू-टर्न ले लिया है। गुरुवार को ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर



भाजपा विरोधी गठजोड़ का हिस्सा है और आगे भी रहेगी। तमलुक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पश्चिम बंगाल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस के साथ गठबंधन में नहीं है। वहीं पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर हमला बोला है। बनर्जी ने कहा, ''कुछ लोगों ने कल के मेरे बयान को गलत समझा है।

## पहले कॉलर पकड़ा, फिर जमीन पर पटका, बूट से कुचलने लगा सीना

**नालंदा (एजेंसी)।** तीन दिन पहले बिहार के नालंदा जिले के सिलाव थाना के दारोगा और जवानों का मैकेनिक के साथ मारपीट का मामला ठंडा भी नहीं हुआ है कि अब बिहारशरीफ के लहेरी थाना इलाके के धनेश्वरघाट मोहल्ला में 112 वाहन पर तैनात जवान का बीच सड़क युवक की बेरहमी से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो सामने आने के बाद नगर थानाध्यक्ष




ने कहा कि बच्चों के बीच हो रहे विवाद को सुलझाने के लिए पुलिस गई थी। वायरल वीडियो में कंधे पर पिट्ठू बैग और आर्मी का वर्दी पहना एक शख्स युवक के गले का गमछा पकड़ कर पहले तो लप्पड़-थप्पड़ कर रहा है, उसके बाद कई बार उसे जमीन पर पटक-पटक कर पीटता दिख रहा है। इतने से भी जब उसका मन नहीं भरा तो जमीन पर पटककर बूट से सीने पर कई बार वार करते दिख रहा है। इसके बाद वह शख्स अपने सहकर्मी को लेकर बुलाया। थोड़ी देर में 112 आपात वाहन पहुंची।

## शाह बोले-केजरीवाल जहां जाएंगे, शराब घोटाले की याद दिलाएंगे

● संविधान बदलने का बहुमत हमारे पास 10 साल से है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शराब नीति केस को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल प्रचार के लिए जब भी जहां भी जाएंगे, लोगों को शराब घोटाला याद आएगा। कई लोगों को तो बड़ी बोतल



दिखेगी। विपक्ष के संविधान बदलने वाले बयान पर अमित शाह ने एक इंटरव्यू में कहा- संविधान बदलने का बहुमत हमारे पास 10 साल से है। हमें 400 सीटें चाहिए, क्योंकि देश में राजनीति में स्थिरता लाना चाहते हैं, क्योंकि देश की सीमाओं को सुरक्षित रखना है। हमने 10 सालों में अनुच्छेद 370 को निरस्त किया, तीन तलाक को खत्म किया, राम मंदिर बना, ष्टष्ट लेकर आए। बहुमत के दुरुपयोग करने का इतिहास हमारी पार्टी का नहीं है। बहुमत का दुरुपयोग इंदिरा गांधी के समय में कांग्रेस ने किया था। केजरीवाल पर शाह ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

# मंगल ग्रह पर अगले 30 सालों में बसेगी नई सभ्यता

### बनेंगे कई बड़े शहर, एलन मस्क ने कर दी भविष्यवाणी



वाशिंगटन (एजेंसी)। मंगल ग्रह तक पहुंचना इंसान के लिए स्वप्न रहा है। आज भी पृथ्वी के करीब के इस ग्रह के रहस्यों को जानने की उत्सुकता इंसान में बरकरार है। इस बीच तकनीक की दुनिया के दिग्गज एलन मस्क ने भविष्यवाणी की है कि अगले 30 सालों में मंगल ग्रह पर शहर बस जाएंगे। इनमें लोग रहा करेंगे। यह उस कल्पना के साकार होने जैसा होगा, जिसमें लोग कहते हैं कि अब मंगल और चांद पर भी कॉलोनियां बसेंगी। स्पेसएक्स के फाउंडर मस्क ने एक्स प्लेटफॉर्म पर अपने एक फॉलोवर के ट्वीट का जवाब देते यह बात कही। एलन मस्क ने कहा कि हम मंगल ग्रह पर उतरने से बस कुछ ही साल दूर हैं। उन्होंने कहा कि अगले 5 साल में चालक दल से इतर भी लोगों को भेजेंगे। 10 साल में जमीन पर रहने वाले लोगों को मंगल पर पहुंचाएंगे। अगले 20 साल में एक शहर और निश्चित रूप से 30 साल में सभ्यता बनाने में कामयाब होगें। मस्क द्वारा की गई नवीनतम अंतरिक्ष भविष्यवाणियों पर उनके फॉलोअर्स चर्चा कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे है। एक प्रशंसक ने ट्वीट किया इतने सारे लोगों के लिए यह एक अकल्पनीय... उम्मीद है मैं प्रगति देखने के लिए 10 साल और जीवित रहूंगा। एक अन्य ने कहा एआई, वीआर और अब मंगल। मैंने अपने जीवनकाल में इनमें से किसी के घटित होने की उम्मीद नहीं की थी। अब यह बहुत अविश्वसनीय है। तीसरे ने कहा वाह! प्रभावशाली। मैं संभवतः 30 तक यहां नहीं रहूंगा लेकिन मैं अगले जन्म से देखूंगा! जबकि चौथे ने कहा हममें से अधिकांश लोग इन लक्ष्यों को हासिल करने का अनुभव करेंगे। यह रोमांचक है। मस्क ने स्पेसएक्स की नींव 2002 में रखी थी। यह कंपनी लिक्विड प्रोपेलेंट रॉकेट को कक्षा में भेजने और अंतरिक्ष यात्रियों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचाने वाली पहली निजी कंपनी बनी। इसकी स्थापना से एक साल पहले मस्क ने अपने मार्स ओएसिस प्रोजेक्ट के साथ लाल ग्रह को हरा-भरा बनाने की योजना की रूपरेखा बना ली थी। एलन मस्क अकसर अंतरिक्ष को लेकर भविष्यवाणियां करते हैं और लोग उनकी टिप्पणियों को गंभीरता से लेते रहे हैं। उनके करीब 183 फॉलोअर्स हैं, जो उनकी टिप्पणियों पर चर्चा करते हैं।



# अब खटाखट का 'रेला', 5वें चरण में होगा बड़ा 'खेला'

● पीएम मोदी के वार पर राहुल गांधी और अखिलेश का पलटवार ● यूपी में पंजे और साइकिल के सपने टूट गए खटाखट-खटाखट

### यूपी के फतेहपुर में पीएम मोदी का अखिलेश-राहुल पर बड़ा हमला



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान को धार देने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को यूपी पहुंचे। यहां पर उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा है। पीएम ने कहा कि पंजे और साइकिल के सपने टूट गए, खटाखट खटाखट। अब 4 जून के बाद की प्लानिंग हो रही है कि हार का ठीकरा किसके सिर पर फोड़ा जाए, खटाखट खटाखट। इतना ही नहीं, पीएम ने कहा कि मुझे तो कोई बता रहा था कि विदेश यात्रा का टिकट भी बुक हो गया है, खटाखट खटाखट। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैंने यह कहा था कि शहजादा वायनाड से भाग जाएंगे और अमेठी की ओर जाने की हिम्मत नहीं करेंगे। यह सच हो गया। अब अपना सम्मान बचाने के लिए कांग्रेस ने मिशन-50 का फैसला किया है। इसके लिए भानुमती के कुनबे में हवा भरने की कोशिश हो रही है, लेकिन जिस इंडिया गठबंधन की गाड़ी का टायर पहले दिन से पंक्चर हो जाएगा वो कितना आगे जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि माफियाओं के लिए समाजवादी पार्टी का प्यार अभी खत्म नहीं हुआ है। उनके पार्टी प्रमुख माफिया की कब्र पर फातिहा पढ़ रहे हैं।

## 5 जून को महिलाओं के एकाउंट में आएंगे एक लाख खटाखट

### राहुल गांधी का बड़ा दावा, अखिलेश का स्मृति ईरानी पर हमला

**अमेठी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के अमेठी लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा के पक्ष में इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली हुई। रैली के मंच पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव



मौजूद रहे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेठी से अपना नाता बताते हुए कहा कि 4 जून को सरकार बनते ही गरीब महिलाओं के खाते में एक लाख रुपये जमा कराएंगे। वहीं, फूड पार्क बनाने की बात एक बार फिर कही। राजीव गांधी से केएल शर्मा के संबंधों जिक्र करते उन्होंने कहा कि इन्हें जिताएं। मैं भले रायबरेली का सांसद रहूं, अमेठी से मैं दिल से जुड़ा हूं। इंडिया गठबंधन के मंच से समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा के पक्ष में वोट मांगा। साथ ही, मंच से भाजपा उम्मीदवार स्मृति ईरानी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार अमेठी की स्मृति (यादों) में रह जाएंगी। चुनाव के बाद स्मृति ईरानी अमेठी से अपना बोरिया-बिस्तर समेट कर मुंबई रवाना होने वाली हैं। अमेठी के लोगों ने यह तय कर लिया है। सपा और कांग्रेस की ताकत इस बार एकजुट होकर विधानसभा सीट पर दिखने वाली है। राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर अमेठी में बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही 4 जून को अग्निवीर योजना कूड़ेदान में फेंक देंगे।

## भारत के विकास पर अब यूएन ने भी लगाई मुहर

### यूएन बोला-चीन से ज्यादा पसंद कर रहे निवेशक

जिनेवा (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र ने भारत में विदेशी निवेश बढ़ने की बात कही है। साथ ही यूएन का यह भी कहना है कि पश्चिमी देशों की कंपनियों के लिए भारत पहली पसंद बन गया है, जिसके चलते भारत की आर्थिक प्रगति काफी अच्छी हुई है। इस दौरान 2024 के सकल घरेलू उत्पाद से जुड़े आंकड़े भी जारी किए गए। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था इस साल 7 फीसदी की रफ्तार से बढ़ सकती है। गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग के प्रमुख हामिद राशिद ने कहा कि भारत को अन्य पश्चिमी स्त्रोतों से भारत में आने वाले अधिक निवेश से भी लाभ हो रहा है।

### अमेरिकी सांसद बोले-

## भारत मानवाधिकारों पर लेक्चर नहीं सुनेगा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में भारतीय मूल के सांसदों का कहना है कि वे भारत के साथ मानवाधिकारों का मुद्दा उठाते रहेंगे। हालांकि, भारत उन पर काम नहीं करेगा। अमेरिका में गुरुवार को देसी डिसाइड्स नाम की एक समिट हुई। इसमें अमेरिकी चुनाव में भारतवंशियों के प्रभाव को लेकर चर्चा हुई। इसी दौरान सांसद आर ओ खन्ना ने कहा कि अमेरिका को मनवाधिकारों के मुद्दों पर भारत की लीडरशिप से बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत पर 100 साल तक विदेशी हुकूमत का राज था। तो जब आप भारत को मानवाधिकारों पर लेक्चर देंगे तो वो आपकी बात नहीं सुनेंगे। समिट में भारतवंशी सांसदों से पीएम मोदी और मुस्लिम समुदाय के साथ उनके संबंधों पर सवाल किया गया था। आर ओ खन्ना ने कहा कि भारत लेक्चर सुनने की बजाय तब अपने लोकतंत्र की खामियों को सुधारेगा, जब अमेरिका भी अपनी गलतियों को स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा कि भारत से बात करने का यही अच्छा तरीका है।

# स्वाति मालीवाल से मारपीट, वीडियो मिलने का दावा

● एफआईआर में केजरीवाल के पीए पर लगाए कई गंभीर आरोप ● स्वाति ने कहा-मेरी शर्ट खींची, बटन खुले, पेट पर लात मारते रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सीएम आवास पर एएपी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से बदसलूकी और मारपीट का शुक्रवार को एक वीडियो सामने आया। दावा किया जा रहा है कि यह सीएम आवास का है। मारपीट के बाद स्वाति सोफे पर बैठी हैं। बिभव बाहर निकले और दिल्ली पुलिस की तरफ से तैनात सिक्योरिटी पर्सनल को अंदर भेजा। बिभव ने स्टाफ से कहा कि स्वाति मालीवाल को बाहर निकाला जाए। स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल के आवास पर हुए हमले को लेकर सीसीटीवी फुटेज जांच की मांग की है।

मालीवाल ने कहा है कि एक दिन सबका सच सामने आ जाएगा। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा है कि वह खुद को बचाने की कोशिश में जुट गया है, लेकिन एक दिन सबकी सच्चाई दुनिया के सामने आएगी। स्वाति मालीवाल ने



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, हर बार की तरह इस बार भी इस राजनीतिक हिटमैन ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। अपने लोगों से ट्वीट्स करवाके, आधी बिना संदर्भ की वीडियो चलाके, इसे लगता है यह इस अपराध को अंजाम देके खुद को बचा लेगा। कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला। घर के अंदर की और कमरे की सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने होगा। जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, भगवान सब देख रहा है। एक ना एक दिन सबकी सच्चाई दुनिया के सामने आएगी। उन्होंने साफ नहीं किया है कि आखिर यह हिटमैन कौन है।

स्वाति मालीवाल की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय पर सामने आई जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दिख रहा है कि एक महिला सोफे पर बैठी हैं और उनके आसपास कुछ गार्ड हैं। उनके बीच बहस हो रही है। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो 13 मई का है और केजरीवाल के आवास के भीतर का है। हालांकि, हमारा अखबार इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

# ट्रक में घुसी यूपी रोडवेज की बस, 5 महिलाओं की मौत

### 12 लोग घायल, भरतपुर में नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा

**भरतपुर (एजेंसी)।** भरतपुर के हलैना के पास नेशनल हाईवे पर जयपुर जा रही बस आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। इस भीषण सड़क हादसे में 5 महिलाओं की मौत हो गई। 12 यात्री घायल हो गए हैं। हलैना थाना इंचार्ज बृजेंद्र शर्मा ने बताया- हादसा दोपहर 1.30 बजे हुआ। घायलों को हलैना हॉस्पिटल लेकर गए। 13 में से 8 घायलों को भरतपुर के



आरबीएम हॉस्पिटल रेफर किया गया है। 5 घायलों का इलाज हलैना हॉस्पिटल में चल रहा है। भरतपुर में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस के ड्राइवर और कंडक्टर घायल हैं। ट्रक ड्राइवर फरार है। बस उत्तर प्रदेश (यूपी) परिवहन के अलीगढ़ डिपो की है। बस अलीगढ़ से जयपुर जा रही थी। ट्रक भी जयपुर की तरफ जा रहा था। उसमें लकड़ियां भरी हुई थीं। हादसे में 12 यात्री घायलः निक्की जाट (28), रामू (35), संतोष (45), सूर्यप्रताप (21), राजू (27), मोहित (32), पप्पू (45), जीतेंद्र (25), अवनीश (35), तेजवीर (32), सुमित (26), एक बच्ची (3), एक बच्चा (1) पांच महिलाओं के शव हलैना सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं।

### रक्षा प्रतिष्ठान मामला

## गोपनीय जानकारी इकट्ठा करने के मामले में बड़ा ऐक्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने रक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़ी गोपनीय जानकारी इकट्ठा करने के मामले में बड़ा ऐक्शन लिया है। भारतीय नौसैन्यकर्मियों को मोह पाश में फांसने की पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की साजिश के मुख्य आरोपी अमान सलीम शेख के खिलाफ आरोप पत्र दायर हुआ है। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। एनआईए की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि जांच ऐजेंसी ने शेख को पिछले वर्ष 20 नवंबर को मुंबई से गिरफ्तार किया था। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने विशाखापत्तनम में एनआईए की विशेष अदालत में शेख के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत पूरक आरोप पत्र दायर किया था। एनआईए के अनुसार, सलीम शेख को उन सिम कार्ड को सक्रिय करने में शामिल पाया गया था।

## चारों धामों के पास अब सभी मोबाइल फोन पर लगा बैन

● रील या वीडियो बनाना भी पड़ेगा भारी, सख्त ऐक्शन की तैयारी

**देहरादून (एजेंसी)।** केदारनाथ-बदरीनाथ, गंगोत्री समेत चारों धामों के



मंदिर परिसरों के 50 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। धामों में रील बना कर भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। ऐसे में धामों में अब श्रद्धालु न मोबाइल का इस्तेमाल कर पाएंगे और न ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म के लिए रील बना पाएंगे। मुख्य सचिव ने गुरुवार को सचिव पर्यटन को निर्देश जारी करते हुए आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने को कहा है। मुख्य सचिव ने कहा कि चारधाम में इस बार पिछले सालों की तुलना में कहीं अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ आ रही है। इस बढ़ती भीड़ के कारण धामों में दिक्कतें न हों, इसके लिए भीड़ को नियंत्रित किया जा रहा है। धामों में मंदिर परिसर में मोबाइल बैन रहेगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
ई-पेपर
www.sonvarshavani.com
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड हाई कोर्ट ने ओएमआर शीट की कॉपी में छेड़छाड़ की प्राथमिकी दर्ज करने के दिए निर्देश




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अभ्यर्थी गोपाल कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। दरअसल, गोपाल ने हाई कोर्ट में रिट पिटीशन दाखिल कर आग्रह किया था कि उसने ओएमआर शीट में कई सवालों के जवाब दिये थे। इसके बावजूद उसे जान बूझकर असफल घोषित कर दिया गया। अदालत ने शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान ओएमआर शीट देखने के बाद हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को रिट पिटीशन और ओएमआर शीट को सील कर प्रार्थी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता द्वारा कोर्ट में पेश की गयी ओएमआर शीट और जेपीएससी द्वारा पेश की गयी ओएमआर शीट में काफी अंतर था। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि याचिकाकर्ता ने जो ओएमआर शीट पेश की थी उसमें छेड़छाड़ हुई है। इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता देवेश आजमानी ने पक्ष रखा जबकि जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने बहस की।

### लोकसभा चुनाव में अधिग्रहित एसी बसों का किराया तय



**रांची।** लोकसभा चुनाव के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले विभिन्न श्रेणियों के मोटर वाहनों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज नये सिरे से तय कर दिया गया है। वातानुकूलित, डीलक्स, सेमी डीलक्स बसों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज तय करते हुए परिवहन विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी की है। इसी दर पर वाहन संचालकों को बस भाड़ा देना होगा। जारी अधिसूचना के अनुसार 35 सीट बैठान क्षमता या अधिक वाले वातानुकूलित डीलक्स बसों के लिए 4,730 रुपये, 35 सीट बैठान क्षमता वाले डीलक्स बसों के लिए 4,150 रुपये, 20 से 50 सीट तक सेमी डीलक्स बस 3,800 रुपये, मिनी बस 14 से 23 सीट तक वातानुकूलित 2,500 रुपये, कम सीट वाले मिनी बस 08 से 13 सीट तक वातनुकूलित बस का भाड़ा 1,650 रुपये और टाटा मैजिक के लिए 650 रुपये की दर तय की गयी है। झारखंड की 14 संसदीय सीटों के लिए चार चरणों में चुनाव हो रहा है। पहले चरण का चुनाव समाप्त हो गया है। शेष तीन चरण का चुनाव बाकी है। चुनाव ड्यूटी में बड़ी संख्या में बसों का अधिग्रहण किया जाना है। प्राइवेट बस संचालकों को बस जमा कराने के लिए नोटिस भेजा गया है। अब नये सिरे से बसों का दर तय कर दिया है।

### झारखंड हाई कोर्ट में पीड़ित की पहचान उजागर करने के मामले में आरोपित जामताड़ा विधायक की याचिका पर आदेश सुरक्षित



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में एक पीड़ित बच्ची को अस्पताल में देखने जाने के बाद बच्ची का फोटो वायरल होने से उसकी पहचान उजागर होने संबंधित एक मामले में विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी की ओर से निचली अदालत द्वारा आरोप गठन किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले में उनके खिलाफ दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रायल चल रही है। इस मामले में दुमका की निचली अदालत ने इरफान अंसारी के खिलाफ मामले में संज्ञान लिया था। साथ ही उनके खिलाफ नवंबर 2022 में आरोप गठित किया था। इसे याचिकाकर्ता इरफान अंसारी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। मामले को लेकर इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा थाना में कांड संख्या 175/2018 दर्ज किया गया था। आरोप है कि वर्ष 2018 में एक चार साल की बच्ची के साथ छेड़खानी की घटना हुई थी। बच्ची का समुचित इलाज सुनिश्चित कराने को लेकर विधायक इरफान अंसारी बच्ची से मिलने अस्पताल पहुंचे थे। इसी दौरान पीड़ित बच्ची का एक फोटो खींचा गया था, यह फोटो वायरल हुआ था। इस फोटो से बच्ची की पहचान उजागर हो रही थी। इसके बाद कोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया था। आरोप है कि इरफान अंसारी के मोबाइल से बच्ची का फोटो वायरल हुआ था।

### राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत पर सुनवाई पूरी, आदेश 27 मई को




**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला के जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 27 मई निर्धारित की है।

**अदालत मामले में 27 को आदेश सुनायेगी–** ईडी ने इस मामले में राजकुमार पाहन को भी आरोपित बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। ईडी के चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने समन जारी किया है। इसके बाद उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए राजकुमार पाहन ने एक मई को ईडी की विशेष कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। यह मामला बड़गाई अंचल के अधीन 8.86 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा से जुड़ा है। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था । मामले में 30 मार्च को ईडी ने हेमंत सोरेन सहित पांच आरोपितों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बड़गाई अंचल के निलंबित उप राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन, आर्किटेक्ट बिनोद सिंह और हिलेरियस कच्छप के नाम शामिल हैं।

# रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के मद्देनजर चार जून तक धारा 144 लागू




**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के मद्देनजर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने राजधानी रांची में 16 मार्च को धारा-144 के तहत दो माह के लिए निषेधाज्ञा लागू की थी। इसकी अवधि पूर्ण होने पर शुक्रवार को एसडीओ ने चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सम्पूर्ण क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू की है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से चार जून की रात 11:00 बजे तक लागू रहेगा। जिला प्रशासन के मुताबिक इस दौरान किसी भी व्यक्ति, राजनैतिक दल, संगठन और उम्मीदवार के जरिये राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना या किसी भी प्रकार का प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी के पुर्वानुमति के आयोजित नहीं किया जाएगा। जुलूस में किसी भी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का धारदार हथियार (अस्त्र एवं शस्त्र) जो मानव शरीर के लिए घातक हो, को लेकर चलना वर्जित रहेगा। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक वर्जित रहेगा। इसके अलावा किसी सार्वजनिक, सरकारी सम्पत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर,पैम्पलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झंडा लगाना, सार्वजनिक सड़कों पर बैनर लगाना, होर्डिंग लगाना एवं तोरण द्वार लगाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी व्यक्तिगत सम्पत्ति पर बिना सम्पत्ति मालिक की लिखित अनुमति के नारा लिखना, पोस्टर-पम्फलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झंडा लगाना तथा होर्डिंग लगाने पर रोक रहेगा। यह आदेश पूर्वानुमति प्राप्त सभा, जुलूस, शादी, बारात पार्टी, शव यात्रा, हाट बाजार, मरीज के साथ अस्पताल जा रहे तीमारदारों, विद्यालय एवं महाविद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं कर्त्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारियों और पुलिस बल पर लागू नहीं रहेगा।

## हत्या मामले में जेल में बंद शशि महतो साक्ष्य के अभाव में बरी




**रांची।** अपर न्यायायुक्त अरविन्द कुमार की अदालत ने शुक्रवार को नीलू लकड़ा हत्याकांड के आरोपित शशि महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। पुलिस ने मृतक के भाई छोटू लड़का के आरोप को साबित करने के लिए नौ गवाह कोर्ट के समक्ष पेश किये थे। लेकिन सभी गवाह और पुलिस द्वारा पेश किये गये साक्ष्य यह साबित करने के नाकाम रहे कि नीलू लकड़ा की हत्या शशि ने करवाई थी। केस दर्ज होने के बाद से शशि महतो जेल में बंद है।आरोपित शशि महतो की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बहस की। नीलू लकड़ा की हत्या वर्ष 2021 में रांची के नामकुम इलाके में गोली मारकर की गयी थी।

## झारखंड हाई कोर्ट ने समय मांगने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर लगाया एक हजार रुपये का जुर्माना




**रांची।** मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी को समन जारी करने के आदेश को निरस्त करने के लिए झारखंड हाई कोर्ट में दायर याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राहुल गांधी की ओर से समय मांगे जाने पर उन पर एक हजार रुपये जुर्माना लगाया है। इससे पहले सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता राहुल गांधी की ओर से दो सप्ताह के समय की मांग की गई थी। यह मामला वर्ष 2018 का है। राहुल गांधी ने वर्ष 2018 में कांग्रेस के एक अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में कोई भी हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं है। इस बयान के खिलाफ भाजपा नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया था। मामले को एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था। अप्रैल 2022 में चाईबासा एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था, जिस पर उन्होंने कोई संज्ञान नहीं लिया। इसके बाद 27 फरवरी, 2024 को कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। राहुल गांधी के वकील ने कोर्ट में आवेदन देकर सशरीर उपस्थित होने से छूट मांगी थी लेकिन अदालत ने उनके आवेदन को खारिज करते हुए सशरीर उपस्थित होने का आदेश जारी किया था। इसके खिलाफ राहुल गांधी ने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। राहुल गांधी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता दीपांकर राय ने बहस की।

## झारखंड हाई कोर्ट ने रतन हाइट्स मामले में वीकेएस रियलिटी की अपील को किया खारिज




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मोरहाबादी स्थित रतन हाइट्स के मामले में एकल पीठ के आदेश के खिलाफ बिल्डर वीकेएस रियलिटी और लैंड ओनर की अपील पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बिल्डर वीकेएस रियलिटी की अपील को खारिज कर दिया। मामले में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। प्रतिवादी रतन हाइट्स रेसीडेंशियल सोसायटी की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने और फ्लैट ओनर की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने पैरवी की थी। रतन हाइट्स की ओर से पूर्व में बताया गया था कि मामले में एकल पीठ ने उनके पक्ष में फैसला दिया है लेकिन बिल्डर एवं लैंड ओनर ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया। कोर्ट को यह भी बताया गया कि एकल पीठ के आदेश के बावजूद भी बिल्डर ने रतन हाइट के बहुमंजिला इमारत के बगल में स्थित गड्ढे को नहीं भरा, जिससे इस बहुमंजिला इमारत का अस्तित्व खतरे में है। यहां रहने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। रतन हाईट्स बिल्डिंग रेसिडेंशियल सोसाइटी की याचिका पर हाई कोर्ट की एकल पीठ ने जुलाई 2023 में फैसला सुनाते हुए नगर आयुक्त द्वारा संशोधित नक्शा पास किए जाने के आदेश एवं संशोधित नक्शे को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि 46 कट्ठा पर जो कॉमन एरिया था वह कॉमन एरिया ही रहेगा। कोर्ट ने लैंड ओनर और बिल्डर वीकेएस रियलिटी को गड्ढा भरने और यदि उसमें कोई कंस्ट्रक्शन किया है तो उसे हटाने, रिटेनिंग वॉल हटाने और उस जमीन को एक माह में सोसाइटी को हैंडओवर करने का दिया निर्देश दिया था।

## राज्य में 20 मई को होने वाले मतदान में बूथों पर दिखेगी झारखंडी संस्कृति की झलक




**रांची।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में झारखंड की तीन सीटों पर 20 मई को मतदान होंगे। इस चरण में चतरा, हजारीबाग और कोडरमा लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए चुनाव आयोग ने व्यापक तैयारी की है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के साथ आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई इंतेजाम किए हैं। बूथों को सजाने का काम अंतिम चरण में है। महिला, निशक्त और युवाओं के लिए अलग-अलग बूथ बनाए गए हैं। मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए बूथों को भव्य रूप दिया जा रहा है, जिसमें झारखंड की सभ्यता-संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। वैसे तो इस बार सभी मतदान केंद्र आदर्श मतदान केंद्र घोषित किए गए हैं। कुछ ऐसे भी मतदान केंद्र होंगे, जहां मतदान की पूरी जिम्मेदारी महिला, निशक्त और युवा मतदान कर्मी उठाएंगे।

इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि पांचवें चरण में 4589 लोकेशन में 6705 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन मतदान केंद्रों में 73 महिला, 13 निशक्त, 13 युवा और 36 यूनिक मतदान केंद्र होंगे। यूनिक बूथों पर झारखंडी संस्कृति की झलक दिखेगी। वन, पर्यावरण और झरनों को दर्शाता मतदान केंद्र बनेगा। इसके लिए तैयारी चल रही है। महिला संचालित सर्वाधिक बूथ हजारीबाग में हैं, जहां 34 ऐसे बूथ बनाए गए हैं। इसके अलावा इस चरण में प्रत्येक बूथ पर औसतन 870 मतदाता वोट डालेंगे।

| संसदीय क्षेत्र | महिला बूथ | निशक्त बूथ | युवा बूथ | यूनिक बूथ |
|---|---|---|---|---|
| चतरा | 16 | 04 | 03 | 05 |
| कोडरमा | 23 | 01 | 04 | 20 |
| हजारीबाग | 34 | 08 | 06 | 11 |

पांचवें चरण के मतदान के लिए 18 मई को शाम पांच बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा। 20 मई की सुबह सात बजे से होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टी को 18 मई और 19 को रवाना किया जाएगा। इस बार के चुनाव में आयोग के द्वारा वैसे मतदान केंद्र जहां 1200 से अधिक वोटर हैं वहां एक अतिरिक्त निर्वाचन कर्मी को तैनात किया जाएगा, ताकि धीमा वोटिंग होने की शिकायत को दूर किया जा सके।

## झारखंड हाई कोर्ट में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत पर फैसला सुरक्षित



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू की चेशायर होम रोड जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की दायर जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गड़बड़ी मामले मे ईडी ने ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया है। मामले में छवि रंजन, प्रेम प्रकाश और अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ ईडी ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल, 2023 को छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। इसके बाद 14 अप्रैल, 2023 को ईडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप है। रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर चार मई, 2023 को गिरफ्तार किया गया था।

## ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम को जेल से लिया रिमांड पर, पूछताछ शुरू



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी )की टीम ने शुक्रवार को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) से रिमांड पर ले लिया है। ईडी की टीम मंत्री आलमगीर को लेकर एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची है। ईडी के अधिकारी उनसे टेंडर कमीशन सहित अन्य मामले में पूछताछ करेंगे। आलमगीर आलम शुक्रवार से अगले छह दिनों तक ईडी के रिमांड पर रहेंगे। इसके बाद रिमांड खत्म होने पर ईडी उन्हें कोर्ट में पेश करेगी। इससे पूर्व टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को ईडी ने गुरुवार को रांची स्थित कोर्ट की विशेष अदालत में प्रस्तुत किया था। ईडी ने आलमगीर आलम को दस दिनों तक ईडी की रिमांड पर लेने का आग्रह कोर्ट से किया। कोर्ट ने रिमांड आवेदन पर सुनवाई के बाद ईडी को मंत्री आलमगीर आलम से छह दिनों तक पूछताछ की अनुमति दी थी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे।

## मतदाता जागरुकता के लिए साइकिल रैली काआयोजन





**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को वोटिंग होनी है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप रांची की ओर से लगातार विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में रांची संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश, व्यय प्रेक्षक विरेंद्र कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी स्वीप दिनेश कुमार यादव, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं रांची संसदीय क्षेत्र के विभिन्न आयु वर्ग के मतदाताओं ने हिस्सा लिया। साइकिल रैली मोरहाबादी मैदान से शुरू होकर कचहरी चौक, अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए सुजाता चौक और फिर वापस मोरहाबादी मैदान पहुंची। सभी पदाधिकारियों ने रांची के मतदाताओं से 25 मई को ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट करने की अपील की।

संक्षिप्त समाचार

# मानकी मुंडा समाज ने समीर मोहंती को समर्थन देने की घोषणा की



**जमशेदपुर।** आज जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के साकची स्थित कार्यालय में मानकी मुंडा समाज के प्रतिनिधियों की बैठक हुई, जिसमें सभी ने एकमत होकर, लोकसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (इंडिया गठबंधन) के प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती को समर्थन देने का फैसला किया। इस बैठक के दौरान मानकी मुंडा संघ के प्रतिनिधियों ने झारखंड सरकार द्वारा आदिवासियों, मूलवासियों एवं गरीबों के विकास हेतु चलाई जा रही योजनाओं पर संतोष जताते हुए इंडिया गठबंधन को समर्थन का ऐलान किया। इस से पहले, बैठक के दौरान बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती ने झारखंड सरकार के चार सालों की गतिविधियों तथा जन-कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मानकी मुंडा समाज का समर्थन मिलने पर आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को यह विश्वास दिलाता हूं कि आदिवासी समाज से जुड़े मुद्दों को संसद में पुरजोर तरीके से उठाऊंगा। इस बैठक के दौरान झामुमो के युवा नेता महावीर मुर्मू ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा आदिवासियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आदिवासी समाज को मिल रहा है। पेंशन, राशन, आवास एवं शिक्षा से जुड़ी योजनाओं से झारखंड की सामाजिक परिस्थिति में बदलाव आयेगा। इस अवसर पर झामुमो के युवा नेता महावीर मुर्मू , राज लकड़ा, मानकी मुंडा समाज के अध्यक्ष रोशन पूर्ति, सचिव राईमुल बांद्रा, संयुक्त जिला सचिव इंद्रजीत मुंडा, रुद्र नारायण सिंह, दुर्गा प्रसाद सिंह, क्षितिश मुंडा, जानुम साई पोरखाट, सुनील कुमार सिंह, मदन मनकी, शुभंकर सिंह, गुचीराम मुंडा, देवदास मुंडा, मंगल मुंडा, मॉसओ सोय, मोती लाल मुंडा, आकाश ओमई, टीपू टूई, जगदीश सिंह सरदार, अजीत कुमार मुंडा, सुधीर मुंडा, आशीष मुंडा, सोमनाथ पाविया, खोखन मुंडा समेत मानकी मुंडा समाज के कई नेता उपस्थित थे।

# सुंदर नगर पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर छापेमारी कर तीन देशी शराब भट्ठी को किया ध्वस्त



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सुन्दरनगर थाना अंतर्गत ग्राम मर्चागोड़ा के/चिरुगोड़ा के जंगल में अवैध रूप से संचालित तीन देशी शराब की भट्ठी और शराब बनाने वाले उपकरण समेत लगभग 200 kg जावा को जप्त कर विनष्ट किया गया। जमशेपुर लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा जिला के विभिन्न थाना क्षेत्र में चला रहे हैं अवैध शराब के विरोध अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अबेध रूप से शराब संचालित माफियाओं को नकेल कसने को लेकर छापामारी की जा रही है इसी क्रम में सुंदर नगर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मर्चागोड़ा के /चिरुगोड़ा के जंगल में अवैध रूप से जंगलों में अबेध रूप से शराब बनाया जा रहा था इस गुप्त सूचना में छपमारी की कई जिसमे शराब बनाने वाले सामग्री और 200 क महुआ को जप्त करते हुए उसे नष्ट किया गया, इस छापामारी में किसी के भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है

# के. रोड मे ग्लैम स्टूडियो नामक नया सलोन का उद्घाटन




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित के. रोड मे ग्लैम स्टूडियो नामक नया सलोन का उद्घाटन शुक्रवार कों हुआ, इस क्षेत्र के लोगों के जरुरत कों देखते हुए इस नए सलोन की शुरुवार की गई, इस सलोन मे तमाम अत्याधुनिक तकनीक से लोगों का मेकअप किया जायेगा, यहाँ तमाम तरह के ब्यूटी प्रोडक्टस भी उपलब्ध है जिनका इस्तेमाल मेकअप मे किया जायेगा. वहीँ शुरुवाती एक महीने पर तीस प्रतिशत छूट भी दी जा रही है, मेकअप से जुड़े तमाम समाधान यहाँ एक छत के निचे उपलब्ध होगा.

# वोटर कार्ड नहीं होने पर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान, अन्य 12 विकल्प में कोई एक पहचान पत्र दिखाना होगा

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि, निर्वाचनों के लिए सभी निर्वाचकों जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये है, से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने मतदान स्थल पर अपना मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (वोटर कार्ड) दिखाएंगे। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा- आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों / डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक , श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड।

- **ड्राइविंग लाइसेन्स , पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज।**
- **केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र।**
- **सांसदो/विधायकों/ विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र।**
- **यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।**

# पांकी के इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम व कई बूथों का निरीक्षण किया

## सभी स्थानों पर एएमएफ की सुविधाओं को हर हाल में बहाल रखने के निर्देश

**पलामू।** चतरा लोकसभा के लिये आगामी 20 मई को मतदान होना है।इसी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को चतरा लोकसभा अंतर्गत पांकी विधानसभा के मनातू में बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने परियोजना कार्तिक उरांव उच्च विद्यालय व चक के इलाके में उत्क्रमित राजकीय +2 उच्च विद्यालय में बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने ऊपरोक्त दोनों ही आईएसआर से अटैच्ड बूथों यथा बूथ नोः1 ,2,3,7,8,9,10,11,12,13,14,15,16,17, समेत अन्य बूथों का भी जायज़ा लिया।इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय,जलेया में बने बूथों पर स्थानीय बीएलओ से एएसडी लिस्ट की जानकारी ली साथ ही वोटर इनफार्मेशन स्लीप के अवितरण सूची की जानकारी ली।इस दौरान उन्होंने शत-प्रतिशत वोटर इनफार्मेशन स्लीप को ससमय वितरण किये जाने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि गर्मी के मद्देनजर पेयजल की प्रयाप्त व्यवस्था व टेंट




अनिवार्य रूप से लगाने पर बल दिया।

**चक में बने अंतरराज्यीय चेक नाका व पुलिस पिकेट का भी लिया जायज़ा -** आईएसआर व बूथों का निरीक्षण के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने चक में बने अंतरराज्यीय चेक नाका व पुलिस पिकेट का भी जायज़ा लिया।इस दौरान पिकेट के कुछ जवानों ने उपायुक्त से पंखा लगवाने हेतु अनुरोध किया इस पर उपायुक्त ने मनातू सीओ को अविलंब पंखा लगवाने के निर्देश दिये।उन्होंने मनातू सीओ से रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिए बनाई गई इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से विभिन्न मतदान केंद्रों की दूरी एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।मनातू के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पांकी के ताल उच्च विद्यालय में बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का भी जायज़ा लिया।मनातू व पांकी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें आगामी चुनाव में मतदान करने हेतु प्रेरित किया।मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद,संबंधित बीडीओ-सीओ, सेक्टर पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

# अखिल झारखण्ड चन्द्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक में बनी सहमति



**पलामू।** अखिल झारखण्ड चन्द्रवंशी क्षत्रिय महासभा ने चतरा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी का समर्थन किया है। केन्द्रीय अध्यक्ष रंजन कुमार चन्द्रवंशी ने एक बैठक के माध्यम से कहा कि चतरा लोकसभा में के एन त्रिपाठी से शुलभ व्यक्तित्व व्यक्ति है। हर वक्त गरीब पिछड़ा वर्ग व खास कर चन्द्रवंशी समाज के हितों मे हर समय खड़े रहने वाले कृष्णा नन्द त्रिपाठी है जो चुनाव जीत कर हमारे समाज के हितों की रक्षा करने के लिए कठिबद्ध है। समाज के पांकी बिधान सभा मनिका बिधान सभा, लातेहार बिधान सभा, सिमरिया बिधान सभा, चतरा लोकसभा के सभी चन्द्रवंशी अपना मूड बना लिए हैं। नेताओं के कहा की कांग्रेस के नरसिंहराव सरकार ने हमारे लिए 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए निती बनाई थी। भाजपा ने उसे घटा कर 14 प्रतिशत कर दिया है। मौके पर संजय किशोर सिंह चन्द्रवंशी, संतोष रवानी, मुकेश चन्द्रवंशी, आनन्द कुमार वर्मा, शशि रंजन चन्द्रवंशी, आयुष कश्यप राजनाथ चन्द्रवंशी शामिल थे। यह जानकारी रंजन कुमार सिंह चन्द्रवंशी अधिवक्ता केन्द्रीय अध्यक्ष अखिल झारखण्ड चन्द्रवंशी क्षत्रिय महासभा ने दी है।

# सामान्य प्रेक्षक ने गुड़ाबांदा प्रखंड में कलस्टर, मतदान केन्द्र व अंतर्राज्यीय चेकनाका का किया निरीक्षण

## कलस्टर में पोलिंग पार्टी व पुलिस बल के आवासन के लिए उपलब्ध सुविधाओं की ली जानकारी, चेकनाकों पर वाहनों के सघन जांच के दिए निर्देश

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्री किल्लु शिव कुमार नायडू द्वारा गुड़ाबांदा प्रखंड में कलस्टर एवं चेकनाका का निरीक्षण कर पदाधिकारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया । निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक रेरुआ मुड़ाठाकुरा कलस्टर पहुंचे जहां उन्होने पोलिंग पार्टी व पुलिस बल के आवासन के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया । वहीं मतदान केन्द्र संख्या 181, 182, 183 में मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराये गए मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, बिजली, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय व चहारदीवारी आदि का निरीक्षण किया तथा



कलस्टर से मतदान केन्द्रों की दूर आदि की समीक्षा कर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगदी, ड्रग्स, उपहार की वस्तु, अवैध शराब और हथियार के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी। सामान्य प्रेक्षक ने गुड़ांबादा प्रखंड से सटे ओडिशा के बॉर्डर पर बनाये गए अंतर्राज्यीय चेकनाका तेतुलडांगा और मुचरीशोल का निरीक्षण कर मजिस्ट्रेट व पुलिस बल को कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पहिया वाहनों की जांच गंभीरता से करें। आपत्तिजनक सामग्री मिलते ही उसे जब्त कर अविलंब कार्रवाई के लिए इसकी सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारियों को दें । शांतिपूर्वक एवं निष्पक्षता से चुनाव संपन्न कराया जा सके इसके मद्देनजर चेकनाका के माध्यम से नगदी, ड्रग्स, उपहार की वस्तु, अवैध शराब और हथियार के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखे जाने का भी निर्देश दिया गया।

# सूक्ष्म प्रेक्षकों व मतदानकर्मियों को मिला तृतीय चरण का प्रशिक्षण

**पलामू।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री शशिरंजन के आदेशानुसार एवं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री रवि आनंद के संयोजन में 35 सूक्ष्म प्रेक्षकों को तृतीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण चतरा लोकसभा अंतर्गत पांकी विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराने हेतु दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी नोडल सह एलआरडीसी सदर श्री प्यारेलाल ने सूक्ष्म प्रेक्षकों से कहा कि वे मतदान दल के हिस्सा नहीं बल्कि वे मतदान प्रक्रिया के सूक्ष्म प्रेक्षण के लिए नियुक्त हैं। वे विहित प्रपत्र में जेनरल आब्जर्वर को अपना रिपोर्ट सौंपेंगे। कहा कि ध्यान रहे कि भारत निर्वाचन आयोग का गाइडलाइन ही सर्वोपरि है। वहीं जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने मौकपोल, सीआरसी करना, स्वीच ऑफ करके रिजल्ट सेक्शन को सील करना,17'सी' का संधारण व पोलिंग एजेंट को प्रदान करना,एएसडी वोटर्स, दिव्यांग मतदाताओं का मतदान,मतदान के अंत में आवश्यकतानुसार पर्चियां देकर वोट कराना, मतदान के अंत में सीयू को स्वीच ऑफ करने के पूर्व क्लोज बटन दबाना सहित अन्य प्रेक्षण के सभी विन्दुओं पर सिलसिलेवार जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार उपाध्याय ने रिपोर्ट करने के सभी 18 विन्दुओं पर भलीभांति प्रशिक्षण दिया। यह भी बताया गया कि अगर एक भवन में एक से अधिक मतदान केन्द्र हैं तो वहां एक ही माइक्रो आब्जर्वर के द्वारा प्रेक्षण किया जायेगा। समाहरणालय के ब्लॉक 'ए' में 70 महिला मतदानकर्मियों को जिला प्रशिक्षक अमरेन्द्र पाठक एवं मास्टर ट्रेनर सुमंत तिवारी के द्वारा तृतीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। हेरिटेज स्कूल में 353 पोलिंग पार्टी को मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशिक्षक रामानुज प्रसाद एवं अशोक सिंह, प्रधान सहायक रामलखन राम, सौरव कुमार सिन्हा, अजित कुमार व दिनेश प्रसाद ने अनुसमर्थन प्रदान किया।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने जारी किया आदेश, मतदान के दिन मतदाताओं को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

## निजी क्षेत्र को भी आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत चुनाव आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल ने मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित किया है। इसलिए पूर्वी सिंहभूम में 25 मई को मतदान के दिन कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश (Paid Leave) मिलेगा। सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय, निजी उपक्रम, संस्थान, व्यवसाय से जुड़े किसी भी कर्मी की नहीं कटेगी सैलरी जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के आलोक में निदेशित किया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति जो किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम, मॉल अथवा किसी अन्य स्थापना में नियोजित है एवं लोक सभा/विधान सभा में मतदान करने के हकदार है को मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जायेगा। अवकाश मंजूर किये जाने की स्थिति में किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या कमी नहीं की जायेगी। पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी संस्थान / दुकान (शिफ्ट में कार्य कराने वाले संस्थान / मॉल/दुकान सहित)



लोकसभा निर्वाचन-2024 के क्रम में दिनांक-25.05.2024 को (मतदान तिथि को) बन्द रहेंगे। दैनिक मजदूरी पर कार्यरत कर्मी एवं आकस्मिक कर्मी भी अवकाश एवं मजदूरी के हकदार होंगे। यह धारा किसी ऐसे निर्वाचक को लागू नहीं होगी जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के सम्बन्ध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या सार्वजनिक हानि हो सकती है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उप श्रमायुक्त, उप मुख्य कारखाना निरीक्षक, सहायक उप श्रमायुक्त, सहायक निदेशक, नियोजनालय, सभी श्रम अधीक्षक, को निदेश दिया गया है कि स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर उक्त आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे। साथ ही निर्देशित किया गया है कि उपर्युक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित हों। आदेश का उल्लंघन, कानून के सुसंगत धाराओं के अधीन दण्डनीय होगा।

# जमशेदपुर के लोकसभा प्रभारी आजाद शत्रु का जनसंपर्क अभियान एमजीएम मंडल साकची पूर्वी में चला



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री जमशेदपुर के लोकसभा प्रभारी आजाद शत्रु जनसंपर्क एमजीएम मंडल साकची पूर्वी में किया। जमशेदपुर आगमी लोकसभा चुनाव की तैयारी जोर शोर से हो रहा है ।भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल लगातार पांच से छह जनसंपर्क युवा चौपाल कर रहे हैं।इसी दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री जमशेदपुर लोक सभा प्रभारी आजाद शत्रु जमशेदपुर में दो सभा में शरीक हुए ।एमजीएम मंडल अध्यक्ष मनेश्वर गौड़ की अध्यक्षता में भिलाई पहाड़ी शक्ति केंद्र में ग्रामीणों के बीच में जाकर जनसंपर्क किया।जिला महामंत्री अभिमन्यु सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष शशांक शेखर जिला मीडिया प्रभारी अमित सिंह ने कार्यकर्ताओं के संग गांव में भाजपा प्रत्याशी सांसद विद्युत वरण महतो के पक्ष में वोट करने की आग्रह किया गया ।

# अभिषेक मामले में पुलिस ने बिरसानगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता ,आरोपियों को किया गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** बिरसानगर पुलिस ने मामले का उद्भेदन करते हुए आरोपी को किया गिरफ़्तार पिछले दिनों संडे मर्केट दिव्यांग पर हुए हमले मामले में एसएसपी के निर्देश पर और पुलिस उपाध्यक्ष सुधीर कुमार और बिरसानगर थाना प्रभारी नेमधारी रजक की टीम ने राहुल नायक ,श्रुति नायक और युवराज दास को गिरफ़्तार किया , पुलिस टीम ने घटना में उपयोग किया गया दो मोटरसाइकिल जप्त किया ज्ञात हो की पिछले दिनों अभिषेक सिंह को विरसा नगर जेल चर्च के पास धोखे से बुला कर अभियुक्तों ने जान से मरने की कोशिश की थी | विरसा नगर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को गिरफ़्तार कियाबिरसानगर थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध करोबारियों , अवैध शराब , भूमि माफिया के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है |

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की अपील- अबतक नहीं मिली है मतदाता सूचना पर्ची तो 1950 टोल फ्री नंबर पर करें शिकायत

## मतदाता सूची वितरण का 18 मई को अंतिन दिन, सभी बीएलओ को शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करना का दिया गया निर्देश

**जमशेदपुर।** 18 मई जिले में मतदाता सूचना पर्ची वितरण का अंतिम दिन है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार पिछले 07 मई से मतदाता सूचना पर्ची का वितरण बीएलओ द्वारा प्रत्येक मतदाता के घर-घर जाकर किया जा रहा है। वैसे मतदाता जिनको मतदाता सूचना पर्ची अभी तक प्राप्त नहीं हो पाई है उनसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपील किया है कि टोल फ्री 1950 पर शिकायत करें, आपके क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर पर जाकर मतदाता सूचना पर्ची उपलब्ध कराई जाएगी । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु घर-घर मतदाता सूचना पर्ची पहुंचाने के साथ-साथ रंगीन वोटर गाइड भी उपलब्ध कराई जा रही है । इसके साथ ही सभी बीएलओ को स्पष्ट निर्देश है कि मतदाता




सूचना पर्ची वोटर या उनके परिवार के सदस्य को ही दें । लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने में सभी मतदाता की भागीदारी जरूरी है। शहर हो या सुदूर गांव, प्रत्येक मतदाता तक मतदाता पर्ची पहुंचाई जा रही है, ताकि सभी मतदाता अपने बूथ के बारे में जागरुक हो सकें।

**मतदाता सूचना पर्ची और रंगीन वोटर गाइड में क्या जानकारियां हैं?**

मतदाता सूचना पर्ची के आगे भाग पर निर्वाचक नामावली में भाग संख्या व नाम, क्रम संख्या, पोलिंग स्टेशन का नाम तथा मतदान का दिनांक, क्यू आर कोड इत्यादि का उल्लेख है। मतदाता सूचना पर्ची के पीछे के भाग पर पोलिंग स्टेशन का नक्शा तथा बीएलओ का नाम, बीएलओ का कॉन्टेक्ट नम्बर, मतदान करने के लिए आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज का विवरण तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्देश आदि उल्लिखित है । रंगीन वोटर गाइड में चित्रों के माध्यम से मतदाता ईवीएम से कैसे अपना मतदान करें तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी जा रही सुविधा जैसे सक्षम-ईसीआई एप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, अपने अभ्यर्थी को जाने (नो योर कैन्डिडेट) ऐप तथा सी-विजिल ऐप की जानकारी दी गयी है। इसके साथ ही पंजीकरण, मतदान, दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को घर से मतदान तथा डाक मतपत्र की सुविधा के बारे में भी बताया गया है।

संक्षिप्त समाचार

## जिला परिषद सदस्य सुरज मंडल के नेतृत्व में घर घर जनसंपर्क



**जमशेदपुर**। भाजपा कोवाली मंडल के हेंसल आमदा पंचायत में जिला परिषद सदस्य सुरज मंडल के नेतृत्व में घर घर जनसंपर्क कर स्थानीय लोगों से जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो के पक्ष में बढ़ चढ़कर मतदान करने और मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए फिर एक बार मोदी सरकार बनाने में जनता जनार्दन से समर्थन की अपील की गई। साथ में पिंटू पुरान,दुलाल मंडल, अपुर्व मंडल, चित्रसेन ज्योतिषी, रासबिहारी मंडल, जगन्नाथ ज्योतिषी, गौरा कर्मकार,चित्रसेन पुरान, प्रभात मंडल आदि उपस्थित थे।

## डॉक्टर गोस्वामी ने भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के लिए वोट मांगा



**बहरागोड़ा**। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी ने आज बहरागोड़ा प्रखंड के कांठुलिया, पड़ाशिया तथा ईशानिंया गांवों में भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया तथा लोगों से उनके पक्ष में वोट मांगा। डॉ गोस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं। मोदी ने गरीबों को भूख से निजात दिलाया। मोदी सरकार देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त अनाज प्रदान कर रही है। मोदी सरकार के विकास की प्राथमिकताओं में देश के गरीब, किसान, मजदूर, युवा तथा महिलाएं हैं। जनसंपर्क अभियान में डा गोस्वामी के साथ विशेष रूप से वरीय भाजपा नेता रंजीत बाला, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीवत्स घोष, भाजपा बहरागोड़ा मंडल अध्यक्ष राजकुमार कर, भाजपा नेता स्वरुप पाणिग्रही, गोपाल साव, सत्यवान पैरा, सुनील पैरा, श्री कुमार सारंगी,आकुल साव, सोमरेस घोष, आशुतोष कुइला,मिला घोष, डोमा बाग, सुबल खमराइ,मिला शामिल थे।

## मनोहरपुर रेल परिसर स्थित सब्ज़ी मार्केट को हटाने का निर्देश,

**हटाने से पूर्व विस्थापित सब्ज़ी विक्रेताओं को ज़िप उपाध्यक्ष रंजित यादव ने रेल प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था का कि मांग**





**रामगोपाल जेना। चक्रधरपुर**। मनोहरपुर रेलवे सेशन को मॉडल स्टेशन बनाने की क़वायद शुरू हो गई.इस बावत निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है.जहां वर्तमान रेल परिसर स्थित सब्ज़ी मार्केट है.वहां पर रेल प्रशासन द्वारा नए भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है.इसलिए निर्माण कार्य को देखते हुए रेल प्रशासन को ख़ाली ज़मीन की आवश्यकता है.इसलिए उक्त सब्ज़ी मार्केट को वहां से हटाने का निर्देश जारी किया गया है. जिससे वहां के स्थानीय दुकानदार,सब्ज़ी विक्रेता वर्षों से उक्त सब्ज़ी मार्केट से जुड़े हुए है.ऐसे में उन लोगों के समक्ष अपनी आजीविका के छिन जाने से गहरे सदमें में है.इसे देखते हुए शुक्रवार को ज़िला परिषद उपाध्यक्ष रंजित यादव ने मनोहरपुर रेलवे स्टेशन अधीक्षक शैलेंद्र कुमार से मुलाक़ात किया.तथा वर्तमान सब्ज़ी मार्केट को वहां से हटाने से पहले उन सभी दुकानदारों,सब्ज़ी विक्रेताओं व आम लोगों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए. उक्त सब्ज़ी मार्केट को रेलवे के अन्यत्र ख़ाली स्थानों पर लगाने का उन्होंने कही.विदित हो कि रेल परिसर स्थित सब्ज़ी मार्केट में मनोहरपुर,आनंदपुर प्रखंड के अलावा उड़ीसा सीमांचल क्षेत्र से काफ़ी संख्या में सब्ज़ी विक्रेता कारोबारी यहां आते है.उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में रेलवे क्रासिंग के समीप सागवान बाग़ान मैदान में सब्ज़ी बाजार लगाने का स्थानीय रेल प्रशासन के अधिकारियों को सुझाव दिया है.वहीं स्टेशन अधीक्षक व आईओडब्ल्यू कर्मियों ने ज़िप उपाध्यक्ष रंजित यादव के सुझाये गए स्थल का निरीक्षन किया.तथा इस समस्या का अतिशीघ्र समाधान करने का भरोसा दिलाया.

## पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जगन्नाथपुर विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा



रामगोपाल जेना। कोल्हान/जगन्नाथपुर। झारखण्ड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा कक्षा नवम बोर्ड परीक्षा परिणाम का इंटरनेट पर जारी किया जिसमे पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जगन्नाथपुर विद्यालय का परीक्षा का परिणाम अति उत्तम रहा है, कुल 58 छात्र -छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें सभी भैया बहन उत्तीर्ण हुआ है 1 विद्यालय के प्रधानाचार्य काशीनाथ तिवारी ने बताया कि अपने विद्यालय की ऐसे 18 होनहार विद्यार्थी जिन्होंने सभी विषयों मे ग्रेट A + मार्क लाकर उत्तीर्ण हुआ है 1 उन्होंने उत्तीर्ण सभी भैया बहनों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिया 1

# कोल्हान आयुक्त सह कुलपति से मिले घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य



**कोल्हान**। कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त सह कोल्हान विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति हरि कुमार केशरी से घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के चौधरी उनके चाईबासा स्थित कार्यालय में मिले। प्राचार्य ने सर्वप्रथम आयुक्त सह कुलपति को अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं अपनी पुस्तक भेंटकर उनका सम्मान किया। घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ चौधरी ने अपने इस भेंट के दौरान आयुक्त सह कुलपति श्री केशरी को कॉलेज की कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। प्राचार्य ने आयुक्त को बताया कि कई परीक्षाओं की राशि नहीं मिली है जिसके चलते परेशानी हो रही है। साथ हीं उन्होंने कॉलेज को फुलडुंगरी में लीज में प्राप्त 9.35 एकड़ भूमि के लीज नवीनीकरण में हो रहे विलम्ब के कारण उत्पन्न समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया। प्राचार्य ने बताया कि घाटशिला कॉलेज को 30 वर्षों के लिए तत्कालीन बिहार सरकार से लीज में प्राप्त इस भूमि का लीज अवधि समाप्त हो गया है। लीज नवीनीकरण हेतु पूर्व आयुक्त द्वारा उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम एवं अनुमंडल पदाधिकारी, घाटशिला को पत्र भेजा गया था। अनुमंडल पदाधिकारी ने भी इसकी जांच के लिए अंचल अधिकारी, घाटशिला को पत्र दिया है, लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला है। जिसके चलते उक्त भूमि पर कोई नव निर्माण कार्य नहीं हो रहा है। घाटशिला कॉलेज में दिनानुदिन छात्रों की संख्या बढ़ रही है। शैक्षणिक विकास को लेकर कई योजनाओं का क्रियान्वयन होना है। वह तभी संभव है जब लीज में प्राप्त भूमि का लीज नवीनीकरण हो जाए। प्राचार्य डा चौधरी से प्रभावित होकर आयुक्त, कोल्हान प्रमंडल सह कुलपति हरि कुमार केशरी ने कहा कि दोनों मांग सही है। साथ ही उन्होंने प्राचार्य को जमीन संबंधी प्रस्ताव पुनः जमा करने को कहा तथा परीक्षा संबंधी लंबित राशि शीघ्र भुगतान हो जाने की बात कहीं। इस मौके पर कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजेन्द्र भारती, वित्त पदाधिकारी डा बी के सिंह, एनएसएस कोर्डिनेटर डा दारा गुप्ता, खेल पदाधिकारी डा एम एन सिंह भी उपस्थित थे।

## केंदु गाछ के समीप से पुलिस ने बोरा में बंद युवक का शव किया बरामद, हत्या की आशंका



**गम्हरियाः** आदित्यपुर थाना क्षेत्र के टाटा-कांड्रा मार्ग पर केंदु गाछ स्थित पवन कांटा के समीप से शुक्रवार की सुबह पुलिस ने बोरा में बंद लगभग 37 वर्षीय एक युवक का शव बरामद किया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी प्राप्त कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचाई नहीं हो पाई है। मृतक का रंग गोरा है, लेकिन उसका चेहरा पूरी तरह से काला पड़ गया था। उसके शरीर पर सिर्फ गमछा लिपटा है। शरीर पर भी कई जगह कटे का निशान भी पाया गया है। पुलिस ने आशंका व्यक्त किया है कि बेरहमी से पिटाई करने के बाद उसकी हत्या की गई है। चेहरा देखकर लग रहा है कि युवक को उल्टा टांगकर रखा गया था। इस कारण ही चेहरा काला पड़ा था। फिलहाल पुलिस युवक की पहचान करने में जुट गई है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी,श्री रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में पंजीकृत राजनितिक दल के सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न

**रांची। लोकसभा आम निर्वाचन -2024 के निमित 08-**रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतू की जा रही तैयारीयों सम्बन्ध में दि गई जानकारी। बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची वितरण का ले जायजा, मतदाता के घर पहचान में बी.एल.ओ. का सहयोग प्रदान करें ताकि निश्चित समयावधी में शत-प्रतिशत पर्ची वितरण सुनिश्चित की जा सकें- जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त

**सरायकेला-खरसावांः** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 की तैयारी की निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त श्री रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में आज पंजीकृत राजनीतिक दल के सदस्यों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रुप से अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल श्रीमती शुभ्रा रानी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री गौतम प्रसाद साहू एवं अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित रहें। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा 08-रांची लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 50-ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र हेतु की जा रही तैयारी के संबंध में बिंदुवार जानकारी साझा की गई। इस क्रम में उपायुक्त नें 08-रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 50-ईचागढ़ क्षेत्र में बनाए जा रहें इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, पोलिंग पार्टी के आवागमन हेतू रुट चार्ट, मतदाता पर्ची वितरण, पोस्टल बैलेट के माध्यम से योग्य वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओ का होम वोटिंग आदि के अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी दि गई। इस दौरान उपायुक्त नें उपस्थित राजनीतिक दल के सदस्यों को विगत दिनांक 15 मई 2024 से प्रारम्भ हुए होम वोटिंग का जायजा लेने, BLOs द्वारा बूथ संख्यावार वितरण किए जा रहें मतदाता पर्ची का जायजा लेने तथा मतदाता के घर पहचान में सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस दौरान उपायुक्त नें सभी सदस्यों से वार्ता करते हुए कहाँ की सबके सहयोग से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के चौथे चरण में जिले के 51-सरायकेला तथा 57-खरसावां विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव सम्पन्न हुआ है। उन्हीने कहाँ कि चुनाव प्रक्रिया के (प्रचार-प्रसार आदि) में आदर्श आचार-सहिंता तथा मोटर वाइकल एक्ट के उलंघन पर विशेष ध्यान रखते हुए निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन के अनुरूप चुनाव सम्बन्धित कार्य करे।

## कृषि में उर्जा संरक्षण एवं उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**संवाद सहयोगी गम्हरिया।** कृषि विज्ञान केन्द्र गम्हरिया में 'कृषि क्षेत्र में उर्जा संरक्षण एवं इसके उपयोग' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। झारखण्ड नवीकरणीय उर्जा विकास एजेंसी (जेडा) द्वारा प्रायोजित इस कार्यशाला का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जेडा के प्रतिनिधि प्रभाकर झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने उर्जा एवं जल संरक्षण पर किसानों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि जल के बगैर कृषि की कल्पना संभव नहीं है। कृषि के क्षेत्र में सिंचाई एवं अन्य गतिविधियों के लिए पानी की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने इस आवश्यकता को पूरा करने हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव दिया। इस दौरान सौर उर्जा द्वारा संचालित एक उर्जा कुशल समाधान के तहत पीएम कुसुम योजना के कंपोनेंट,



उर्जा संरक्षण के विभिन्न तकनीक आदि की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस मौके पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केवीके प्रधान डॉ0 सुनीता कान्डेयांग ने कृषि में प्राकृतिक संसाधन संरक्षण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कृषि के क्षेत्र में विज्ञान केंद्र की उपलब्धियों से अवगत कराया। जिला कृषि पदाधिकारी संजय कुमार ने कृषि में उपयोग होने वाले मशीनो से उर्जा संरक्षण पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर आत्मा के उप निदेशक विजय सिंह ने भी कृषि के क्षेत्र में सौर उर्जा का उपयोग एवं संचय के बारे बताया। कार्यशाला में मुख्य रूप से कृषि सलाहकार समिति के अध्यक्ष सोखेंन हेंब्रम, बीटीएम अंतिमा कुमारी, कृषक मित्र के अलावा 50 से अधिक किसान उपस्थित थे।

## पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर-उंधन मार्ग निर्मल चौक के समीप सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल,एक गंभीर ,राउरकेला रेफर

**रामगोपाल जेना। चक्रधरपुर**। शुक्रवार दोपहर मनोहरपुर थाना क्षेत्र अंर्तगत मनोहरपुर उंधन निर्मल चौक के समीप सड़क दुर्घटना में बाईक से गिरकर तीन युवक घायल हो गया.तीनों घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोहरपुर में भर्ती कराया गया. वहां स्थानीय चिकित्सकों के देख रेख में घायल तीनों युवकों का उपचार चल रहा है.घायल युवकों का नाम इस प्रकार है. शिवम गोप 18,अनिमेष गोप 17, ग्राम रायकेरा एवं कृष्णा ग्वाला 16 वर्ष ग्राम लक्ष्मीपुर,तीनों रायकेरा पंचायत मनोहरपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है.वहीं इस सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल शिवम गोप को स्थानीय चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद वेहतर इलाज के लिए राउरकेला रेफर कर दिया गया.उक्त सड़क दुर्घटना के बावत मिली जानकारी के मुताबिक़ तीनों युवक बाईक से मनोहरपुर से अपने गांव रायकेरा लौट रहा था.तभी उंधन स्थित शहीद निर्मल चौक के समीप पीछे से आ रहे एक बाईक चालक ने आगे जा रहे बाईक को टक्कर मार कर भाग गया.जिससे आगे जा रहे बाईक में सवार तीनों युवक इस सड़क दुर्घटना में घायल हो गया.जहां घायल तीनों युवकों में से एक गंभीर रूप से घायल शिवम गोप को मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद राउरकेला ले जाया गया है.तथा दोनों घायल युवक अनिमेष गोप और कृष्णा ग्वाला का मनोहरपुर सीएचसी में इलाज चल रहा है.



## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने चुनावी कार्यालय में किया बैठक



**घाटशिला** : केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल जाने के दौरान भाजपा के घाटशिला विधानसभा स्तरीय चुनावी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मौजूदा स्थिति का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि चार चरण का मतदान संपन्न हो चुका है. पांचवें चरण में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है. जनता से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान करें एवं देश के सशक्त निर्माण में अपना योगदान करें. उन्होंने कहा कि देवतुल जनता ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया जिसका परिणाम है कि 10 वर्षों में नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो या आंतरिक स्तर पर हर क्षेत्र में मजबूत हुआ है. लोगों से अपील है कि ऐसे सशक्त व्यक्ति के हाथ में देश की बागडोर सौंपने के लिए भाजपा को वोट देना होगा. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 100 दिन का एजेंडा तैयार कर दिया है. सभी मंत्रालय को भी निर्देश जारी किया गया है. चुनाव के बाद देश के विकास में रुकावट ना हो इसके लिए 100 दिन का एजेंडा तैयार है. उनका लक्ष्य 125 दिन का है. मौके पर बड़कुवर घाघराई, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू सांसद प्रतिनिधि दिनेश साव, देवयानी मुर्मू बृजेश सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के प्रतिनिधि मण्डल कल मिलेंगे जिला शिक्षा अधीक्षक से

**जमशेदपुर**। झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के एक प्रतिनिधि मण्डल कल मिलेंगे जिला शिक्षा अधीक्षक पूर्वी सिंहभूम एवं जमशेदपुर के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के साथ - विद्यालयों में हो रही भाषाई सर्वे के संबंध में रखी जायेगी अपनी मांगें - समिति के मुख्य सचिव से मिले पोटका के पूर्व जिला पार्षद करुणा मय मंडल, - संबंधित विषय में किये विस्तृत चर्चा। ज्ञात रहे राज्य सरकार के निर्देश पर वर्तमान में झारखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के एक से पांचवां वर्ग में भाषाई सर्वे कारवाई जा रही है जिसमें झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति द्वारा ये आशंका व्यक्त कि जा रही है की चूंकि ये चुनाव के समय है सभी शिक्षकों के ऊपर कार्य के दवाब है ऐसे में सर्वे अगर खानापूर्ति साबित होती है तो उनके लिए बहत नुकसान साबित हो सकती है। उक्त सर्वे को सुचारू संपन्न हेतु आज पोटका के पूर्व जिला पार्षद करुणा मय मंडल मिले समिति के सचिव राजेश रॉय से - हुई विस्तृत चर्चाएं। अंततः तय हुआ की आगामी कल जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जमशेदपुर के शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से मिलकर सर्वे को सुचारू संपन्न हेतु अपनी कुछ



मांगें रखी जायेगी। नेताद्वय ने कहा हमारी लड़ाई की ही नतीजा है की ये सर्वे हो रही है। इसमें प्रत्येक विद्यालयों से हमारी बांग्ला भाषी (जिनके घर में बांग्ला भाषा में बातें होती है) छात्र छात्राओं की संख्या को सही रूप से अंकित हो इसपर हमारी पैनी नजर रहनी चाहिए क्यों की इसी सर्वे के आधार पर झारखंड में हमारी बांग्ला भाषा की भविष्य निर्भर होगी। समिति के जुड़न मुखर्जी एवं दीपक कुमार भकत भी उपस्थित थे।

## गकांड्रा-चौका मार्ग पर बीते गुरुवार की रात सड़क लुटेरों ने करीब दर्जन भर ट्रकों को रोककर लूटपाट और तोड़फोड़ की घटना को दिया अंजाम

**गम्हरियाः** कांड्रा-चौका मार्ग पर लखना सिंह घाटी के पास बीते गुरुवार की रात सड़क लुटेरों ने करीब दर्जन भर ट्रकों को रोककर लूटपाट और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया। बताया गया है कि 10 से 15 लूटेरों द्वारा उंक्त वारदात को अंजाम दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उंक्त मार्ग पर करीब दो घंटे तक नकाबपोश अपराधियों ने बाहरी गाड़ियों को रुकवाकर उसमें तोड़फोड़ की और चालकों के साथ मारपीट कर पैसे छीन लिए। अपराधियों द्वारा इस दौरान धारदार हथियार से कई चालकों पर हमला भी किया गया जिससे वे जख्मी हो गए। इसके बाद अपराधियों ने चालकों से नकद, मोबाइल आदि की छिनतई की गई। करीब दो घंटे तक अपराधी सड़क पर लूटपाट करते रहे किंतु पुलिस नहीं पहुंच पाई। इस दौरान कई चालकों पर गौरतलब है कि लखना सिंह घाटी कांड्रा और चौका थाना सीमा से सटा है। पुलिस यह तय नहीं कर सकी कि किसके अधिकार क्षेत्र में अपराधी तांडव मचा रहे हैं। लूटपाट कर अपराधी के चले जाने के बाद पीड़ित ट्रक चालको



ने अपनी ट्रकों को बीच सड़क पर खड़ा कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। रात्रि करीब दो बजे के बाद चौका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित ट्रक चालकों को समझा-बुझाकर सड़क जाम हटाया। बाद में कांड्रा पुलिस भी मौके पर पहुंची और ट्रक चालको से बात कर वारदात की जानकारी लेकर जांच में जुट गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### दूसरे दिन भी मुंबई भेजी गयी शाही लीची की खेप

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुंबई के कुर्ला बाजार में शुक्रवार से मुजफ्फरपुर की शाही लीची उपलब्ध हो जाएगी। गुरुवार को भी 60 पेटी शाही लीची मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनल 11062 पवन एक्सप्रेस से भेजी गई है। इसके अलावा दिल्ली के लिए भी बिहार संपर्क क्रांति से करीब 50 पेटी लीची भेजी गयी है। मुंबई लीची भेजने के लिए रेलवे 20 को पार्सल वैन उपलब्ध कराएगा। मालूम हो कि गत वर्ष नौ मई से लीची की खेप भेजी गयी थी, जो 16 जून तक चला था। इस बार एक सप्ताह विलंब से खेप भेजी गयी है।

### 10 दिनों तक बदले मार्ग से चलेगी राजधानी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के रंगिया मंडल के बरपेटा रोड-पाठशाला रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य को लेकर एनआई कार्य होना है। इस वजह से मुजफ्फरपुर के रास्ते चलने वाली 20503/04 राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन बदले रूट से किया जाएगा। नई दिल्ली से खुलने वाली 20504 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 18, 20, 21, 22, 24, 25, 27, 28, 29 एवं 31 मई को न्यू बंगाईगांव जं.-गोवालपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलायी जाएगी। वहीं डिब्रूगढ से 1 जून को खुलने वाली 20503 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को कामाख्या-गोवालपारा टाउन-न्यू बंगाईगांव जंक्शन के रास्ते चलायी जाएगी। इसके अतिरिक्त गुवाहाटी से 22 एवं 29 मई को खुलने वाली 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस भी इसी रूट से चलेगी। इसकी जानकारी पूमरे के सीपीआरओ सरस्वती चंद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।-

### पूर्णिया में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की :रेल पटरी पार करने के दौरान हुआ हादसा, शव की पहचान में जुटी पुलिस



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा रेल पटरी क्रॉस करने के दौरान हुआ। घटना जानकीनगर के मधुबन शर्मा टोली ढाला के समीप की है। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर जुटे। पुलिस को कॉल कर घटना की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया है। घटना की जानकारी देते हुए स्थानीय लोगों ने कहा कि पूर्णिया -सहरसा रेलखंड के जानकीनगर रेलवे स्टेशन से पश्चिम मधुबन शर्मा टोली ढाला के समीप 30 वर्षीय युवक रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहा था। तभी बनमनखी से पूर्णिया की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर जुटे और घटना की सूचना के नगर थाना की पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची आरपीएफ ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और पोस्टमॉर्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया है। मृतक का चेहरा क्षत-विक्षत हो जाने से शव की पहचान नहीं हो सकी है।

### पुलिस ने जब्त की शराब

**आरा, एजेंसी।** शाहपुर, करनामेपुर और बहोरनपुर थानों की पुलिस ने अलग-अलग जगहों से शराब धंधेबाजों को शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शाहपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर कुमार रजनीकांत ने 5.5 लीटर देसी शराब के साथ शाहपुर के सूरज ततवा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। करनामेपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने 12 कार्टन अंग्रेजी शराब के साथ एक को गिरफ्तार का जेल भेज दिया। पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। वहीं बहोरनपुर थानाध्यक्ष अभय शंकर सिंह ने शिवपुर चेकपोस्ट के पास से मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों गौरा के सुरेंद्र साह, गोविंदपुर के सोनू प्रसाद और पहरपुर के सुनील चौधरी को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## पेड़ से टकराई कार; दोनों के मुंडन संस्कार के लिए देवघर जा रहा था परिवार

# जमुई में जुड़वा भाई-बहन समेत 3 की मौत, 6 घायल





**जमुई, एजेंसी।** जमुई में शुक्रवार सुबह करीब चार बजे एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चालक को नींद आने से हादसा हुआ। कार में कुल 9 लोग सवार थे, जिसमें से 6 घायल हुए हैं। मृतकों में जुड़वा भाई-बहन और एक महिला है। दोनों बच्चों के मुंडन संस्कार में परिवार देवघर जा रहा था। घायलों को देवघर रेफर किया गया है। सभी लोग आरा के नवादा गांव से देवघर जा रहे थे। इसी बीच चकाई देवघर मुख्य मार्ग के बसबुटिया गांव स्थित राधाकृष्ण ढाबा के समीप घटना हो गई। मृत बच्चों की पहचान नागेंद्र कुमार के बेटे अभिनंदन (5) और बेटी नंदनी कुमारी (5) के रूप में हुई है। वहीं, महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

नागेंद्र राम अपने दोनों जुड़वा बच्चों अभिनंदन और नंदनी कुमारी का मुंडन कराने के लिए देवघर बाबाधाम जा रहे थे। रास्ते में चालक को नींद आ गई। जिसके कारण कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घायलों में मीना कुमारी पति बजरंजी यादव, आनंद कुमार पिता छट्टू यादव, बाबूनी देवी (60), चालक रोहित कुमार और पिता नागेंद्र कुमार के रूप में हुई है।

### परिजनों को हादसे की सूचना दी गई है

चंद्रमंडी थाना अध्यक्ष सुबोध यादव ने बताया कि घटना 4:00 बजे सुबह की है। घायलों को देवघर भेजा गया है। एक घायल को जमुई सदर अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## तरारी में प्रभार को ले दो शिक्षक आपस में भिड़े

**आरा/तरारी, एजेंसी।** प्रखंड के खरौना उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रभार को ले गुरुवार को दो शिक्षक आपस में भिड़ गये। दोनों शिक्षकों के बीच झड़प से भी विद्यालय परिसर कुछ देर के लिए रणक्षेत्र बन गया। हल्ला-हंगामा सुन कर आसपास के दर्जनों ग्रामीण जुट गये। ग्रामीणों की ओर से झगड़े की सूचना बीईओ और तरारी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर बीईओ ओमप्रकाश और थानाध्यक्ष पीके भास्कर पहुंचे। प्रभारी प्रधानाध्यापक हरेंद्र राय ने बताया कि सीनियर शिक्षक आलोक कुमार सिंह बगैर सूचना दिये दो अप्रैल से ही स्कूल से गायब रहते हैं। बार - बार विभागीय शिकायत करने पर बीईओ ने आलोक कुमार सिंह की तीन दिन की हाजरी काटी थी। दो माह बाद गुरुवार को आलोक कुमार सिंह शिक्षक स्कूल में पहुंचते ही अपने खिलाफ कार्रवाई देख आक्रोशित हो गये। झड़प करते हुए तत्काल प्रभार सौंपने के लिए दबाव बनाने लगे। वहीं शिक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि खरौना गांव के ही हरेंद्र राय प्रभारी शिक्षक होने के वजह से अपने मेल वाले कुछ ग्रामीण व प्रतिनिधियों की शह पर मेरी वरीयता के बाद भी प्रभार देने में टालमटोल करते रहे।



# केंद्रीय विद्यालय में 20 मई से 11 वीं में एडमिशन

**नालंदा, एजेंसी।** आयुध निर्माणी नालंदा ,राजगीर परिसर में स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 11 वीं की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। यहां विज्ञान एवं कॉमर्स संकाय उपलब्ध है। इसी विद्यालय से उत्तीर्ण छात्र 22 मई तक तथा अन्य विद्यालय के छात्र 20 मई से 25 मई तक विद्यालय में सुबह 9:00 बजे से दोपहर के 1:00 बजे तक ऑफलाइन आवेदन कर सकते है।

**क्या बोले प्राचार्य :** आवेदन फार्म विद्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। विद्यालय के प्राचार्य विवेक किशोर ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय,विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है। पीएम श्री विद्यालय के अन्तर्गत आने के बाद इसकी महत्ता और भी बढ़ गई है। यहां सभी विषयों के योग्य,अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षक कार्यरत है। उसके साथ साथ विद्यालय में अलग अलग प्रयोगशालाएं ,अटल टिंकरिंग लैब,कंप्यूटर लैब,खेल के मैदान तथा अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध है।

बाल वाटिका-3 और प्रथम की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। तथापि अनुसूचित जन जाति के लिए एक-एक सीट रिक्त है। इच्छुक अभ्यर्थी विद्यालय में इस माह के अंत तक संपर्क कर सकते है। सोमवार को सीबीएसई द्वारा घोषित 10 वीं एवं 12 वीं के रिजल्ट में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

# अपराधियों ने आलू कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**दुकान बंद कर बेटे के साथ लौट रहे थे घर, बाइक से पीछा कर की फायरिंग**



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के जगदीशपुर क्षेत्र के बिहियाङ्कजगदीशपुर मुख्य मार्ग त्रिमूर्ति टोला के समीप गुरुवार की रात बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने चलती ऑटो पर सवार एक आलू कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक को काफी करीब से बाएं साइड पीठ और कंधा के नीचे गोली मारी गई है। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। वही अपराधियों की संख्या तीन बताई जा रही है घटना को लेकर आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है। घटना की सूचना मिलते ही जगदीशपुर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस अपराधियों की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर वार्ड नंबर 13 निवासी स्व.हीरा लाल साह के 59 वर्षीय पुत्र मुनमुन साह है। मृतक छोटे बेटे विक्की कुमार में बताया कि वह अपने बड़े बेटे सोनू के साथ दुकान पर रहते थे और रोज की तरह गुरुवार की रात बिहिया जज बाजार से दुकान बंद कर ऑटो से उसके बड़े भाई सोनू के साथ वापस घर लौट रहे थे। लौटने के क्रम में ऑटो के बाएं साइड किनारे बैठे हुए थे। जैसे ही उनकी ऑटो जगदीशपुर त्रिमूर्ति टोला के पास पहुंची।

### छानबीन में जुटी पुलिस

तभी एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद अपराधी उनके ऑटो का पीछा करते आए और उन्हें गोली मार दी। गोली लगते ही वह ऑटो से गिर पड़े।इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें दुलौर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी दूसरी ओर मृतक के छोटे बेटे विक्की कुमार ने अपने पिता की गांव एवं बिहिया दुकान पर किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## प्रशिक्षणार्थियों को भोजन के नाम पर परोसे जा रहे समोसे

**आरा, एजेंसी।** राज्य शिक्षा शोध व प्रशिक्षण परिषद की ओर से प्रखंड में आयोजित शिक्षकों के चहक प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को भोजन के नाम पर महज दो समोसे परोसे जा रहे हैं। समोसे खाकर शिक्षकों को पूरे आठ घंटे तक प्रशिक्षण में बिताना पड़ रहा है। शिक्षा विभाग से प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों को भोजन, स्टेशनरी सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी चयनित वेंडरों को दी गई है। पीरो में चल रहे प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों को भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी संभाल रहे वेंडर के अनुसार प्रशिक्षणार्थियों को केवल नाश्ता व चाय देने का ही करार हुआ है। एससीईआरटी की ओर से निर्धारित नियमों के अनुसार प्रशिक्षणार्थियों को भोजन, चाय के अलावा स्टेशनरी और जेनरेटर की सुविधा उपलब्ध करायी जानी है। वेंडर ने न तो पंखा व जेनरेटर की सुविधा उपलब्ध कराई है और न अन्य सुविधाएं दी गई हैं। प्रशिक्षण के लिए आवश्यक बैनर तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। प्रशिक्षण में भोजन की जगह महज दो समोसे दिये जाने पर शिक्षकों में रोष देखा गया।

## पुलिस हिरासत में जीजा-साली की मौत, पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने पकड़ा था, आगजनी, सड़क जाम





**अररिया , एजेंसी।** बिहार के अररिया जिले के ताराबाड़ी थाने में बीती रात पुलिस कस्टडी में नाबालिग लड़की और उसके प्रेमी जीजा मौत के बाद उग्र भीड़ ने बवाल काट दिया। पुलिस गाड़ी में तोड़फोड़ की गई। थाने के पास आगजनी और पुलिस पर पथराव किया गया। हालात पर काबू पाने के लिए भारी पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद है। पुलिस जहां इस घटना को आत्महत्या करार दे रही है। तो वहीं पुलिस हिरासत में मौत पर ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। कुछ लोग पुलिस पर पिटाई का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस खुलकर कुछ भी नहीं बता रही है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण ताराबाड़ी थाना पहुंचकर पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी की। जानकारी मुताबिक दो दिन पूर्व ताराबाड़ी थाना क्षेत्र के किस्मत खवासपुर पंचायत के वार्ड संख्या पांच के गोढ़ी टोला निवासी मंटू सिंह की नाबालिग बेटी से उसके जीजा मिंटू सिंह ने शादी कर ली थी।

पत्नी मुस्कान देवी की लिखित शिकायत पर पुलिस ने पति मंटू सिंह और नाबालिग बहन को पुलिस तरोना गांव से हिरासत में लिया था।मंटू की पहली शादी मुस्कान देवी के साथ से डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी। घटना के बाद परिजनों ने पटेगना चौक पर सड़क जाम कर दिया है। आक्रोशितों ने थाना के बाहरी हिस्से में आग लगा दी। और पत्थरबाजी की। हालांकि पुलिस मोर्चा संभाले हुए है।

## चैबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय में रविवार तक जमा कर सकेंगे होल्डिंग टैक्स

**भागलपुर, एजेंसी।** नगर निगम का होल्डिंग टैक्स और तीन दिन आनंद चिकित्सालय रोड स्थित ईस्टर्न बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भागलपुर कार्यालय में जमा कर सकते हैं। नगर निगम की ओर से होल्डिंग टैक्स वसूली के संबंध में अधिकृत एजेंसी की ओर से सोमवार से यहां शिविर आयोजित किया गया है। शिविर रविवार तक पूर्वाह्न 11 बजे से शाम चार बजे तक आयोजित हो रहा है। इसमें नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 से लेकर 51 तक के सभी लोगों के लिए होल्डिंग टैक्स जमा कर सकते हैं।

# बढ़ते प्रदूषण पर बड़ी कार्रवाई, पटना में डबल डेकर ब्रिज और जेपी गंगा पथ बनाने वाली कंपनी पर 8 लाख 74 हजार का जुर्माना



**पटना , एजेंसी।** राजधानी पटना के अशोक राजपथ में डबल डेकर ब्रिज बन रहा है. वहीं गंगा जेपी पथ (पटना मरीन ड्राइव) का भी निर्माण कार्य जारी है. पुल बनाने वाली दो कंपनियों पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने जुर्माना लगाया. मेसर्स गवार कंस्ट्रक्शन लिमिटेड और मैसेज नवीवा इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने 8 लाख 74 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है.

**किस पर लगा जुर्माना:** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में राजधानी पटना में दो कंपनियां पर प्रदूषण फैलाने के आरोप में आज जुर्माना लगाया. पटना के अशोक राजपथ पर कारगिल चौक गांधी मैदान से नित मोड तक डबल डेकर ऊपरी पुल निर्माण करने का कार्य में मेसर्स गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड को वहीं पटना मरीन गंगा ड्राइव निट घाट से कलेक्ट्रेट घाट तक के निर्माण कार्य का मेजर्स नवीवी इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड को दिया गया है.

### वायु प्रदूषण के नियंत्रण पर समुचित व्यवस्था नहीं

इन दोनों कंपनियों पर निर्माण कार्य में वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए समुचित व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण बिहार राज्य वायु प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने दोनों इकाइयों पर जुर्माना लगाया है. मेसर्स गवार कंस्ट्रक्शन लिमिटेड पर 437000 का जुर्माना लगाया है. वहीं मैसेज नवीवा इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड पर भी 437000 का जुर्माना लगाया गया है.

### पहले भी कई कंपनी पर लग चुका है जुर्माना

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रदूषण क्या वंचित अनुपालन नहीं करने के लिए पहले भी कई अपने ऊपर जुर्माना लगाया गया था. विशाल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को नवंबर 2023 में अहलूवालिया कंस्ट्रक्शन इंडिया लिमिटेड को नवंबर 2023 में मेसर्स एसपी सिंगला कंस्ट्रक्शन लिमिटेड और नागार्जुन कंस्ट्रक्शन पर दिसंबर 2023 में वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण 181 की धारा के तहत जुर्माना लगाया था.

## खंड प्रमुख के बेटे की हत्या मामला



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सारंगपुर ईंटङ्कभट्ठा चिमनी के पास सदर प्रखंड प्रमुख जय कुमारी देवी के बेटे अखिलेश कुमार की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है।पुलिस टूटे हुए मोबाइल को भी ठीक करा कर सबूत जुटाने की कोशिश में लगी है। साथ ही सीडीआर भी की जांच हो रही है। सोमवार की दिन रात मुफस्सिल थाना अंतर्गत आराङ्कबक्सर हाईवे पर सारंगपुर ईंटङ्कभट्ठा के चिमनी के समीप हथियारबंद बदमाशों ने प्रखंड प्रमुख पुत्र को गोलियों से भून दिया था। जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सैदपुर गांव निवासी रमई राम के पुत्र अखिलेश कुमार थे। पुलिस को मृतक के पास से उनका टूटा हुआ मोबाइल भी बरामद हुआ है। छानबीन में यह बात सामने आ रही है की अखिलेश शाम तीन बजे तक ब्लॉक में देखे गए थे। संध्या समय दो लड़के सैदपुर स्थित एक दुकान के पास से बुलाकर ले गए थे पुलिस इस बिंदु पर भी गहराई से मामले की जांच कर रही है। मृतक की मां प्रखंड प्रमुख ने तीन के विरुद्ध नामजद प्राथमिक कराई है। पुलिस दो संदिग्धों से लगातार पूछताछ कर मामले की जांच की जुटी हुई है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार 2 लोग घायल



**जमुई, एजेंसी।** जमुई के झाझा थाना क्षेत्र के नरगंजो के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल-112 नंबर की पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद डायल-112 नंबर की पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने इलाज के बाद एक युवक की स्थिति नाजुक होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

**तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसा :** डायल-112 की पुलिस ने इस घटना की सूचना घायल के परिजनों को दी। घायल दोनों युवकों की पहचान झाझा थाना क्षेत्र के चाय गांव के दिनेश दास और इंद्रदेव कुमार के रूप में हुई है। दोनों आपस में साढ़ू बताए जाते हैं। घटना गुरुवार देर शाम की बताई जाती है। घायल दिनेश दास ने बताया कि एक रिश्तेदार के तिलक समारोह से घर लौट रहे थे।

# पटना में बच्चे का शव स्कूल के गटर में मिला, भीड़ ने स्कूल में आग लगाई




**पटना, एजेंसी।** पटना में टिनी टोट एकेडमी स्कूल के गटर से 4 साल के एक बच्चे का शव तड़के 3 बजे बरामद हुआ। वह इसी स्कूल में पढ़ता था। शव मिलने के बाद गुस्साए लोगों ने स्कूल कैंपस में तोड़फोड़ की, बिल्डिंग में आग लगा दी। गुस्साए परिजन ने शव को सड़क पर रख दानापुर-गांधी मैदान मुख्य मार्ग को बाटागंज पेट्रोल पंप के पास जाम लगा दिया। सड़क पर भी आगजनी की गई है। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझाया और भीड़ को स्कूल से हटाया गया। करीब 3-4 घंटे के हंगामे के बाद हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। फायर ब्रिगेड ने स्कूल में लगी आग पर काबू पा लिया है। साथ ही पुलिस ने स्कूल प्रशासन से जुड़े 3 लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। स्कूल के सभी टीचर फरार हैं।

बच्चे की पहचान पॉलसन निवासी शैलेंद्र राय के बेटे आयुष कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि स्कूल खत्म होने के बाद आयुष उसी स्कूल में ट्यूशन पढ़ता था। गुरुवार को भी वो रोज की तरह स्कूल गया, लेकिन लौटा नहीं। आयुष गुरुवार सुबह साढ़े 6 बजे स्कूल पहुंचा था, लेकिन शाम 5 बजे तक नहीं लौटा तो परिजन ने खोजबीन शुरू की। परिजनों ने बच्चे के अगवा होने की शिकायत थाने में की थी। छात्र के चाचा ने बताया कि प्रिंसिपल ने पहले तो आयुष के स्कूल आने से ही इनकार किया। बाद में छ्ष्टञ्जङ्क में वो दिखाई दिया। फुटेज के साथ छेड़छाड़ हुई है। 10 मिनट का फुटेज डिलीट किया गया है।

**सिटी एसपी ने बताया कि दो लड़कों ने शव के नाले के पास होने की बात कबूल की :** सिटी एसपी चंद्र प्रकाश ने बताया कि जांच के दौरान सीसीटीवी में दिखा कि बच्चा स्कूल परिसर के अंदर जा रहा है। लेकिन, वहां से निकला नहीं है। स्कूल के दो लड़कों ने यह कबूल किया कि बच्चे के शव को स्कूल के कमरे में ही बने सीवरेज वाली जगह में रखा गया था। पुलिस टीम ने शव को बाहर निकाला। स्कूल के परिसर में आग लगाई गई। फर्स्ट फ्लोर के दो कमरे को ज्यादा क्षति हुई है। किसी के जान की क्षति नहीं हुई है। अभी तक तीन लोगों को डीटेन किया गया है। पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद पूरी बात सामने आएगी।


## लोकसभा प्रत्याशी के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकाने के आरोप में केस, पीड़ित की तहरीर पर हुई कार्रवाई

**वाराणसी, एजेंसी।** वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से युग तुलसी पार्टी के प्रत्याशी कोली शेट्टी शिव कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस जल्द ही आगे की कार्रवाई करेगी। वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से युग तुलसी पार्टी के प्रत्याशी कोली शेट्टी शिव कुमार के खिलाफ भेलूपुर थाने में धोखाधड़ी और धमकाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई सोनारपुरा के रहने वाले रमेश कुमार की पत्नी मंजू देवी उर्फ संजू देवी की तहरीर के आधार पर की गई है। मंजू देवी उर्फ संजू देवी के अनुसार, उनका देवर महेश साहनी नाव चलाता है। महेश को एक आदमी मुमुक्ष भवन के पास मिला, वह खुद को गोरक्षा समिति का मालिक बताया। उसने महेश को गोरक्षा के लिए अपनी समिति में शामिल करने को कहा तो वह भी गो-सेवा के लिए तैयार हो गई। इसके बाद उसने उनके आधार कार्ड की कापी समिति में सदस्य बनाने के लिए ली और एक कागज पर हस्ताक्षर भी करा लिया। मंजू देवी उर्फ संजू देवी ने बताया कि उन्हें अपने देवर से जानकारी मिली कि कोई कोली सेट्टी शिवकुमार नामक आदमी ने अपने लोकसभा चुनाव के नामांकन के लिए उनका नाम प्रस्तावक के रूप में लिखा है। जबकि मैं उस आदमी को न तो जानती हूं, न प्रस्तावक के तौर पर अपने हस्ताक्षर की और न कचहरी गई। उसने धोखे से उनका आधार कार्ड लिया और चुनाव में प्रयोग किया। जब वह अपना आधार कार्ड मांगने गई तो उसने जानमाल की धमकी देते हुए भगा दिया। साथ ही कहा कि जो करना है कर लो, आधार कार्ड की कापी नही देंगे।



## महात्मा गांधी के बाद देश में मोदी ही सेक्युलर नेता, मैं कांग्रेस के पापों का प्रायश्चित कर रहा

**संभल, एजेंसी।** आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने कांग्रेस को खत्म कर दिया है। मैं कांग्रेस के पापों का प्रायश्चित कर रहा हूं। वर्षों तक कांग्रेस में रहा हूं। कांग्रेस ने देश को तोड़ने का काम किया है। महात्मा गांधी के बाद इस देश में यदि कोई नेता सेक्युलर है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। उन्होंने योजनाएं धर्म और जाति के नाम पर लागू नहीं की हैं। उन्होंने देश के सभी लोगों के लिए योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। यह कहना है ऐंचोड़ा कंबोह स्थित श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम



का। बृहस्पतिवार को आचार्य प्रमोद कृष्णम ने गांव ऐंचोड़ा कंबोह में मीडिया से बातचीत की। एक सवाल पर कहा कि संविधान की चिंता 140 करोड़ लोग कर रहे हैं, जिन्होंने संविधान की रक्षा की कमान तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में सौंप दी है। जिनके हाथों में देश और संविधान दोनों सुरक्षित हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी ने कांग्रेस को खत्म कर दिया है। एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस का एक पाप हो तो बताऊं। मैं कांग्रेस के पापों का प्रायश्चित कर रहा हूं। वर्षों तक कांग्रेस में रहा हूं। आगे कहा कि कांग्रेस ने देश को तोड़ने का काम किया है। हिंदू-मुस्लिम की राजनीति की है। अगड़े पिछड़ों को बांटने का प्रयास किया है। सीएए लागू होने के सवाल पर कहा कि जो इसका विरोध करने वाले नेता हैं, वह एक गलती नहीं बता सके हैं। जनता को भ्रमित किया जा रहा है।

# दिन का तापमान 45 डिग्री रहने के आसार, लू भी चलेगी

### रात को मिलेगी थोड़ी राहत

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ सहित आसपास के इलाकों में तेज धूप रहेगी। दिन का तापमान 45 डिग्री के करीब रहेगा। हालांकि, रात को थोड़ी राहत मिल सकेगी।

यूपी में दिन के तापमान में क्रमिक वृद्धि के साथ लखनऊ का अधिकतम तापमान फिर से रिकॉर्ड बनाने की ओर बढ़ चला है। लखनऊ व आसपास के जिलों में बृहस्पतिवार को दिन का पारा 42.4 डिग्री रहा व रात का पारा न्यूनतम 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। दिन के पारे मे एक डिग्री से अधिक की बढ़ोतरी हुई लेकिन रात का पारा एक डिग्री के करीब गिरा है। बुधवार को अधिकतम तापमान 41.2 और न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री था। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, 18 से 20 मई के बीच विकसित हो रहा सिस्टम लू के आसार जता रहा है। लखनऊ समेत आसपास के इलाकों में भी लू चल सकती है।



### बोले बृजभूषण शरण सिंह-

# न बूढ़ा हुआ हूं, न ही रिटायर, अब मैं छुट्टा सांड हूं, किसी से भी भिड़ सकता हूं



**लखनऊ, एजेंसी।** महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में आरोपी कैसरगंज के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि अभी मैं बूढ़ा नहीं हुआ हूं, अब मैं छुट्टा सांड़ हो गया हूं। अब किसी से भी भिड़ सकता हूं। अपनी भाषा में अवधी का टच देते हुए उन्होंने कहा का करिहैं, लड़े जीत ना पइहैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर आपके लिए लड़ाई लड़ूंगा। परसपुर कस्बे में आयोजित सभा में सांसद ने कहा 33 साल की उम्र में मैं सांसद बना था, संयोग देखिए मेरे बेटे करण भूषण भी 33 की उम्र में सांसद बन रहे हैं। कैसरगंज की कमान अब युवा के हाथ में जा रही है। कहा हमें पता है कि कहां सड़क, पुल और आवास की जरूरत है। करनैलगंज के घंटाघर के पास लगने वाला जाम को भी जानता हूं। बहुत पहले देवीपाटन के लिए नारा दिया था स्वस्थ मंडल, साक्षर मंडल और हरित मंडल। उसी पर कार्य किया जा रहा है। बलरामपुर विधायक पलटू राम, अजय सिंह, रामकुमार सोनी, रामसुंदर पांडेय, नीरज मौर्य आदि मौजूद रहे।

**इस चुनाव का खर्चा विधायक जी देंगे-** सांसद ने सभा में करनैलगंज विधायक अजय सिंह की तरफ इशारा करते हुए कहा कि इस चुनाव का खर्चा विधायक जी देंगे। इस पर लोगों की भीड़ ने तालियां बजाई और ठहाके लगाए।

## जनता को झूठ के सहारे नहीं ठग पाएगी भाजपा: अविनाश

कांग्रेस महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि इस बार जनता जागरूक है। भाजपा झूठ के सहारे जनता को ठग नहीं पाएगी। पिछले दस वर्षों में कोई भी कार्य नहीं हुआ है। जनता जुमलों को पहचान चुकी है।अविनाश बृहस्पतिवार को सदर विधानसभा के जमुनियाबाग स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद महाविद्यालय में समन्वय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहे जितनी कोशिश कर लें, लेकिन देश की जनता मोदी सरकार को हटाने का मन बना चुकी है। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में छले गए किसान, महिलाएं, बेरोजगार, नौजवान सब परेशान हैं। देश में पिछले 10 वर्ष से कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। देश की अर्थव्यवस्था ध्वस्त है। इस दौरान पूर्व मंत्री नकुल दूबे, पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह, सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र, अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सगीर खां, एआईसीसी रमा कश्यप, प्रवक्ता शिवकुमार दूबे भी मौजूद रहे।

## साक्ष्य होने के बावजूद बगैर विभागीय जांच बर्खास्तगी अवैधानिक

### दरोगा की बर्खास्तगी रद्द

**प्रयागराज, एजेंसी।** यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की एकल पीठ ने गौतमबुद्ध नगर के ईकोटेक थाने में तैनाती के दौरान रिश्वत लेने के आरोपी दरोगा गुलाब सिंह की ओर से बर्खास्तगी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की स्वीकार करते हुए दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रिश्वत लेने के आरोपी दरोगा की बर्खास्तगी के आदेश को रद्द कर बहाली का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि उप्र अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दंड एवं अपील) नियमावली 1991 के नियम 8 (2) (बी) के प्रावधानों के तहत आरोपों के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य होने के बावजूद बगैर विभागीय कार्यवाही के पुलिसकर्मी को बर्खास्त किया जाना गैरकानूनी है। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की एकल पीठ ने गौतमबुद्ध नगर के ईकोटेक थाने में तैनाती के दौरान रिश्वत लेने के आरोपी दरोगा गुलाब सिंह की ओर से बर्खास्तगी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की स्वीकार करते हुए दिया।

याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम ने बताया कि याची पर आरोप था कि उसने एक मुकदमे की विवेचना के दौरान प्रकाश में आए आरोपी राजीव सरदाना से सार्वजनिक रूप से चार लाख रुपये रिश्वत ले रहे थे। इसी दौरान भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद सूरजपुर थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेजा गया था। हाईकोर्ट से जमानत मंजूर होने के बाद वह बीते 12 मार्च को जेल से रिहा हुआ। गिरफ्तारी के दिन ही याची को यह कहते हुए बर्खास्त कर दिया गया कि उसे सार्वजानिक स्थान पर चार लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। इस कारण इस प्रकरण में जांच की आवश्यकता नहीं है। साथ ही उपनिरीक्षक द्वारा इस प्रकार के कृत्य से जनमानस में पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए बगैर कारण बताओ नोटिस और बगैर विभागीय जांच के पारित बर्खास्तगी आदेश को रद्द कर दिया।

## 18 मई तक पूरे प्रदेश में नहीं बन सकेंगे ड्राइविंग लाइसेंस, ऑनलाइन अप्लाई करने का भी नहीं मिलेगा स्लॉट

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रदेश भर में लर्निंग लाइसेंस से लेकर परमानेंट लाइसेंस सहित कई कार्य 18 मई तक नहीं हो सकेंगे। आवेदकों को ऑनलाइन अप्लाई करने पर स्लाट नहीं मिलेगा। परिवहन विभाग के सारथी पोर्टल की मेंटेनेंस के चलते ये दिक्कतें आएंगी। दरअसल, लर्निंग लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन करना हो गया फिर आरटीओ कार्यालय के लिए स्लाट बुक करना हो, परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस की फीस जमा करनी हो या लाइसेंस रिन्युअल, डुप्लीकेट डीएल, एड्रेस बदलना समेत डीएल से जुड़ा कोई काम इसके सिर्फ सारथी पोर्टल ही एक विकल्प है। पोर्टल बंद होने के ये कार्य नहीं हो सकेंगे। एआरटीओ प्रशासन अखिलेश द्विवेदी ने बताया कि मेंटेनेंस के चलते 18 मई तक सारथी पोर्टल प्रभावित रहेगा। लाइसेंस संबंधित सभी कार्य स्थगित रहेंगे। जिन आवेदकों ने स्लाट लिया होगा, उनका भी काम नहीं हो सकेगा।

चार चरणों के चुनाव में 50 करोड़ के मुफ्त उपहार सीज

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अभी तक 421.46 करोड़ की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किए गए। इसमें 33.46 करोड़ नकद, 52.87 करोड़ की शराब, 234.27 करोड़ की ड्रग, 22.94 करोड़ की बहुमूल्य धातुएं और 50.32 करोड़ के मुफ्त उपहार शामिल हैं। वहीं, 15 मई को 27.28 लाख की शराब, 44.89 लाख की ड्रग और 12 लाख के मुफ्त उपहार भी पकड़े गए हैं। उन्होंने बताया कि सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट और 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं।

### बाराबंकी में मोदी का विपक्ष पर हमला,बोले-

# पीएम पद को लेकर ये सब मुंगेरी लाल को भी पीछे छोड़ रहे हैं

**बाराबंकी, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों पर एक बार फिर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम पद को लेकर ये सब मुंगेरी लाल को भी पीछे छोड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को बाराबंकी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम पद को लेकर ये सब मुंगेरी लाल को भी पीछे छोड़ रहे हैं। इनके सपनों की इंतहा देखिए, कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनेंगे। ये सुनते ही समाजवादी शहजादे का दिल टूट गया, बस आंसू नहीं निकले, लेकिन दिल के सारे अरमान बह गए। पीएम ने कहा कि आज एक तरफ देश हित के लिए समर्पित भाजपा-एनडीए गठबंधन है और दूसरी तरफ देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए इंडी गठबंधन मैदान में है। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है, ये इंडी वाले ताश के पत्तों की तरह बिखरने शुरू हो गए हैं। उन्होंने कहा कि 100 सीसी के इंजन से आप 1,000 सीसी की रफ्तार ले सकते हैं क्या? आपको विकास की तेज रफ्तार चाहिए तो वो सिर्फ दमदार सरकार ही दे सकती है। भाजपा सरकार ही दे सकती है।



पीएम मोदी ने कहा कि आपको काम करने वाले और आपका भला करने वाले सांसद चाहिए। पांच साल मोदी को गाली देने वाले नहीं, क्षेत्र का विकास करने वाले सांसद चाहिए। इसके लिए आपके पास एक ही विकल्प है - कमल का निशान। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि जो बबुआ जी यानी समाजवादी शहजादे हैं, अब उन्होंने एक नई बुआ की शरण ली है। उनकी ये नई बुआ बंगाल में हैं। उनकी बंगाल वाली बुआ जी ने इंडी गठबंधन वालों को कहा है कि मैं आपको बाहर से सपोर्ट करूंगी। इंडी गठबंधन की एक और पार्टी ने दूसरे को कह दिया कि खबरदार अगर हमारे खिलाफ पंजाब में बोला।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहली बार वोट करने वाले युवाओं को तो पता भी नहीं होगा कि 500 साल के इंतजार के बाद अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हुए हैं। ऐसा सिर्फ आपके एक वोट के कारण हुआ है। उन्होंने कहा कि रामलला को टेंट में पहुंचाने वाले सपा-कांग्रेस वाले अब राम मंदिर के फैसले को पलटने की बात कह रहे हैं। वो राम मंदिर को बेकार बता रहे हैं। ऐसे लोगों को ऐसी सजा देनी चाहिए कि उनकी जमानत जब्त हो जाए।

पीएम मोदी ने कहा कि जून बहुत दूर नहीं है। आज पूरा देश और पूरी दुनिया जानती है कि मोदी सरकार की हैट्रिक बनने जा रही है। नई सरकार में मुझे गरीबों, युवाओं, महिलाओं, किसानों के लिए बहुत सारे बड़े फैसले लेने हैं। इसलिए मैं बाराबंकी और मोहनलालगंज के लोगों से आशीर्वाद मांगने आया हूं।

### रिश्ते हुए शर्मसार

# पैसा न देने पर पुत्रों ने पिता को लाठी से पीट-पीटकर मार डाला



**लखनऊ, एजेंसी।** पेड़ काटने के बाद मिले पैसे न देने पर दो पुत्रों ने अपने पिता को पीट-पीटकर मार डाला। सिर पर लाठी लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सीतापुर जिले के सकरन थाना क्षेत्र में पैसों के विवाद में पुत्रों ने लाठी डंडों से पीट कर पिता को मौत के घाट उतार दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के मुर्थना गांव निवासी रामऔतार (60) ने बृहस्पतिवार को अपने खेत में लगे यूके लिप्टिस के पेड़ों को 22 हजार में बेंचा था। रात को रामऔतार के पुत्र राजू व ओमकार ने अपने पिता से पेड़ों के पैसे मांगे तो उसने पैसे देने से इनकार

### दोनों आरोपी गिरफ्तार

कर दिया जिससे गुस्साए दोनों पुत्रों ने देर रात अपने पिता रामऔतार को लाठी डंडों से मारा पीटा। सिर पर लाठी लगने की वजह से रामऔतार की मौके पर ही मौत हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मृतक का एक लड़का लखनऊ में काम करता है। मृतक की माली हालत ठीक नहीं है। मात्र दो बीघा जमीन है। पूरा परिवार मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता है। एसओ दिग्विजय पांडेय ने बताया कि पैसों के विवाद ने लड़कों की पिटाई से मौत हुई है। दोनों लड़कों को हिरासत में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भूसा जिले से बाहर ले जाने पर लगा प्रतिबंध


**मिर्जापुर, एजेंसी।** कलेक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को गोवंश आश्रय स्थल खोलने तथा उसके संचालन के लिए बनी जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को जिले से बाहर भूसा ले जाने पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। साथ ही गोवंश आश्रय स्थलों में रह रहे गोवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा खरीदकर उनका भंडारण करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने 650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भूसा की खरीद करने की हिदायत दी। साथ ही ढुलाई के अलावा लोडिंग तथा अनलोडिंग के लिए अलग से दर निर्धारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिस विकास खंड ज्यादा संख्या में गोवंश आश्रय स्थल हैं, वहां अतिरिक्त कैटल कैचर की खरीद की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को संबंधित क्षेत्रों में स्थित गोवंश आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर वहां व्याप्त समस्याओं का निपटारा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गोवंश आश्रय स्थलों के आस-पास चरागाह के लिए स्थान चिह्नित कर हरे चारे की बोआई की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। साथ ही बरसात के मौसम के लिए अतिरिक्त शेड तथा और जरूरी व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारियों तथा खंड विकास अधिकारियों से बड़े किसानों तथा गणमान्य लोगों से संपर्क कर भूसा दान करने के लिए अपील करने को भी कहा।

## इन 10 देशों के अभ्यर्थियों ने किया डीडीयू में प्रवेश आवेदन- 17 राज्य के बच्चे भी शामिल

**गोरखपुर, एजेंसी।** नेपाल, माली, बांग्लादेश, सेनेगल, घाना, नाइजिरिया, अफगानिस्तान, वेनेजुएला, लेसोथो और इजिप्ट के अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है। इसमें नेपाल से सात और अन्य देशों से 35 आवेदन प्राप्त हुए हैं। भारत सरकार के 'स्टडी इन इंडिया' पोर्टल के जरिए 42 विदेशी छात्रों ने आवेदन किया है। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में अन्य प्रदेशों के अलावे 10 देशों के अभ्यर्थियों ने भी अपनी रूचि दिखाई है। भारत सरकार के 'स्टडी इन इंडिया' पोर्टल के जरिए 42 विदेशी छात्रों ने आवेदन किया है। देश में भी यूपी के अलावा 17 राज्यों से अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। विदेशों की बात करें तो नेपाल, माली, बांग्लादेश, सेनेगल, घाना, नाइजिरिया, अफगानिस्तान, वेनेजुएला, लेसोथो और इजिप्ट के अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है। इसमें नेपाल से सात और अन्य देशों से 35 आवेदन प्राप्त हुए हैं। विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। अब तक स्नातक और परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रम में कुल 10 देशों से अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।





## बड़ी फिल्में देखने से अच्छा है कि लोग अच्छी फिल्म देखने जाएं

मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी जल्द ही रिलीज होने जा रही है। बॉक्स ऑफिस से गायब रौनक पर एक्टर बोले-जब कोई फिल्म 400 करोड़ कमाती है तो आप उनकी लागत भी देखिए। उन्होंने आगे कहा- बड़ी फिल्में देखने से अच्छा है कि लोग अच्छी फिल्म देखने जाएं। पिछले कुछ अरसे से बॉक्स ऑफिस से रौनक गायब है। वहीं मई के महीने में भी चुनिंदा फिल्में ही रिलीज हो रही हैं। इनमें एक मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी भी है। काफी अरसे से ओटीटी पर अपना दम दिखा रहे मनोज कहते हैं कि पिछले दिनों सिनेमा पर आई उनकी फिल्म जोरम महज 250 स्क्रीन पर रिलीज हुई थी। अब सिनेमा पर अपनी फिल्म भैया जी से ही वापसी करेंगे। जब हमने मनोज से पूछा कि पहले कई फिल्में 100 करोड़ कमाती थीं, लेकिन अब ऐसा हो रहा है कि या तो फिल्में 200-400 करोड़ कमाएंगी या 50 करोड़ तक भी नहीं पहुंच पाएंगी। क्या दर्शकों की सोच में कुछ बदलाव महसूस कर रहे हैं? इसपर उन्होंने कहा, जब कोई फिल्म 400 करोड़ कमाती है तो आप उनकी लागत भी देखिए, जो काफी ज्यादा होती है। वहीं जब 12वीं फेल जैसी कोई फिल्म आती है, तो उसकी लागत भी कम होती है। अगर आप देखेंगे तो दोनों का बराबर ही रहेगा। बेशक 12वीं फेल ने 400 करोड़ ना कमाए हों, लेकिन अपने बजट के हिसाब से भी वह एक सफल फिल्म रही है।

### जब तक दर्शक थियेटर में जाकर देखेगा नहीं तो पता कैसे चलेगा

बकौल मनोज, हमें हमेशा यह देखना चाहिए कि कौन सी फिल्म ने कितना कमाया, उसके हिसाब से आप फिल्म को आंक सकते हैं। लेकिन मेरा यह भी मानना है कि जब तक दर्शक थियेटर में जाकर देखेगा नहीं तो आपको पता कैसे चलेगा कि फिल्म पसंद आई की नहीं। तो जरूरी है कि दर्शक फिल्म देखें।

उन्होंने आगे कहा, दर्शक ओटीटी पर देख रहे हैं और ओटीटी से ज्यादा अच्छा कॉन्टेंट कहीं नहीं है। जितने भी नए-नए डायरेक्टर, ऐक्टर, कहानियां ओटीटी पर आ रही हैं, इतने पहले कभी भी हमारे सिनेमा में नहीं आए। फिल्मों की एक अजीब बीमारी हो चुकी है कि मूवी अगर 200 करोड़ कमाए तो अच्छी फिल्म है, जो मुझे समझ नहीं आता है। जो फिल्म 5-7 करोड़ कमाती है, वो मैंने देखी हुई हैं और वो ज्यादातर फिल्में अच्छी होती हैं। अगर दर्शक ज्यादा से ज्यादा उन फिल्मों को देखने जाएंगे, तो इन फिल्मों को पैसे मिलेंगे और ऐसी फिल्में ज्यादा बनेंगी। बड़ी फिल्में देखने से अच्छा है कि लोग अच्छी फिल्म देखने जाएं।



## ऋचा चड्ढा से लेकर बॉबी देओल तक, छोटी भूमिकाओं के बाद भी स्क्रीन पर छाए ये सितारे

**फिल्म आनंद का एक डायलॉग जिंदगी बड़ी होनी चाहिए, लंबी नहीं काफी ज्यादा मशहूर हुआ था। यही बात किरदारों पर भी लागू होती है। आज हम आपको कुछ ऐसे अभिनेताओं के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने कम स्क्रीन टाइम में भी अपनी अदाकारी से लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी। आइए जानते हैं...**

### ऋचा चड्ढा

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार की चर्चा इन दिनों हर तरफ हो रही है। इस शो में कई अभिनेत्रियों ने काम किया है, लेकिन ऋचा चड्ढा ने लज्जो के रूप में लोगों पर गहरा प्रभाव डाला है। इस वेब सीरीज में उनके अभिनय की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं। अपनी अदाकारी से उन्होंने इस छोटे से रोल में भी जान फूंक दी है।

### तृप्ति डिमरी



रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बीते साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी। संदीप रेड्डी वंगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तृप्ति डिमरी कैमियो रोल में नजर आई थीं। फिल्म में अपने प्रदर्शन से उन्होंने लोगों का दिल जीत लिया था। इस फिल्म के बाद तृप्ति की लोकप्रियता में गजब का इजाफा देखने को मिला है।

### बॉबी देओल


एनिमल में बॉबी देओल भी कैमियो रोल में नजर आए थे। कम स्क्रीन टाइम के बावजूद अपनी एक्टिंग से उन्होंने लोगों के मन में अमिट छाप छोड़ी थी। फिल्म में उनका जमाल कुडू स्टेप काफी ज्यादा पसंद किया था। इस फिल्म के बाद बॉबी जल्द ही कंगुवा में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वे नकारात्मक भूमिका में हैं।

### विक्की कौशल



राजकुमार हिरानी की डंकी में विक्की कौशल ने अपने किरदार से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। अपने सीमित स्क्रीन समय के बावजूद, विक्की ने अपनी भूमिका को गहराई और भावना से भर दिया था। वे जल्द ही छावा और बैड न्यूज जैसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

## भारत को रिप्रेजेंट करने कान फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना हुई कियारा




**एक्ट्रेस कियारा आडवाणी 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए मुंबई से रवाना हो गई हैं। एक्ट्रेस को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देखा गया। उन्होंने क्रीम कलर की आउटफिट और मैचिंग स्नीकर्स के साथ लाइट ब्राउन लॉन्ग जैकेट पहनी, साथ ही अपने बालों का बन बनाया हुआ था।**

कियारा 18 मई को कान में भारत को रिप्रेजेंट करेंगी और रेड सी फिल्म फाउंडेशन में वीमेन इन सिनेमा गाला का हिस्सा बनेंगी। वह कान में वैनिटी फेयर द्वारा आयोजित सिनेमा गाला डिनर में भी शामिल होंगी। ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी और शोबिता धूलिपाला जैसी अन्य एक्ट्रेस भी इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में होंगी। इस साल इस फेस्टिवल में भारत का उल्लेखनीय प्रतिनिधित्व है, जिसमें विभिन्न वर्गों के तहत सात फिल्में दिखाई जाएंगी। 30 सालों के बाद कान फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डीओर पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट होगी, जिसकी 23 मई को फेस्टिवल में स्क्रीनिंग होगी। मलयालम फिल्म दो रूममेट्स की कहानी है जो एक अस्पताल में नर्स के रूप में काम करती हैं। प्यार और आत्म-खोज कैसे उनके दृष्टिकोण में बदलाव लाते हैं, यही कहानी का सार है।




## खुशी कपूर के साथ अनटाइटल्ड फिल्म की तैयारी



में आमिर के बेटे जुनैद खान बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के बेटे जुनैद खान ने एक्ट्रेस खुशी कपूर के साथ अपनी तीसरी अनटाइटल्ड फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कहा, फ़जुनैद ने पहले ही दो फिल्मों की शूटिंग पूरी कर ली है और अब वह अपने तीसरे प्रोजेक्ट के लिए तैयार हैं, जो पिछली दो फिल्मों से बहुत अलग है। उनकी अगली अनटाइटल्ड फिल्म में वह खुशी कपूर के साथ दिखेंगे, जिसको लेकर फैंस के बीच काफी उत्सुकता है। जुनैद ने अपने प्रोजेक्ट महाराजा और साई पल्लवी के साथ अनटाइटल्ड फिल्म पूरी कर ली है। महाराजा कथित तौर पर 1862 के महाराजा लिबेल केस से प्रेरित है। इसमें जयदीप अहलावत और शारवरी वाघ भी हैं, कथित तौर पर जुनैद एक रिपोर्टर की भूमिका निभाएंगे। हालांकि, फिल्म की अन्य जानकारियां अभी भी गुप्त हैं।

## फिल्म इश्क विश्क रीबाउंड से डेब्यू करेंगी पश्मीना



रोहित सराफ, पश्मीना रोशन, जिबरान खान और नायला ग्रेवाल स्टारर फिल्म 'इश्क विश्क रीबाउंड' का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर में ट्विस्ट के साथ मॉर्डन लव की झलक मिली। यह फिल्म 2003 में रिलीज हुई शाहिद कपूर और अमृता राव स्टारर सुपरहिट फिल्म 'इश्क विश्क' की सीक्वल है।

### रोहित बोले- यह उस टाइप की कहानी नहीं

एक मिनट के इस टीजर की शुरुआत रोहित सराफ के डायलॉग से होती है। इसमें वो कहते हैं- 'कहते हैं जब किसी से प्यार हो जाए तो सबमें उसी का चेहरा दिखता है। यह उस टाइप की कहानी नहीं है।' इसके बाद टीजर में 4 दोस्तों के बीच दोस्ती, प्यार और लड़ाई की झलक दिखती है। रोहित के अपोजिट इस फिल्म से ऋतिक रोशन की कजिन पश्मीना रोशन बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं। वहीं फिल्म में जिबरान और नायला भी अहम रोल में होंगे।

### 21 जून को थिएटर्स में होगी रिलीज

इसे मराठी एक्टर-डायरेक्टर निपुण अविनाश धर्माधिकारी ने डायरेक्ट किया है। बतौर डायरेक्टर यह उनकी पहली हिंदी फिल्म है। फिल्म 21 जून को थिएटर्स में रिलीज होगी।

इश्क विश्क से शाहिद ने किया था बॉलीवुड डेब्यू

इससे पहले साल 2003 में रिलीज हुई इसी फ्रेंचाइज की पहली फिल्म इश्क विश्क से शाहिद कपूर ने बॉलीवुड डेब्यू किया था। फिल्म स्लीपर हिट थी। 5 करोड़ में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 12 करोड़ रुपए कमाए थे।



## धोनी के बारे में बोलीं जान्हवी कपूर

फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। ये क्रिकेट पर बेस्ड फिल्म है। कल यानी मंगलवार की शाम फिल्म के सॉन्ग लॉन्च इवेंट में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव पहुंचे। मीडिया के साथ सवाल जवाब में उनसे रू- धोनी से जुड़ा सवाल किया गया। जब उनसे पूछा गया कि वो महेंद्र सिंह धोनी के कितने बड़े फैन हैं और क्या उन्हें ये फिल्म दिखाएंगे? इस पर राजकुमार राव ने कहा- हम क्याज्पूरी दुनिया उनकी फैन है। हम उन्हें बहुत प्यार करते हैं। वहीं जान्हवी ने कहा- हम सभी उनके फैन हैं। उन्होंने हमारे देश के लिए बहुत कुछ किया है। मैं ये कहना चाहूंगी कि सिर्फ क्रिकेटर होने के नाते हम उनसे प्यार नहीं करते हैं। उनका मिजाज, उनके उसूल और वो जिस तरह के इंसान हैं, उनका पूरा व्यक्तित्व मुझे बहुत पसंद है।

जान्हवी ने कहा मुझे याद है एक बार धोनी ने अपने इंटरव्यू में कहा था- नतीजे के बारे में नहीं है, प्रोसेस के बारे में है। प्रोसेस को ईमानदारी ने निभाओगे, मेहनत करोगे तो नतीजा अपने आप दिख जाएगा। आपके मेहनत करने के बाद नतीजा ना भी दिखे तो फर्क नहीं पड़ता है। जान्हवी का कहना है कि फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' महेंद्र सिंह धोनी की इस लाइन पर बनी है। जान्हवी उम्मीद करती हैं कि वो फिल्म में इस बात को ठीक तरीके से दिखा पाएं। एक्ट्रेस ने कहा कि हम उन्हें और उनकी वाइफ साक्षी धोनी को ये फिल्म दिखाना चाहते हैं, लेकिन मुझे लगता है वो काफी बिजी होंगे।

बता दें, इस फिल्म में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर के बीच शानदार लव केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। दोनों की साथ में यह दूसरी फिल्म है। इससे पहले उन्हें 2021 की फिल्म रूही में देखा गया। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जब उनसे पूछा गया कि धोनी की सबसे अच्छी क्वालिटी क्या लगती है? इस पर राजकुमार ने कहा- वो इतने बड़े लीजेंड हैं, लेकिन जिस तरह से वो टीम को लीड करते हैं, वो तारीफ के काबिल है। धोनी बहुत डाउन टु अर्थ और हंबल इंसान हैं। हमें उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनके अदंर किसी भी हालात से डील करने की अच्छी समझ है। जान्हवी ने कहा- हाल ही में मैं उनसे एक फंक्शन में मिली थी। वहां कई लोग उनके साथ सेल्फी लेने आ रहे थे, लेकिन वो केवल सेल्फी देकर हट नहीं रहे थे बल्कि उन लोगों के साथ खड़े होकर बड़े ही तमीज से बात भी कर रहे थे। उनका औरा ही सबसे अलग है। ट्रेलर से मालूम पड़ता है कि यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें रोमांस भी देखने को मिलेगा।

## कांस फिल्म फेस्टिवल में फिल्म 'मंथन' की स्क्रीनिंग अटैंड करेंगे प्रतीक बब्बर

ऐश्वर्या राय, कियारा आडवाणी, अदिति राव हैदरी और शोभिता धुलिपाला के बाद अब जैकलीन फर्नांडीज, प्रतीक बब्बर और छाया कदम भी कांस फिल्म फेस्टिवल अटैंड करने जा रहे हैं।

### 'मंथन' के प्रीमियर में पहुंचेंगे प्रतीक बब्बर

जैकलीन, कियारा, अदिति के अलावा इस साल प्रतीक बब्बर भी कांस में नजर आएंगे। प्रतीक वहां अपनी मां दिवंगत एक्ट्रेस स्मिता पाटिल की फिल्म 'मंथन' का प्रीमियर अटैंड करेंगे। प्रतीक भी गुरुवार को कांस रवाना हो चुके हैं। इस प्रीमियर में प्रतीक के साथ एक्टर नसीरुद्दीन शाह भी शामिल होंगे। वो 1976 में रिलीज हुई फिल्म 'मंथन' का हिस्सा थे। यह फिल्म इस साल कांस क्लासिक सिलेक्शन कैटेगरी में सिलेक्ट हुई है। कांस में इस साल फिल्म मंथन का प्रीमियर होगा। फिल्म में स्मिता पाटिल के अलावा नसीरुद्दीन शाह और गिरीश कर्नाड जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे।





# मोहिनी एकादशी व्रत के दौरान जरूर करें ये काम, सभी दुखों से मिलेगी मुक्ति

सनातन धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व है. एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है. प्रत्येक एकादशी तिथि का अलग-अलग महत्व है. हर महीने में दो एकादशी तिथि आती है. वहीं साल में 24 एकादशी का व्रत रखा जाता है, इस दिन भगवान विष्णु और धन की देवी मां लक्ष्मी की विधि विधान पूर्वक पूजा आराधना की जाती है. वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पढ़ने वाली एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है. आइए जानते है मोहिनी एकादशी व्रत के बारे में -

**मोहिनी एकादशी व्रत कब है?**

हर साल वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी व्रत रखा जाता है. इस साल मोहिनी एकादशी तिथि 18 मई 2024 दिन शनिवार को सुबह 11 बजकर 22 मिनट पर शुरू होगी और इस तिथि का समापन 19 मई 2024 को दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर होगा.

**मोहिनी एकादशी व्रत पारण समय**

मोहिनी एकादशी व्रत का पारण 20 मई सोमवार को किया जाएगा. उस दिन आप व्रत का पारण सुबह 05 बजकर 28 मिनट से सुबह 08 बजकर 12 मिनट के बीच कभी भी कर सकते हैं.

## मोहिनी एकादशी के दिन शमी के पेड़ की पूजा कैसे करें?

हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के दिन मोहिनी एकादशी का व्रत रखा जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीहरि ने संसार की रक्षा करने के लिए मोहिनी रूप का अवतार लिया था। इस दिन व्रत रखने से और पूजा-पाठ करने व्यक्ति की सभी परेशानियां दूर हो सकती है। साथ ही सौभाग्य में भी वृद्धि होती है। इतनी ही नहीं, इस दिन व्रत रखने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि का वरदान भी मिलता है। अब ऐसे में इस दिन शमी के पेड़ की पूजा करने का भी महत्व है।

**पूजन सामग्री** -शमी का पेड़, जल, गंगाजल, कलश, रोली, फूल, दीप, धूप, नैवेद्य (फल, मिठाई आदि), कलावा

मोहिनी एकादशी के दिन शमी के पेड़ की पूजा कैसे करें?

- मोहिनी एकादशी के दिन सबसे पहले ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान-ध्यान करें।
- घर के पूर्व या उत्तर दिशा में कलश स्थापित करें और उसमें जल भरकर रखें।
- शमी के पेड़ को स्वच्छ जल से धोकर उसे कलावा से बांधें। इसके बाद पेड़ पर रोली, चावल, फूल और दीप अर्पित करें। धूप जलाकर नैवेद्य का भोग लगाएं।
- शमी के पेड़ की पूजा करते हुए इस मंत्र का जाप विशेष रूप से करें।
- ऊँ नमो शमी शम्याय स्वाहा
- शमी के पेड़ की 11 बार परिक्रमा करें।
- इस दिन एकादशी व्रत कथा अवश्य पढ़ें।
- अगले दिन द्वादशी तिथि को सूर्योदय के बाद व्रत का पारण करें।
- ऐसा कहा जाता है कि शमी के पेड़ की पूजा करने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि और सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है। इसलिए इस दिन विधिवत रूप से पूजा करें।



# मोहिनी एकादशी पर बन रहे हैं कई शुभ योग

19 मई को मोहिनी एकादशी मनाई जा रही है। प्रतिवर्ष यह एकादशी वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की ग्यारस तिथि के दिन मनाई जाती है। इस एकादशी के दिन भगवान श्री विष्णु जी की आराधना की जाती है, उनके पूजन-अर्चन से जहां घर में सुख-समृद्धि बढ़ती है, वहीं शाश्वत शांति भी प्राप्त होती है। अत- इस दिन व्रत-उपवास रखकर मोह-माया के बंधन से मुक्त होने के लिए यह एकादशी लाभदायी मानी गई है।

वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाले एकादशी को मोहिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। मोहिनी एकादशी का दिन भगवान विष्णु और उनके मोहिनी अवतार की पूजा करने के लिए मनाया जाता है। हिंदू धर्म में साल में 24 एकादशी पड़ती हैं। एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है और इस दिन श्रीहरि की पूजा की जाती है। वैसे तो सभी एकादशी महत्वपूर्ण मानी गई है लेकिन वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी का भी विशेष महत्व है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाले एकादशी को मोहिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। मोहिनी एकादशी का दिन भगवान विष्णु और उनके मोहिनी अवतार की पूजा करने के लिए मनाया जाता है। भक्त अपने पिछले पापों से छुटकारा पाने और विलासिता से भरा जीवन जीने के लिए मोहिनी एकादशी का व्रत रखते हैं। इस दिन व्रत-पूजा करने से साधक को सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही घर में सुख समृद्धि भी बनी रहती है। इस बार मोहिनी एकादशी पर 3 शुभ योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं किस तिथि पर पड़ेगी मोहिनी एकादशी, पूजा मुहूर्त और महत्व।

## मोहिनी एकादशी तिथि

वैशाख शुक्ल एकादशी तिथि आरंभ - 18 मई, 2024, प्रातः 11.23 मिनट पर

वैशाख शुक्ल एकादशी तिथि समाप्त -19 मई, 2024, दोपहर 01.50 मिनट पर

उदयातिथि के आधार पर मोहिनी एकादशी व्रत 19 मई, 2024 को रखा जाएगा।

## मोहिनी एकादशी पर शुभ योग

इस बार मोहिनी एकादशी पर कई शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। इन योगों को ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद शुभ माना जा रहा है। आइए जानते हैं इन शुभ योग के बारे में।

**अमृत योग** - 19 मई, रविवार प्रातः 05.28 से 20 मई, सोमवार तड़के 03.16 मिनट तक

वज्र योग- 18 मई, शनिवार, प्रातः 10.25 से 19 मई, रविवार प्रातः 11.25 मिनट तक

**सिद्धि योग** - 18 मई, शनिवार, प्रातः 11.25 ए एम, से 19 मई, रविवार, दोपहर 12.11 तक

इन योगों में मोहिनी एकादशी व्रत रखना और विष्णु जी की पूजा करना बहुत लाभ प्रदान करता है।

एकादशी के दिन करें इन मंत्रों का जाप

मोहिनी एकादशी के दिन व्रत-पूजा करने के साथ-साथ भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप भी करें.

- ऊँ भूरिदा भूरि देहिनो, मा दभ्रं भूर्या भर।
  भूरि घेदिन्द्र दित्ससि।
  ऊँ भूरिदा त्यसि श्रुत- पुरूत्रा शूर वृत्रहन। आ नो भजस्व राधसि।
- ऊँ ह्लीं कार्तविर्यार्जुनो नाम
  राजा बाहु सहस्त्रवान।
  यस्य स्मरेण मात्रेण ह्रतं नष्टं च लभ्यते।।
- ऊँ नारायणाय नमः

### व्रत के दौरान रखें ध्यान


- मोहिनी एकादशी के दिन तुलसी के पत्ते नहीं तोड़ने चाहिए.
- मोहिनी एकादशी का उपवास निर्जला रखना चाहिए, इस दिन पानी भी नहीं पीना चाहिए.
- मोहिनी एकादशी पर सुबह जल्दी स्नान करना चाहिए, इस दिन साबुन से नहीं नहाना चाहिए.
- मोहिनी एकादशी तिथि को चावल से बनी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए.
- भगवान विष्णु के जब भोग लगाएं तो तुलसी की पत्तियां जरूर डालना चाहिए.
- तामसिक चीजों मांस, शराब, लहसुन, प्याज का सेवन नहीं करना चाहिए.
- पूजा-पाठ और धर्म से जुड़े कार्य करने चाहिए. गरीबों का दान करना चाहिए.
- भगवान श्री हरि विष्णु के चरणों में अर्पित करें ये चीजें
- मोहिनी एकादशी तिथि के दिन अगर आप पीपल के पत्ते पर श्री हरि लिखकर 21 पत्ते को भगवान श्री हरि विष्णु के चरणों में अर्पित करते हैं तो सभी बिगड़े काम बनेंगे आपके सुखद समाचार की भी प्राप्ति होगी.

### ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करें

मोहिनी एकादशी के दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने के बाद पीला वस्त्र धारण करना चाहिए, इस दिन भगवान विष्णु की पूजा आराधना करनी चाहिए. दूध और चावल से बनी खीर कब भोग लगाना चाहिए. भगवान श्री हरि विष्णु चंद्र प्रसन्न होते हैं और मनचाहा वर प्रदान करते हैं.

### केले के पेड़ की पूजा

केले के पेड़ की पूजा से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी भी प्रसन्न होती है. अगर आप मोहिनी एकादशी तिथि के दिन केले के पेड़ के समक्ष घी का दीपक अर्पित करते हैं. एकादशी तिथि में विधि विधान पूर्वक पूजा आराधना करने से आर्थिक संकट समाप्त होगा. घर से दरिद्रता दूर होगी.





# पूजा घर में पानी रखना क्यों है जरूरी, क्या है कारण?

पूजा कक्ष में पानी क्यों रखते हैं? सभी घरों में पूजाघर होता है, जहां पर पूजन सामग्री के अलावा शंख, गरुढ़ घंटी, कौड़ी, चंदन बट्टी, तांबे का सिक्का, आचमन पात्री, गंगाजल और पानी का लोटा भी रखा जाता है। लोटा नहीं तो जल कलश रखते हैं। आखिर पूजा घर में यह पानी क्यों रखा जाता है। क्या है इसका कारण?

### पवित्रता

प्रतिदिन पूजा के पूर्व हम जल से भगवान के विग्रह को स्नान कराने के बाद स्थान पर जल छिड़ककर उसे पवित्र करते हैं। इसीलिए जल की आवश्यकता हेतु एक लोटे में पानी रखा जाता है।

### वरुण देव

जिस तरह गुरुड़देव की स्थापना गरुड़ घंटी के रूप में कि जाती है उसी प्रकार वरुण देव की स्थापना जल के रूप में की जाती है। ऐसा करने का कारण यह है कि जल की पूजा वरुण देव के रूप में होती है और वही दुनिया की रक्षा करते हैं।

### तुलसी जल

पूजा घर में रखे जल में तुलसी के कुछ पत्ते डाल कर रखे जाते हैं जिसके चलते वह जल शुद्ध एवं पवित्र होने के साथ ही आचमन योग बन जाता है और इसी से जब हम पूजा स्थल को शुद्ध करते हैं तो देवी एवं देवता प्रसन्न होते हैं।

### नैवद्य


नैवेद्य हम प्रतिदिन पूजा के बाद भगवान को प्रसाद अर्पण करते हैं जिसे नैवद्य कहते हैं। नैवद्य में मिठास या मधुरता होती है। आपके जीवन में मिठास और मधुरता होना जरूरी है। देवी और देवता को नैवद्य लगाते रहने से आपके जीवन में मधुरता, सौम्यता और सरलता बनी रहेगी। फल, मिठाई, मेवे और पंचामृत के साथ नैवेद्य चढ़ाया जाता है। नैवेद्य अर्पित करने के बाद भगवान को जल अर्पण करने के लिए ही पूजा घर में पानी रखा जाता है।

### जल की स्थापना

पूजा घर या उत्तर एवं ईशान कोण में जल की स्थापना करने से घर में सुख एवं समृद्धि बनी रहती है। इसलिए पूजा घर में जल की स्थापना की जाती है। पूजा के स्थान पर तांबे के बर्तन में जल रखते हैं तो यह बहुत ही शुभ माना जाता है। मान्यता के अनुसार जल रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### आरती

जब हम आरती करते है उसके बाद आरती की थाली पर थोड़ा सा जल लागकर आरती को ठंडा किया जाता है। इसके बाद चारों दिशाओं में और सभी व्यक्तियों पर जल का छिड़काव किया जाता है। इसके बाद सभी को चरणामृत प्रदान करके प्रसाद देते हैं। इसलिए भी जल को पूजाघर में रखा जाता है।



# केदारनाथ की यात्रा से मिलते हैं शुभ फल

उत्तराखंड में मई माह से छोटा चार धाम की यात्रा प्रारंभ होती है। इसमें केदारनाथ की यात्रा भी होती है। केदारनाथ की यात्रा सही मायने में हरिद्वार या ऋषिकेश से आरंभ होती है। हरिद्वार से सोनप्रयाग 235 किलोमाटर और सोनप्रयाग से गौरीकुंड 5 किलोमीटर आप सड़क मार्ग से किसी भी प्रकार की गाड़ी से जा सकते हैं। गौरीकुंड से आगे लगभग 16 किलोमाटर का रास्ता आपको पैदल ही चलना होगा या आप पालकी या घोड़े से भी जा सकते हैं। अधिकतर लोग सोनप्रयाग या गौरीकुंड में रुकते हैं।

- भगवान शिव मुक्ति देने वाले हैं। वे ही जन्म देने वाले, पालनहार और संहारक भी हैं। उनके दर पर दान मिलता है तो मृत्युदंड भी। वे ही आदि, अंत और अनंत परब्रह्म हैं। संपूर्ण धरती पर सभी धर्मों के लोग उनको ही किसी न किसी रूप में पूजते या उनकी प्रार्थना करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि चार धाम यात्रा करने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।
- केदारनाथ में शिव का रुद्ररूप निवास करता है, इसलिए इस संपूर्ण क्षेत्र को रुद्रप्रयाग कहते हैं। केदारनाथ का मंदिर उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के रुद्रप्रयाग नगर में है। यहां भगवान शिव ने रौद्र रूप में अवतार लिया था। देश के बारह ज्योतिर्लिंगों में सर्वोच्च है केदारनाथ धाम। मानो स्वर्ग में रहने वाले देवताओं का मृत्युलोक को झांकने का यह झरोखा हो। धार्मिक ग्रंथों अनुसार बारह ज्योतिर्लिंगों में केदार का ज्योतिर्लिंग सबसे ऊंचे स्थान पर है।
- मान्यता है कि समूचा काशी, गुप्तकाशी और उत्तरकाशी क्षेत्र शिव के त्रिशूल पर बसा है। यहीं से पाताल और यहीं से स्वर्ग जाने का मार्ग है। शिव पुराण के अनुसार मनुष्य यदी बदरीवन की यात्रा करके नर तथा नारायण और केदारेश्वर शिव के स्वरूप का दर्शन करता है, निन्सन्देह उसे मोक्ष प्राप्त हो जाता है।
- ऐसा मनुष्य जो केदारनाथ ज्योतिर्लिंग में भक्ति-भावना रखता है और उनके दर्शन के लिए अपने स्थान से प्रस्थान करता है, किन्तु रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो जाती है, जिससे वह केदारेश्वर का दर्शन नहीं कर पाता है, तो समझना चाहिए कि निश्चित ही उस मनुष्य की मुक्ति हो गई।
- शिव पुराण के अनुसार केदारतीर्थ में पहुंचकर, वहां केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन कर जो मनुष्य वहां का जल पी लेता है, उसका पुनर्जन्म नहीं होता है।

केदारेशस्य भक्ता ये मार्गस्थास्तस्य वै मृता-।
तेऽपि मुक्ता भवन्त्येव नात्र कार्य्या विचारणा।।
तत्वा तत्र प्रतियुक्त- केदारेशं प्रपूज्य च।
तत्रत्यमुदकं पीत्वा पुनर्जन्म न विन्दति।।

- स्कंद पुराण में भगवान शंकर, माता पार्वती से कहते हैं, हे प्राणेश्वरी! यह क्षेत्र उतना ही प्राचीन है, जितना कि मैं हूं। मैंने इसी स्थान पर सृष्टि की रचना के लिए ब्रह्मा के रूप में परब्रह्मत्व को प्राप्त किया, तभी से यह स्थान मेरा चिर-परिचित आवास है।
- भगवान शंकर पांडवों की भक्ति, दृढ़ संकल्प देखकर प्रसन्न हो गए थे। तब उन्होंने तत्काल दर्शन देकर पांडवों को युद्ध के पाप से पापमुक्त कर दिया था। उसी समय से भगवान शंकर बैल की पीठ की आकृति-पिंड के रूप में श्री केदारनाथ में पूजे जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका की चीन को सलाह- यूरोप या रूस में से किसी एक को चुनें, दोनों साथ नहीं चल सकते

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि चीन, यूरोप और रूस के साथ एक ही समय पर अच्छे संबंध नहीं रख सकता। अमेरिका ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि चीन, यूरोप के साथ मजबूत रिश्ते रखे और साथ ही वह यूक्रेन युद्ध के बीच रूस का भी समर्थन करता रहे। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बात कही। पटेल ने कहा कि पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना यूरोप और अन्य देशों के साथ मजबूत रिश्ते चाहता है। वहीं साथ-साथ वह यूरोप की सुरक्षा के लिए खतरा बने रूस की भी मदद कर रहा है। खास बात ये है कि ये सिर्फ अमेरिका का मानना नहीं है बल्कि जी7 देश, नाटो और यूरोपीय देश भी ऐसा ही मानते हैं। पटेल ने कहा, रूस की मदद करके चीन न सिर्फ यूक्रेन की सुरक्षा के लिए खतरे को बढ़ा रहा है बल्कि यह यूरोप की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहा है। बीजिंग यूरोप के साथ तब तक अच्छे रिश्ते नहीं रख सकता, जब तक ये सब चलता रहेगा। अमेरिका का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन रूस दौरे पर हैं। पुतिन रूस के पांचवीं बार राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले विदेश दौरे पर चीन पहुंचे, जहां पुतिन ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिका को निशाने पर लिया और उस पर परमाणु बैलेंस को बिगाड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया। दोनों नेताओं ने रूस-चीन के बीच रक्षा साझेदारी बढ़ाने पर भी सहमति जताई। जिनपिंग ने कहा कि हम यूक्रेन जंग को राजनीतिक समझौते के तहत सुलझाने के पक्ष में हैं। रूस और चीन की दोस्ती दुनिया में चल रही वर्चस्व की लड़ाई के बीच स्थिरता लाने का काम करती है।

### स्लोवाकिया की राष्ट्रपति ने पीएम फिको पर हमले के बाद क्रॉस-पार्टी बैठक बुलाई

**ब्रातिस्लावा, एजेंसी।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर हत्या के प्रयास के बाद निवर्तमान राष्ट्रपति ज़ुज़ाना कैपुतोवा और उनके उत्तराधिकारी पीटर पेलेग्रिनी ने सभी राजनीतिक दलों को परामर्श के लिए आमंत्रित किया है। कैपुतोवा ने गुरुवार को ब्रातिस्लावा में एक टेलीविजन भाषण में जनता से अपील की, आइए, नफरत और आपसी आरोपों के दुष्चक्र से बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि फिको पर हमला एक व्यक्तिगत कृत्य था, लेकिन नफरत का तनावपूर्ण माहौल सामूहिक रूप से बनाया गया। भाषण के दौरान कैपुतोवा और पेलेग्रिनी ने संयुक्त रूप से मौजूदगी दर्ज कराई। उदारवादी प्रोजेसिव स्लोवाकिया पार्टी से ताल्लुक रखने वाली पुतोवा ने कहा, हम इस तनावपूर्ण स्थिति को समझने का संकेत भेजना चाहते हैं। दोनों राजनेताओं ने एक बार फिर फीको पर हमले की निंदा की। फिको के गठबंधन में शामिल हुए पेलेग्रिनी ने राजनीतिक दलों से जून में यूरोपीय चुनावों से पहले अपने चुनाव अभियानों को निलंबित करने या कम से कम सीमित करने का आह्वान किया, जब तक कि माहौल शांत नहीं हो जाता। अपने भाषण के बाद दोनों सरकारी कार्यालय में सुरक्षा परिषद की एक विशेष बैठक में भाग लेने के लिए रवाना हो गए।


### स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको को लगीं 4 गोलियां, अब भी गंभीर - उपप्रधानमंत्री

**ब्रातिस्लावा, एजेंसी।** स्लोवाकिया के रक्षा मंत्री रॉबर्ट कलिनक ने गुरुवार को ब्रातिस्लावा में सुरक्षा परिषद की एक विशेष बैठक के बाद कहा कि एक दिन पहले प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हत्या का प्रयास किया गया, उन्हें चार गोलियां लगीं, उनकी हालत अभी भी गंभीर है।कलिनक, जो उप प्रधानमंत्री भी हैं, ने कहा कि फिको को चार गोलियां लगीं और वह गंभीर रूप से जख्मी हैं।उन्होंने कहा, डॉक्टर उसकी हालत को स्थिर करने में कामयाब रहे हैं, लेकिन फिको अभी भी खतरे से बाहर नहीं हैं। हमारी रात बहुत मुश्किलें भरी रही।स्लोवाकिया के विशेषज्ञों ने बुधवार की हत्या के प्रयास के बाद फिको के लिए सुरक्षा सावधानियों की आलोचना की है।स्लोवाकिया के पूर्व पुलिस प्रमुख स्टीफन हमरान ने गुरुवार को डेनिक एन. अखबार को बताया, फिको ने खुद कुछ हफ्ते पहले राजनेताओं पर किसी के गोली चलाने के खतरे के बारे में बात की थी।

### हिजबुल्लाह ने इजरायल पर दर्जनों रॉकेट दागे

**यरुशलम/बेरूत, एजेंसी।** पूर्वी लेबनान में रात भर हुए इजरायली हवाई हमलों के जवाब में गुरुवार को लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजरायल पर दर्जनों रॉकेट दागे। इजरायली और लेबनानी सूत्रों ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि लेबनान से कब्जे वाले गोलान हाइट्स और गलील में जारिट समुदाय की ओर जाने वाले लगभग 45 हमलों की पहचान की गई। सेना ने कहा, आईडीएफ एरियल डिफेंस एरे द्वारा कई रॉकेट को सफलतापूर्वक रोका गया। सेना ने कहा कि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि उनके लड़ाकों ने गोलन हाइट्स में कई इजरायली सैन्य चौकियों को निशाना बनाते हुए 60 से ज्यादा कत्यूषा रॉकेट लॉन्च किए।

# निज्जर की हत्या के संदेह में गिरफ्तार भारतीय कनाडाई अदालत में किया पेश





**ओटावा, एजेंसी।** खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़े मामले में गिरफ्तार भारतीय नागरिक अमनदीप सिंह को कनाडा की अदालत के समक्ष बुधवार को पेश किया गया। अदालत ने उसे 21 मई को दोबारा पेश करने का निर्देश दिया है। इस चर्चित मामले में अमनदीप सिंह, तीन अन्य लोगों के साथ सह आरोपी है। निज्जर की हत्या के मामले को लेकर भारत और कनाडा के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि अमनदीप सिंह (22) को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिये बुधवार को सरे की अदालत में पेश किया गया जिसके बाद न्यायधीश ने मामले की सुनवाई अगले सप्ताह के लिए टाल दी।

निज्जर (45) की पिछले साल 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में स्थित गुरु नानक सिख गुरुद्वारा के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अमनदीप पर 11 मई को हत्या और हत्या करने की साजिश रचने का अभियोग लगाया गया। इससे करीब एक सप्ताह पहले करण बराड़ (22), कमलप्रीत सिंह(22) और करणप्रीत सिंह (28) के खिलाफ भी इसी तरह का अभियोग लगाने की घोषणा की गई थी। अमनदीप को ओंटारियो से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सरे की अदालत में पेश किया गया। वह पहले ही हथियार के मामले में पील क्षेत्रीय पुलिस की हिरासत में है।

न्यायाधीश ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई 21 मई को होगी और तब उसे निज्जर की हत्या की साजिश रचने के तीन अन्य आरोपियों के साथ पेश किया जाए। अमनदीप की पेशी में तकनीकी कारणों से देरी हुई। उसकी पेशी से पहले अदालत कक्ष के बाहर करीब दो दर्जन लोग खालिस्तान के समर्थक झंडे लेकर खड़े थे। पुलिस के मुताबिक अमनदीप, करण बराड़, कमलप्रीत सिंह और करणप्रीत सिंह भारतीय नागरिक हैं। अमनदीप कनाडा के ब्रैम्पटन, एबॉट्सफ़ोर्ड और सरे में अपना समय बिताता था। कनाडियाई मीडिया के मुताबिक आरोपी उस हमलावर दस्ते के सदस्य थे जिनके बारे में माना जा रहा है कि भारत सरकार ने उन्हें निज्जर की हत्या करने का जिम्मा सौंपा था।

सीबीसी न्यूज की खबर के अनुसार, निज्जर की मौत के समय अमनदीप पहले से ही कनाडा में कानूनी मामलों में फंस गया था। खबर के अनुसार, अस्थायी वीजा पर कनाडा में आया भारतीय नागरिक, गुरु नानक सिख गुरुद्वारे के प्रवेश द्वार पर निज्जर की हत्या के लिए इंतजार करने से ठीक दो दिन पहले एक असंबद्ध मामले पर आरोपों का जवाब देने के लिए सरे की अदालत में पेश हुआ था। अमनदीप को मार्च 2023 में पुलिस की गिरफ्त से फरार होने के बाद जारी वारंट के आधार पर सरे से गिरफ्तार किया गया था। उसे पुलिस के चंगुल से भागने और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के आरोप में पहली बार 16 जून 2023 को अदालत में पेश किया गया था।

## नेपाल ने भी लगा दिया एवरेस्ट, एमडीएच मसालों पर बैन, खतरनाक केमिकल को लेकर ऐक्शन

**काठमांडू, एजेंसी।** सिंगापुर के बाद हॉन्ग कॉन्ग ने भी एवरेस्ट और एमडीएच मसालों की बिक्री पर बैन लगा दिया है। नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग का कहना है कि इन मसालों में एथिलीन ऑक्साइड होने की आशंका है। एथिलीन ऑक्साइड का इस्तेमाल कीटनाशक के तौर पर किया जाता है। नेपाल ने भी मसालों की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि मसालों में ये दोनों ही ब्रैंड काफी लोकप्रिय हो गया था। इसका निर्यात भी कई देशों में होता था।



ब्रिटेन ने भी मसालों की जांच का आदेश दिया है। इसके अलावा रिपोर्ट के मुताबिक न्यूजीलैंड, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में भी इन मसालों के खिलाफ जांच शुरू हो सकती है। नेपाल में फूट ऐंड टेक्नॉलजी डिपार्टमेंट के प्रवक्ता मोहन कृष्ण महारजन ने कहा, एवरेस्ट और एमडीएच मसालों के इंपोर्ट पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा बाजार में बिक्री पर रोक लगा दी गई है। मसालों में खतरनाक केमिकल होने की आशंका के बाद यह ऐक्शन लिया गया है। हालांकि इसपर अभी फाइनल रिपोर्ट नहीं आई है। जांच की जा रही है।

जानकारों का कहना है कि एथिलिन ऑक्साइड कैंसरकारी केमिकल है। बता दें कि न्यूजीलैंड के बाजार में भी ये मसाले खूब बिकते हैं। हॉन्कॉन्ग और सिंगापुर की फूड एजेंसियों ने एवरेस्ट की फिश करी पर भी रोक लगा दी थी। हालांकि एजेंसी ने यह भी कहा कि इसकी कम मात्रा में कोई खतरा नहीं है। लेकिन अगर लंबे समय तक सेवन किया जाता है तो कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।


यह एक रंगहीन गैस होती है जिससे गंध आती है। इसका इस्तेमाल एंटी फ्रीज केमिकल बनाने के में किया जाता है।

## इमरान खान की पार्टी को 9 मई की हिंसा के लिए माफी मांगनी होगी, बिलावल भुट्टो की चेतावनी



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने चेतावनी दी है कि इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ ने अगर बीते साल 9 मई को हुए दंगे के मामले में माफी नहीं मांगी तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि पीटीआई गंभीर राजनीतिक पार्टी नहीं है। बिलावल का आरोप- हिंसा में शहीदों के स्मारकों को पहुंचाया गया नुकसान बुधवार को पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में बोलते हुए बिलावल भुट्टो ने कहा कि किसी को भी आतंकी घटनाएं अंजाम देने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। विपक्षी नेताओं ने बीते साल 9 मई को उन शहीदों के स्मारकों का अपमान किया, जिन्होंने देश के लिए अपनी जान दी। गौरतलब है कि बीते साल 9 मई को इमरान खान की गिरफ्तारी के विरोध में पाकिस्तान में हिंसा हुई थी। इस हिंसा के दौरान पीटीआई समर्थकों ने सेना के कई शीर्ष अधिकारियों के घरों के साथ ही सार्वजनिक संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंचाया था। हालांकि इमरान खान और उनकी पार्टी ने हिंसा के आरोपों को नकार दिया है। बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि पीटीआई गंभीर पार्टी नहीं है और उनमें देश की राजनीति करने की कोई इच्छा नहीं है, उनके नेता जेल में रो रहे हैं। पीपीपी नेता ने कहा वे (पीटीआई) अपने निजी हित साधना चाहते हैं।

## जस्टिन ट्रूडो से न हिंदू खुश न सिख, मुस्लिम समर्थन भी घट रहा; सर्वे ने चौंकाया



**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा में अगले साल अक्टूबर में चुनाव हो सकते हैं। इससे पहले आया एक सर्वे प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और लिबरल पार्टी के लिए टेंशन का कारण भी बन सकता है। संकेत मिल रहे हैं कि देश में हिंदू और सिख मतदाता बड़ी संख्या में कंजर्वेटिव पार्टी को मतदान कर सकते हैं। वहीं, सर्वे से यह भी पता चला है कि ट्रूडो की पार्टी मुस्लिम और यहूदियों का भी समर्थन खोती नजर आ रही है।

एन्गस रीड इंस्टीट्यूट या ऋद्ध की तरफ से जारी ताजा सर्वे में कहा जा रहा है कि कंजर्वेटिव के पास हिंदू समर्थन 53 फीसदी पर है। जबकि, सिख के मामले में यह एक पॉइंट ज्यादा है। इससे उलट, लिबरल्स को 22 फीसदी हिंदुओं और 21 फीसदी सिखों का समर्थन हासिल है। कहा जा रहा है कि कंजर्वेटिव्स के प्रति इन समुदायों का रुझान काफी अहम है।

इसकी एक वजह यह भी है कि ये ग्रेटर टोरंटो एरिया, मेट्रो वेंकूवर और कैलगरी में बड़े मतदाता समूह के तौर पर सामने आते हैं और आगामी चुनावों में यह काफी अहम साबित हो सकता है। गाजा और इजरायल के मामले में लगातार संतुलन बनाने की कोशिश में लगी ट्रूडो सरकार के हाथों से मुस्लिम और यहूदी समर्थन भी छिटकता नजर आ रहा है। खबर है कि 41 फीसदी मुस्लिम न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी या एनडीपी का समर्थन कर रहे हैं। जबकि, लिबरल्स के मामले में आंकड़ा 31 प्रतिशत पर है।

इधर, कनाडा में रहने वाले यहूदियों का भी 42 फीसदी समर्थन हासिल है। खास बात है कि कनाडा में रहने वाले मुसलमानों का 15 फीसदी समर्थन कंजर्वेटिव को मिल रहा है। स्टैटिक्स कनाडा की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2021 जनगणना में देश में 8 लाख 30 हजार हिंदू रहते हैं। ये कुल आबादी का करीब 2.3 फीसदी है। खास बात है कि इन संख्या बीते 20 सालों में दोगुनी से ज्यादा हो गई है। इसी तरह सिख आबादी 7 लाख 70 हजार है और आबादी 20 सालों में दोगुनी से ज्यादा हो गई है।

## कनाडा में ज्वैलरी लूटने वाला हथौड़ा गैंग काबू, भारतीय मूल का एक युवक भी गिरफ्तार




**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा में भारतीय मूल के युवाओं की अपराधों में भागीदारी बढ़ती जा रही है। कनाडा में जहां हाल ही में भारतीय मूल के 6 लोगों पर 400 किलोग्राम सोना और 2.5 मिलियन (25 लाख) कनाडाई डॉलर (187 करोड़ रुपए) चोरी करने के आरोप लगे हैं, वहीं पुलिस ने अब मिसिसॉगा मॉल में दो ज्वेलरी शॉप में डकैती के बाद 20 वर्षीय भारतीय मूल के युवक सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि हथौड़ों से लैस एक गिरोह के 6 सदस्यों ने मिसिसॉगा मॉल में डकैतियों को अंजाम दिया था। ये डकैती की वारदातें 9 और 10 मई को हुई थीं और भारतीय मूल का तेजपाल तूर नाम का युवक भी इसी हथौड़ा गैंग का सदस्य था।

लूटपाट कर भाग रहे थे आरोपी

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 9 मई को मिसिसॉगा मॉल में लुटेरों ने कई डिस्प्ले केस तोड़ दिए थे और बड़ी मात्रा में ज्वैलरी लूट ली थी। लुटेरे चोरी की गाड़ी से आए थे और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। जिस गाड़ी से लुटेरे फरार हुए उसके बारे में पहले ही टोरंटो में चोरी की सूचना मिली थी। अगले दिन यानी 10 मई को पुलिस एक अन्य मिसिसॉगा मॉल में गश्त कर रही थी, तभी 5 संदिग्धों ने एक अन्य आभूषण की दुकान को निशाना बनाया। लुटेरे हथौड़ों से लैस होकर आए थे, उन्होंने पिछले दिन की डकैती की वारदात को दोहराते हुए डिस्प्ले केस तोड़े और कीमती गहने लेकर भागने लगे।

इसके बाद पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया और भारतीय मूल के 20 वर्षीय आरोपी तेजपाल तूर समेत तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों से चोरी की गाड़ी भी बरामद कर ली। पुलिस की जांच में सामने आया है कि तेजपाल तूर पेशेवर बदमाश है, वह अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर भेष बदलकर डकैती, दूसरों की संपत्ति पर कब्जा करने समेत कई वारदातों को अंजाम दे चुका था।

### रूस कर रहा यूक्रेन के राष्ट्रपति का दुष्प्रचार, अमेरिका खुफिया एजेंसी का दावा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका खुफिया एजेंसी ने बताया कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के खिलाफ दुष्प्रचार शुरू कर दिया है। उन्होंने उनकी वैधता पर भी सवाल उठाए हैं। मॉस्को ने युद्ध शुरू होने से पहले ही जेलेंस्की दुष्प्रचार शुरू कर दिया था। रूस और यूक्रेन के बीच कई महीनों से संघर्ष चल रहा है। लेकिन युद्ध शुरू होने से पहले ही रूस ने यूक्रेन के खिलाफ गलतबयानी करनी शुरू की थी। उत्तर पूर्वी यूक्रेन में रूसी हमलों के बढ़ने के खिलाफ यूक्रेन सेना के संघर्ष के बाद से यूक्रेन के राष्ट्रपति का दुष्प्रचार बढ़ा है।

एक अधिकारी ने कहा कि मैं वास्तव में इस दुष्प्रचार के प्रयास को इस संघर्ष में अपने देश के स्थिर और समर्पित राष्ट्रपति जेलेंस्की से जोड़ूंगा। अमेरिकी खुफिया ने यूक्रेन के पूर्वी शहर अवदीवका से वापसी का संकेत दिया। वहीं यूक्रेन ने युद्ध के कारण इस वसंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को स्थगित कर दिया। वहीं रूसी लोग चुनाव के विलंबित होने पर तर्क देते हुए कहते हैं कि यूक्रेन के जेलेंस्की की वैधता पर सवाल उठाएंगे। रूस को यूक्रेन के अवदीवका पर कब्जा करने के लिए सैनिकों को काफी नुकसान हुआ था।

## पाकिस्तानी सांसद ने बयां किए अपने देश के हालात, कहा भारत चांद पर और हम गटर में

**ईस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत की तरक्की को देखकर पाकिस्तानी आवाम में एक टीस उठती है कि वे पीछे क्यों रह गए। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के एक नेता ने कराची के हालात बताते हुए कहा कि दुनिया चांद पर जा रही है और हमारे यहां मासूम बच्चे खुले हुए गटर में गिरकर मर रहे हैं। एक ही स्क्रीन पर खबर है कि भारत चांद पर चला गया और उसी स्क्रीन पर 2 सेकेंड बाद खबर है कि कराची में किसी गटर में ढक्कन न होने से बच्चे गटर में गिरकर मर गए। उन्होंने कराची में पानी की भी किल्लत बताई। कहा का कराची में पानी माफिया टैंकरों के पानी को चोरी करके बेचते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक मुत्ताहिद कौमी मूवमेंट पाकिस्तान(एमक्यूएम-पी) के सांसद सैय्यद मुस्तफा कमाल ने संसद में बोलते हुए अपना यह दर्द बयां किया। पाकिस्तान के सभी सांसद उन्हें चुपचाप सुनते रह गए। सैय्यद मुस्तफा ने कहा कि पाकिस्तान में ये हर तीसरे दिन ऐसा ही हो रहा है कि बच्चे गटर में गिर रहे हैं। मगर इस समस्या का निदान करने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 सालों से कराची जैसे शहर को एक कतरा नया पानी नहीं दिया गया। उन लाइनों में जो पानी आता था, उसको चोरी करके पानी माफिया बेच रहे हैं। आज सिंध भर में 48 हजार स्कूल हैं, उनमें से 11 हजार घोस्ट स्कूल होने की रिपोर्ट आई है। हमारे मुल्क में 2 करोड़ 62 लाख बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। यह आंकड़ा भयावह है।



एमक्यूएम नेता ने पाकिस्तान के हालात पर चिंता जताते हुए मौजूदा स्थिति को भयावह बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कराची जैसे शहर मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। जबकि पाकिस्तान की कुल जीडीपी में कराची एक बड़ा हिस्सा साझा करता है। बावजूद कराची शहर की हालत दयनीय है। सैय्यद मुस्तफा ने अपना यह दर्द सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी शेयर किया है।

## भारतीय अमेरिकियों को हर पद के लिए चुनाव लड़ना होगा : कृष्णमूर्ति

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में भारतीय मूल के प्रभावशाली सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने समुदाय के लोगों से कहा कि अब समय आ गया है कि वे प्रत्येक निर्वाचित पद के लिए चुनाव लड़ें और हर बार मतदान जरूर करें। साथ ही उन्होंने देश के नागरिक मामलों में भागीदारी के महत्व को भी रेखांकित किया। डेमोक्रेटिक थिंक-टैंक 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट के वार्षिक समारोह के लिए यहां एकत्रित हुए भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करते हुए कृष्णमूर्ति ने कहा, ''हमें मतदान करना होगा। क्या आगामी चुनाव में यहां मौजूद हर व्यक्ति वोट देगा? क्योंकि हम राजनीति पर बात तो दिनभर कर सकते हैं, लेकिन राजनीति का हिस्सा बनना अलग बात है। याद रखिए, राजनीति केवल एक संज्ञा नहीं है, बल्कि एक क्रिया है और हमें इस साल राजनीति में हिस्सा लेना है। हमें मतदान करना है।

उनकी यह टिप्पणी नवंबर 2024 में होने वाले अमेरिकी राष्टपति चुनाव से पहले आई है, जिसमें डेमोक्रेट नेता और वर्तमान राष्टपति जो बाइडन का मुकाबला रिपब्लिकन नेता और पूर्व राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प से होगा। प्रतिनिधि सभा में शिकागो का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सदस्य ने कहा, ''दूसरी बात यह है कि हमें खुद से ज्यादा राजनीतिक हितों के लिए काम करना है। हमें अपने स्थानीय मंदिरों का समर्थन करना होगा। हमें स्थानीय मस्जिदों का समर्थन करना होगा। हमें हमारे स्थानीय गैर-लाभकारी संगठनों का समर्थन करना होगा। मुझे उम्मीद है कि आप ऐसा करेंगे।

उन्होंने कहा, ''आप डेमोक्रेट हो, रिपब्लिकन हो या निर्दलीय हो, मुझे फर्क नहीं पड़ता; बस आप इस बात को समझें कि आपको आपके देश के प्रशासनिक मामलों में भागीदारी की जरूरत है और अब ऐसा करने का समय आ गया है। कृष्णमूर्ति ने कहा, ''मेरा तीसरा और अंतिम बिंदु है कि यह हर स्तर के पदों पर चुनाव लड़ने का समय है। इसी समारोह में उप राष्टपति कमला हैरिस ने एक दिन पहले कहा था कि अमेरिका में निर्वाचित पदों पर भारतीय अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व काफी कम है। अधिक से अधिक लोग चुनाव लड़ने के बारे में सोचेंगे। आप शहर काउंसिल के लिए लड़ सकते हैं, राज्य विधायिका के लिए लड़ सकते हैं या सीनेट के लिए लड़ सकते हैं। आप कांग्रेस के लिए लड़ें। कृष्णमूर्ति ने समुदाय को संगठित करने में थिंक टैंक 'भारतीय अमेरिकी इंपैक्ट की भूमिका की प्रशंसा की।





आईपीएल 2024

# यह तो एमएस धोनी शो होगा... पूर्व क्रिकेटर ने महामुकाबले से पहले RCB को दे डाली ऐसी चेतावनी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में जगह बनाने की कोशिश कर रही दो दिग्गज टीमों के बीच यह करो या मरो का मुकाबला होगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु एक बार फिर से विराट कोहली पर भरोसा करेगी कि वह उन्हें जीत की ओर ले जाए। आधिकारिक कप्तान न होने के बावजूद आरसीबी स्टार अपनी टीम के लीडर हैं।

इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स मौजूदा सीजन में अपनी मजबूत शुरुआत को बरकरार रखने में विफल रहने के बावजूद मुश्किल में फंसी है। दूसरी ओर, चेन्नई सुपर किंग्स के पास किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर रहने की मजबूरी नहीं है। शिवम दुबे ने अपनी पावर-हिटिंग क्षमताओं के साथ उन्हें जीत दिलाई है, इस बीच कप्तान नियुक्त होने के बाद रुतुराज गायकवाड़ ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेलकर योगदान दिया है। यहां तक कि एमएस धोनी ने भी निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम के लिए योगदान दिया है।

डेथ ओवरों में उनकी छोटी-छोटी पारियां महत्वपूर्ण रही हैं और गायकवाड़ की जगह फील्डर लगाने से उनकी नेतृत्व क्षमता का अच्छा प्रदर्शन हुआ है। सीजन के पहले मैच से पहले CSK ने धोनी की जगह गायकवाड़ को कप्तान बनाया था। हालांकि, मैदान पर धोनी ही कप्तान हैं। वही फैसले लेते हैं। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने कहा कि गत चैंपियन टीम धोनी पर भरोसा कर सकती है, खासकर चिन्नास्वामी स्टेडियम में उनके प्रदर्शन की क्षमता के कारण। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि यह मैच एमएस का शो होगा, क्योंकि सब कुछ इसी के लिए तैयार हो रहा है। मुझे लगता है कि यह ऐसा ही होगा, क्योंकि उन्हें चिन्नास्वामी स्टेडियम बहुत पसंद है।

संक्षिप्त समाचार

## टी-20 वर्ल्ड कप के वार्म-अप मैच का शेड्यूल जारी

● एक मैच खेलेगा भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड नहीं खेलेंगे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने टी-20 वर्ल्ड कप के वार्म-अप मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया है। टीम इंडिया अमेरिका और वेस्टइंडीज में अगले महीने खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले केवल एक वार्म-अप मैच 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ SA में खेलेगी।

**वार्म-अप मैच में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड नहीं खेलेंगे**

वर्ल्ड कप में भाग लेने वाली 20 टीमों में से 17 टीमें ही वार्म- अप मैच में हिस्सा लेंगी। वहीं पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की टीम वार्म-अप मैच नहीं खेलेगी।

**तीन शहरों में खेले जाएंगे वार्म-अप मैच**

वार्म-अप मैच 16 मैच 27 मई से 1 जून के बीच अमेरिका और वेस्टइंडीज के त्रिनिदाद एंड टोबैगो में खेले जाएंगे।

रिटायरमेंट

## छेत्री की कमी तो खलेगी, पर सही फैसलाः थापा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय फुटबॉलर श्याम थापा ने कहा कि देश को सुनील छेत्री की कमी तो खलेगी। क्योंकि छेत्री ने देश के लिए बहुत लंबा समय दिया। एक युग का समापन होगा। जब-जब भारतीय फुटबॉलर के लिए मैदान में उतरेंगे, लोग कहीं न कहीं छेत्री को तलाशेंगे। देश को सुनील छेत्री की कमी तो खलेगी। क्योंकि छेत्री ने देश के लिए बहुत लंबा समय दिया। एक युग का समापन होगा। जब-जब भारतीय फुटबॉलर के लिए मैदान में उतरेंगे, लोग कहीं न कहीं छेत्री को तलाशेंगे। बेहतरीन खिलाड़ी जब रिटायरमेंट की बात कहता है तो खेल प्रेमियों में निराशा तो होती है। पर उन्होंने सही समय पर सही फैसला लिया है। यह कहना है कि बाईसाइकिल किक के नाम से मशहूर देश के पूर्व फुटबॉलर श्याम थापा का।

बकौल थापा, सुनील छेत्री ने देश के फुटबॉल को नए मुकाम तक पहुंचाया। उन्होंने अधिकतर गोल, पेनाल्टी या हेड से किए हैं। पेनॉल्टी को गोल में बदलने का मतलब है कि आप पर दबाव रहता है। उन्होंने हमेशा दबाव में टीम का आगे बढ़कर नेतृत्व किया।

### उत्तराधिकारी की रेस में हैं कई खिलाड़ी

थापा कहते हैं, जब एक नायक स्थान छोड़ता है तो यह सवाल स्वाभाविक है कि अगला कौन। सुनील के रिटायरमेंट के बाद यह सवाल सबके मन में है कि उनका उत्तराधिकारी कौन होगा। देश में कई क्लब हैं और कई खिलाड़ी अच्छा खेल रहे हैं। अभी यह कहना कि उत्तराधिकारी कौन होगा, थोड़ी जल्दबाजी होगी। समय के साथ खिलाड़ी परिपक्व होते हैं, कई खिलाड़ी उनके उत्ताराधिकारी बनने की रेस में हैं।

आईपीएल 2024

# बारिश ने हैदराबाद को दिलाया प्लेऑफ का टिकट

**हैदराबाद, एजेंसी।** बारिश ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल के प्लेऑफ का टिकट दिला दिया। बारिश के कारण हैदराबाद और लखनऊ का मैच रद्द हो गया और इससे दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले। हैदराबाद के अब 15 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। हैदराबाद प्लेऑफ में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन गई है। इससे पहले कोलकाता नाइटराइडर्स और राजस्थान रॉयल्स जगह पक्की कर चुकी हैं।



### टॉस भी नहीं हो सका

बारिश के कारण हैदराबाद और गुजरात के मैच में टॉस भी नहीं हो पाया। एक समय बारिश रुकने के बाद अंपायरों ने रात आठ बजे टॉस और 8: 15 से मैच शुरू करने का फैसला किया था। लेकिन टॉस के समय से पहले ही फिर बारिश आ गई। इसके बाद लगातार बारिश के चलते अंपायरों ने मैच को रद्द करने का फैसला किया। वहीं, गुजरात का यह लगातार दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द हुआ है। इससे पहले उसका कोलकाता के खिलाफ भी मैच रद्द हुआ था। उससे पहले कोलकाता और मुंबई के बीच मुकाबला भी बारिश से प्रभावित रहा था। वह मैच दो घंटे 15 मिनट की देरी से शुरू हुआ था और 16-16 ओवर का हुआ था।

### 2020 के बाद पहली बार प्लेऑफ में पहुंची हैदराबाद

साल 2020 के बाद हैदराबाद ने प्लेऑफ में जगह बनाई है, जबकि टीम ने कुल सातवीं बार प्लेऑफ का टिकट कटाया है। हैदराबाद के प्लेऑफ में पहुंचने से दिल्ली कैपिटल्स दौड़ से बाहर हो गई है। दिल्ली के 14 मैचों में 14 अंक हैं और उसके सभी मैच खत्म हो गए हैं। वह -0.377 रन रेट के साथ पांचवें स्थान पर रह गई है।

### एक जगह के लिए तीन टीमें दौड़ में

अब प्लेऑफ के लिए शेष एक जगह भरने के लिए तीन टीमें चेन्नई सुपरकिंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू और लखनऊ सुपरजाएंट्स दौड़ में हैं। हैदराबाद के अब 13 मैचों में 15 अंक हैं और चेन्नई सुपर किंग्स को छोड़कर कोई भी अन्य टीम 15 या इससे ज्यादा अंक नहीं बना सकती है। ऐसे में सनराइजर्स ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया। चेन्नई के 13 मैचों के बाद 14 अंक हैं। टीम को 18 मई को बेंगलुरु से भिड़ना है। बेंगलुरु और लखनऊ दोनों के 12-12 अंक हैं। हालांकि, लखनऊ का नेट रन रेट काफी निगेटिव है और उन्हें इसका भरपाई कर पाना मुश्किल होगा। ऐसे में चेन्नई और बेंगलुरु के बीच मुकाबला वर्चुअल नॉकआउट माना जा रहा है।

चेन्नई-बेंगलुरु के बीच वर्चुअल नॉकआउट

चेन्नई और बेंगलुरु के बीच चिन्नास्वामी में मुकाबले में जो भी टीम जीतेगी, वह प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम होगी। बेंगलुरु को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए या तो 18 या इससे ज्यादा रन से मैच जीतना होगा। या फिर चेज करते हुए 10 या इससे ज्यादा शेष रहते मैच को खत्म करना होगा। यानी बेंगलुरु को 18.1 ओवर या इससे पहले लक्ष्य हासिल करना होगा। यह आंकड़े उस स्थिति के हैं जब पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 200 रन का स्कोर बनाती है।

### दूसरे स्थान के लिए राजस्थान-हैदराबाद में जंग

इतना ही नहीं रविवार को दो और शानदार मुकाबले खेले जाएंगे। राजस्थान का सामना गुवाहाटी में कोलकाता से और सनराइजर्स का सामना हैदराबाद में पंजाब किंग्स से होगा। अगर राजस्थान की टीम कोलकाता को हराने में कामयाब रहती है तो टीम दूसरे स्थान पर रहकर लीग राउंड को खत्म करेगी। इस स्थिति में हैदराबाद-पंजाब मैच का कोई महत्व नहीं रह जाएगा। ऐसे में पहला क्वालिफायर कोलकाता और राजस्थान के बीच होगा।

### चेन्नई के पास भी दूसरे स्थान पर पहुंचने का मौका

वहीं, अगर सनराइजर्स की टीम पंजाब को हरा देती है और कोलकाता की टीम राजस्थान को हरा देती है तो हैदराबाद की टीम दूसरे स्थान पर रहकर लीग राउंड खत्म करेगी। तब पहला क्वालिफायर कोलकाता और हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। चेन्नई की टीम भी दूसरा स्थान हासिल कर सकती है.

आईपीएल 2024



# कोहली ने आरसीबी के इंटरव्यू में किए बड़े खुलासे

● छेत्री और बेटी वामिका के लिए कही बड़ी बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबाल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कल संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था . जिसपर उनके दोस्त और भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने उनसे बात की है. कोहली इस सीजन बल्ले से काफी शानदार फॉर्म में नजर आ रहे है और हर मैच में उनके बल्ले से रन देखने को मिल रहा है. इसी बीच कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के प्रेजेंटर नैग्स से बात की है.

इसी बातचीत में कोहली ने अपने दोस्त सुनील छेत्री को लेकर बोले की वो महान खिलाड़ी है. सुनील ने मुझे मैसेज करके बताया था कि वह संन्यास लेने जा रहा है. आगे कोहली ने कहा की मुझे लगता है कि वह अपने इस फैसले से काफी संतोष महसूस कर रहा है.

### कोहली ने क्या कहा

विराट ने कहा की सुनील काफी शानदार इंसान है और पिछले कुछ सालों में हम काफी करीब आए है. सुनील को मैं उनके आने वाले करियर को लेकर ढेर सारी बधाई देता हूं. इसी वीडियो में कोहली ने अपनी बेटी वामिका को लेकर भी बात की है. आगे कोहली बोलते है की वामिका अब बल्ला घुमाने लगी है और मैं कभी अपने बच्चों पर क्रिकेट खेलने को लेकर दबाव नहीं बनाया है और ना ही बनायेंगे . कोहली ने आगे कहा की मेरी बेटी ने बल्ला उठाया और उसे घुमाने में मजा आ रहा है लेकिन उसे आगे क्या बनना है, यह उसका फैसला होगा .

### चेन्नई के खिलाफ अहम मैच

आरसीबी की टीम को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 18 मई को सबसे अहम मुकाबला खेलना है. जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की टीम को जीत दर्ज करना काफी अहम है. प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए आरसीबी को चेन्नई से 18 रनों से बड़ी जीत दर्ज करनी होगी.

तभी उसकी जगह प्लेऑफ में बन पाएगी. आरसीबी को बड़ी जीत दर्ज करने के लिए विराट कोहली के बड़े पारी खेलनी होगी.



जय शाह ने दिया बड़ा बयान

# ये चार टीमें होगी टी20 विश्व कप जिताने की प्रबल दावेदार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 1 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप खेला जाना है. जिसको लेकर सभी टीमों अपनी तैयारी में जुटी हुई है और विश्व कप में बेहतर खेल दिखाने वो लेकर काफी उत्सहित है.

भारतीय टीम ने भी टी20 विश्व कप के लिए अपने 15 खिलाड़ियों का ऐलान कर दिया है. जिसके बाद उनसे शानदार प्रदर्शन की उम्मीद भारतीय फैंस लगाए बैठे है. पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में भारतीय टीम ने फाइनल में तो जगह बनाई लेकिन उसे वहां पर हर का सामना करना पड़ा था. इसलिए फैंस टी20 विश्व कप में भारत को चैंपियन देखना चाहते है. इसी को लेकर बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बयान दिया है.

### जय शाह ने दिया बयान

को दिए इंटरव्यू में जय शाह से जब पूछा गया की वो इस टी20 विश्व कप में किन 4 टीमों को सेमीफाइनल में देखते है. शाह ने भारत , ऑस्ट्रेलिया , न्यूजीलैंड और मेजबान टीम वेस्टइंडीज का नाम लिया. वेस्टइंडीज को लेकर शाह ने कहा की ये टी20 क्रिकेट की शानदार टीम है. इस साल होने वाले टी20 विश्व कप में अधिकतर पूर्व खिलाड़ियों का मानना है की ये चारों टीमें सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाते हुए नजर आ सकती है.

भारतीय टीम टी20 के रैंकिग में पहले नंबर पर तो वही उसकी टीम को देखकर लोग उसके सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद कर रहे है.

### कैसा रहा है रिकॉर्ड


भारतीय टीम का रिकॉर्ड वैसे टी20 विश्व कप में काफी अच्छा रहा है. भारत टी20 विश्व कप के पहले सीजन में ट्रॉफी उठाई थी. उसके बाद उसे साल 2013 के टी20 विश्व कप के फाइनल में तो जगह बनाई लेकिन वहां श्रीलंका के हाथों उसे हार का सामना करना पड़ा था.

पिछले चार टी20 विश्व कप में भारत ने 1 बार फाइनल ,2 बार सेमीफाइनल तो वही एक बार ग्रुप स्टेज से ही बाहर होना पड़ा. इस साल के फैंस को रोहित की कप्तानी वाली टीम से काफी सारी उम्मीदें है.

# आईपीएल 2024 में चौके से ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज, अभिषेक ने चौंकाया, शीर्ष तीन में दो भारतीय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस सीजन कुछ ऐसे बल्लेबाज भी रहे हैं जिन्होंने चौके से ज्यादा छक्के लगाए हैं। इस मामले में शीर्ष तीन में दो भारतीय हैं। इस लिस्ट में उन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिन्होंने इस सत्र में कम से कम 10 छक्के लगाए हों। आईपीएल 2024 में अब तक कुछ बेहद शानदार मैच देखने को मिले हैं।

इस सीजन अब तक 37 बार 200+ के स्कोर बने हैं, जो कि आईपीएल 2023 के बराबर आंकड़े हैं। वहीं, इस सीजन चार बार उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड भी टूटा, जबकि सबसे बड़े चेज का भी रिकॉर्ड बना। इस सीजन अब तक 1133 छक्के और 1978 चौके लग चुके हैं। यह पिछले सीजन से काफी ज्यादा हैं। अब तक आईपीएल के किसी एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगने का रिकॉर्ड 2023 में था। आईपीएल 2023 में 1124 छक्के लगे थे। इस सीजन सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने तहलका मचा रखा है।



**आईपीएल 2024 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज**

| बल्लेबाज | मैच | रन | छक्के |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा | 12 | 401 | 35 |
| विराट कोहली | 13 | 661 | 33 |
| सुनील नरेन | 12 | 461 | 32 |
| ट्रेविस हेड | 11 | 533 | 31 |
| रियान पराग | 13 | 531 | 31 |

अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने ओपनिंग करते हुए कुछ ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं, जो शायद ही किसी ने सोचा होगा। इन दोनों ने टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई है। इतना ही नहीं इस सीजन कुछ ऐसे बल्लेबाज भी रहे हैं जिन्होंने चौके से ज्यादा छक्के लगाए हैं। इस मामले में शीर्ष तीन में दो भारतीय हैं। आईपीएल 2024 में 12 ऐसे खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने चौके से ज्यादा छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में उन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिन्होंने इस सत्र में कम से कम 10 छक्के लगाए हों।

इस सीजन चौके से ज्यादा छक्के लगाने के मामले में अभिषेक शीर्ष पर हैं। उन्होंने अब तक आईपीएल 2024 में 35 छक्के और 30 चौके लगाए हैं। अभिषेक भले ही टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में न चुने गए हों, लेकिन वह ओपनिंग के तौर पर नई खोज रहे हैं। अभिषेक अब तक इस सीजन 12 पारियों में 36.45 की औसत और 205. 64 के स्ट्राइक रेट से 401 रन बनाए हैं। वहीं, सनराइजर्स के ही हेनरिक क्लासेन चौके से ज्यादा छक्के लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने इस सत्र में 31 छक्के और 12 चौके लगाए हैं।

# ब्राजील में होगा 2027 फीफा महिला फुटबॉल विश्व कप



**बैंकॉक, एजेंसी।** ब्राजील में 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप होगा चूंकि फीफा के पूर्णकालिक सदस्यों ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी के संयुक्त प्रस्ताव पर दक्षिण अमेरिकी देश को तरजीह दी है।

फीफा कांग्रेस ने ब्राजील के पक्ष में 119 वोट दिए जबकि संयुक्त यूरोपीय बोली को 78 वोट मिले। अमेरिका और मैक्सिको ने संयुक्त प्रस्ताव पिछले महीने वापिस ले लिया था जबकि दक्षिण अफ्रीका ने नवंबर में अपनी दावेदारी वापस ले ली थी। पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप दक्षिण अमेरिका में होगा। टूर्नामेंट पहली बार 1991 में खेला गया था।

# लगातार बढ़ रहे हैं लू के मरीज




**खूंटी, एजेंसी।** जिले में गर्मी के मौसम में जलवायु परिवर्तन से प्रतिदिन तापमान में वृद्धि हो रही हैं। इसके कारण लोगों के स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव देखा जा रहा हैं। गर्म हवा चलने से लोग लू की चपेट में आ रहे हैं। शहर के सदर अस्पताल में लू से पीड़ित मरीज प्रतिदिन इलाज के लिए सैंकड़ों की संख्या में पहुंच रहे हैं। गुरुवार को अस्पताल में हीट स्ट्रॉक के संभावित मरीज-10, बुखार-32, सर्दी-खांसी-7, लूजमोसन-19 थे।

**बचाव के विभागीय निर्देश :** राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के आलोक में गर्मी से होनेवाली बीमारियों की निगरानी के लिए कई महत्वपूर्ण 16 दिशा निर्देश दिए गए हैं। जिसमें सभी अस्पतालों में गर्मी प्रारंभ होने से पूर्व गर्मी से प्रभावित मरीजों से निपटने की विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के लिए कहा गया था। अस्तपालों में चिकित्सक, पारा मेडिकल स्टाफ को उन्मुखी किया जाना था। प्रोटोकॉल का पालन, अस्पताल में डेडीकेटेड बेड, 5 वर्ष से कम आयुवर्ग वाले बच्चे, गर्भवती महिला, वरिष्ठ नागरिक के लिए आउट रीच क्लीनिक व्यवस्था, मरीजों के लू के लक्षण की जांच, पर्याप्त मात्रा में इंट्रा वेनस पल्यूड, ओआरएस पैकेट, बुखार की दवा, 104 सेवा केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जागरुकता अभियान, पीआईपी जिला में बचने के लिए आईपैक, कोल्ड, वाटर, फैन, एयर कूलर, ओआरएस पैकेट, एंटी ड्रग एवं अन्य दवाएं, लोगों को नशीले पदार्थ शराब, उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य, पदार्थ और कार्बोनेटेड शीतल पेय के सेवन से बचना, गर्म हवाओं कि स्थिति जानने के रेडियो, टीवी, पर मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी, हल्के ढीले-ढाले सूती वस्त्र पहनना, धूप मे चश्मा, छाता, टोपी, एवं जूता पहन कर घर से निकलना, चक्कर आने, मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करना, शीतल पेय जल फल का रस, लस्सी, मट्ठा आदि का सेवन, उल्टी, सिर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्र में जाकर सलाह प्राप्त किया जाना, यात्रा के समय पानी का बोतल अवश्य रखने का निर्देश दिया गया है।

दिशा निर्देश के आलोक में शहरी क्षेत्र में यूपीएचसी हीट कॉर्नर है। जिले सदर एवं रेफरल अस्पताल, तोरपा में हिट कॉर्नर की व्यवस्था की गई हैं। जिले के प्रखंड स्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी हैं। इन अस्पतालों में ठंडा पानी, आईस पैक, ओआरएस पैक, फंखा एवं एसी लगाया गया हैं।

जिला अस्पताल, रेफरल अस्पताल तोरपा, प्रखंड के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अलग से इमरजेंसी हेतु बेड की व्यवस्था की गई हैं। मरीज को तुरंत एडमिट कर उपचार करने के लिए प्रत्येक अस्पतालों में पांच-पांच बेड की सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं। जरूरत पड़ने पर इनकी संख्या में वृद्धि की जाएगी।

जिले के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने लू से बचाव के संबंध में बताया कि सतर्क ही सही बचाव हैं। सुगर, ब्लेड प्रेशर, आदि रोगियों को लू से बचने के लिए कहा। अधिक उम्र के लोगों को बीच-बीच में डॉक्टरों से स्वास्थ्य जांच कराते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गर्मी की शुरुआत में ही प्रचार-प्रसार किया गया। पूर्व में ही तापमान में वृद्धि की सूचना मिली थी। उन्होंने लोगों को सलाह दी है कि घर से धूप में निकलने से पहले शरीर को ढंककर निकलना और माथे पर पगड़ी रखना जरूरी है। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की भी सलाह दी है। उन्होंने कहा कि मरीजों को दवाएं, ओआरएस निःशुल्क दिया जाता है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 100 मरीजों को हिट वेब की गंभीर अटैक से बचाया जा चुका है।

## आलमगीर आलम की गिरफ्तारी से बैकफुट पर कांग्रेस, संताल की सियासत में भी असर पड़ने के आसार

**रांची, एजेंसी।** आलमगीर आलम संताल परगना के बड़े अल्पसंख्यक चेहरा हैं। झारखंड सरकार में भी इनकी हैसियत नंबर दो की थी। चुनाव के दौरान इनकी गिरफ्तारी राज्य के सियासी हलके में भी चर्चा का विषय बनी हुई है। संताल की सियासत में भी आलमगीर की गिरफ्तारी का असर पड़ने के आसार हैं।

**एक बड़े नुकसान का डर :** जानकारों की मानें तो एक तरफ आलमगीर की गिरफ्तारी से अल्पसंख्यकों में सहानुभूति की लहर पैदा हो सकती है और इसका फायदा इंडिया गठबंधन को मिल सकता है। दूसरी तरफ लोगों का मानना है कि आलमगीर के करीबी के यहां से करोड़ों की कैश बरामदगी के कारण दांव उलटा पड़ सकता है। इससे बड़ा नुकसान हो सकता है।

**कांग्रेस ने बनाई दूरी :** दूसरी ओर, कैश बरामदगी के बाद से ही कांग्रेस ने आलमगीर आलम से दूरी बना ली थी। झारखंड में राहुल गांधी की चुनावी सभाओं में आलमगीर आलम को नहीं बुलाया जाना इसका प्रमाण है। पिछली बार हुई सभा में आलमगीर आलम मौजूद नहीं थे।

**बैकफुट पर कांग्रेस :** आलमगीर झारखंड के सर्वाधिक मुस्लिम मतदाता बहुल पाकुड़ से विधायक हैं। कैश कांड के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर भाजपा के स्टार प्रचारक आलमगीर पर बोल रहे हैं। संताल के तीन लोक सभा क्षेत्र दुमका, गोड्डा और राजमहल में अंतिम चरण यानी एक जून को मतदान होना है। मतदान के एक पखवाड़ा पहले आलमगीर की ईडी द्वारा गिरफ्तारी का असर तीनों सीटों पर भी अवश्य पड़ेगा। बहरहाल देखना यह है कि संताल के मतदाता इसे किस रूप में लेते हैं यह परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा। इतना तो स्पष्ट है कि आलमगीर की गिरफ्तारी से कांग्रेस बैकफुट पर है।

**इस्लामपुर स्थित मंत्री के आवास पर पसरा सन्नाटा :** सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को कैश कांड में ईडी के द्वारा बुधवार की शाम को गिरफ्तार कर लेने के बाद यहां इस्लामपुर स्थित उनके पैतृक आवास पर सन्नाटा पसरा है। मकान का मेन गेट बंद है। अंदर कैंपस में सुरक्षा गार्ड वगैरह नजर नहीं आ रहा है। रात करीब 8.40 बजे उनके आवास पर पहुंचने पर कोई चहल-पहल नहीं दिखी। कैम्पस में गार्ड या कोई कर्मी तक दिखाई नहीं पड़े। कैम्पस में बिजली की रोशनी से खिड़की व कमरों का दरवाजा बंद दिख रहा था। आसपास रहने वाले कुछ ग्रामीणों ने बताया कि मंत्री के परिवार के अभी रांची में हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**गिरडीह/बेंगाबाद, एजेंसी।** मधवाडीह पंचायत के जमबाद गांव में एक किराना दुकान का ताला तोड़कर बदमाशों ने गुरूवार की रात बीस हज़ार रुपये नगदी सहित दस हजार रुपये मूल्य की संपत्ति चुरा कर ले गया। इस सिलसिले में दूकान संचालक आसीफ खान ने बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर पुलिस को इस घटना की सूचना दे दिया है। बताया जाता है, कि गर्मी से राहत के लिए रात को दूकान बंद कर लोग छत पर सोया हुआ था। मौके का फायदा उठाकर बदमाशों ने दूकान का ताला तोड दिया। गल्ला में रखे बीस हज़ार नगदी, पैट्रोल से भरा प्लास्टिक का जार के अलावे कई अन्य समानों को चुरा लिया। छत के नीचे दूकान में आहट सुनने के बाद दूकानदार की नींद खुल गई। छत से उसने टार्च जलाकर देखा। बदमाशों की इसकी भनक मिलते ही वहां से भाग निकलने में सफल रहा। दूकानदार द्वारा शोर मचाने पर गांव के लोग भी वहां जमा हो गए। इस बीच चोरी की घटना को अंजाम देकर बदमाश भाग निकलने में सफल रहा। सूचना मिलने पर स्थानीय मुखिया मो सद्दीक अंसारी सुबह को घटनास्थल पर पहुंचा, दूकान से चोरी गए समानों के बारे जानकारी लिया। मुखिया ने इस घटना पर चिंता व्यक्त किया है, और पुलिस से इस मामले मे आवश्यक कार्रवाई करने की मांग किया है।

### जयप्रकाश नगर समेत कई क्षेत्रों को मिलेगी अच्छी बिजली

**धनबाद, एजेंसी।** शहर की हाउसिंग कॉलोनी सब स्टेशन से पॉलीटेक्निक सब स्टेशन जोड़ दिया जाएगा। कनेक्शन जुड़ जाने से बिशनपुर, बाबूडीह, जयप्रकाश नगर, नाला, पांडरपाला, पॉलीटेक्निक रोड, वीआईपी कॉलोनी सहित आसपास क्षेत्र में रह रहे लोगों को इसका लाभ मिलेगा। विभागीय अधिकारी का कहना है कि गेल कंपनी ने ऑक्सीजन पाइप बिछाने क्रम में जयप्रकाश नगर से लेकर पॉलीटेक्निक सब स्टेशन तक कई जगहों पर लीकेज कर दिया है। हालांकि इसकी रिपेयरिंग विभाग की ओर की गई है, लेकिन जैसे ही लोड बढ़ने या फिर घटने पर लाइन तुरंत ट्रीप कर जाती है। इससे क्षेत्र में बिजली संकट गहरा जा रहा है। विभागीय अधिकारी का कहना है कि हाउसिंग कॉलोनी सब स्टेशन से पॉलीटेक्निक सब स्टेशन जुड़ जाने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। एक जगह पर लाइन खराब होने पर दूसरी ओर से बिजली आपूर्ति की जाएगी। अभी स्थिति यह है कि जयप्रकाश नगर के आधे क्षेत्र में पॉलीटेक्निक सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति की जा रही और आधे क्षेत्र में हाउसिंग कॉलोनी सब स्टेशन से। पॉलीटेक्निक सब स्टेशन का लाइन अक्सर खराब हो जाती है।

### राष्ट्रहित वाले के पक्ष में वोट करने व अधिकाधिक कराने की अपील

**देवघर, एजेंसी।** राष्टीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता ग्रामीण इलाकों में घर–घर पहुंच कर मतदाता जागरुकता अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला स्थित सारवां प्रखंड के सारवां व पहरिया पंचायत के विभिन्न गांवों में संघ की ओर से मतदाता जागरुकताअभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व नेत्र रोग विशेषज्ञ सह संघ के पदाधिकारी डॉ.एनडी मिश्रा ने किया। मौके पर संघ के पदाधिकारी ने आगामी लोकसभा चुनाव में राष्टहित की बात करने वाले प्रत्याशी व पार्टी को वोट देने एवं दिलाने की अपील की। इस दौरान संघ के मूल सिद्धांत की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि राष्टीय स्वयंसेवक संघ के प्रत्येक स्वयंसेवक अपने जीवन में सामाजिक समरसता, कुटूंब भाव, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, स्वदेशी का आग्रह और नागरिक कर्तव्य बोध का पालन के पांच तत्वों को अपने जीवन में धारण करता है। हम सब राष्ट सुरक्षा व राष्ट हित की बात करने वाले के साथ हैं। संघ का मूल उद्देश्य भारत को सशक्त राष्ट बनाना है। फिलहाल आपसी मतभेद को छोड़कर मूल उद्देश्य पर काम करें। ताकि आने वाले समय में राष्ट सशक्त और सनातन बने और भारत विरोधी शक्तियों को कमजोर करने में परेशानी नहीं हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम और विकसित भारत के संकल्प को देखने और पूरा करने का समय है। हम सब एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ.निशिकांत दुबे और गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के विकास कार्य को देखते हुए मतदान करने और अधिक से अधिक मतदान कराने की दिशा में काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर डॉ.एनडी मिश्रा, सुधीर सिंह, दिलीप पांडेय, पंकज सिंह, सत्यनारायण पोद्दार, जयप्रकाश सिंह, जेपी वर्मा, सुशील कुमार झा, मंगना रावत, मुकेश झा, प्रकाश वर्मा, वासुदेव पंडित, रंजन सिंह, रजनीकांत, निरंजन मंडल, नारायण पंडित एवं अन्य उपस्थित थे।

### जामताड़ा समेत कई जिलों में तापमान 3 से 4 डिग्री तक बढ़ने की संभावना

**रांची, एजेंसी।** झारखंड एक बार फिर भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग ने 18 मई से लेकर 20 मई तक हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक, अगले तीन दिन तापमान में 3 से 4 डिग्री के बढ़ोतरी की संभावना है। जिन जिलों में हीट वेव का अलर्ट है उनमें उनमें देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज के जिले शामिल है।वहीं, 19 मई को राज्य में गढ़वा, पलामू, चतरा, देवघर और गिरिडीह में हीट वेव को लेकर सतर्क रहने की अपील की गई है। हालांकि, प्रदेश के कुछ हिस्सों में आज आंशिक बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग ने आज अधिकतम तापमान 37 डिग्री के आसपास रहने की संभावना जाहिर की है। जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री के आसपास हो सकता है।

## शादी का दबाव डाल रही थी निशा, नोकझोंक में विशाल ने गला रेता

**धनबाद/बरवाअड्डा, एजेंसी।** बरवाअड्डा थाना अंतर्गत कुल बेड़ा पंचायत के पोलैयडीह गांव में हुई निशा महतो की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस जांच में स्पष्ट हो गया है कि विशाल रजवार ने ही निशा की गर्दन रेत दी थी। दोनों उस दिन जिंदगी को अलविदा कहने की ठान कर वहां पहुंचे थे। दरअसल दोनों के बीच गहरा प्रेम प्रसंग था। निशा के घरवाले उसकी शादी कहीं और करना चाहते थे, इसलिए निशा विशाल पर शादी का दबाव डाल रही थी। एक-दूसरे से बिछड़ने के गम में दोनों के बीच ऐसी गुत्थम-गुत्थी हुई कि विशाल ने निशा की जान ले ली। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू को बरामद कर लिया है।

हत्याकांड के आरोपी विशाल रजवार को इंस्पेक्टर सरस्वती मिंज व थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में परत दर परत नए-नए खुलासे हुए। विशाल ने बताया कि वह बार-बार निशा को समझा रहा था कि फिलहाल दोनों पढ़ रहे हैं। पढ़ाई पूरी होने पर वह शादी करेगा, लेकिन निशा हर हाल में शादी की जिद पर अड़ी थी। पांच दिनों से दोनों के बीच इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर विवाद चल रहा था। घटना के दिन दोनों वहां छिप कर मिलने पहुंचे थे। निशा अपने बैग में दो चाकू लेकर पहुंची थी जबकि विशाल सब्जी काटने वाला चाकू कमर में खोंस कर वहां गया था। खेत में बातचीत के दौरान निशा ने पहले अपनी कलाई पर चाकू चला दिया, जिससे उसका हाथ हल्का सा कट गया। निशा के हाथ से ब्लेड छीन कर विशाल ने भी अपनी कलाई काट ली। इसके बाद निशा ने विशाल की कमर से चाकू निकाल कर अपनी गर्दन पर फेर दिया, हालांकि इसे जख्म ज्यादा नहीं बने थे। जब निशा तड़पने लगी तो प्रेमी ने चाकू से पूरी गहराई से उसका गर्दन रेत दिया। इसके बाद विशाल ने निशा का चप्पल और बैग फेंक कर भट्ठे की तरफ कूद गया। प्रेमिका की मौत के गम में उसने भी अपनी गर्दन पर चाकू चलाया, लेकिन वह बच गया। लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे।

## बूढ़ा परास गांव का डैम जर्जर, नहर भी टूटा, सिंचाई में परेशानी



**रांची, एजेंसी।** रंका प्रखंड अंतर्गत बूढ़ा परास गांव का डैम जर्जर हो गया है। उक्त डैम को वर्षो पहले सिंचाई के लिए मिशनरी संस्था ने बनवाया था। उसके बाद वन विभाग की ओर से नहर बनवाया गया, लेकिन वह भी क्षतिग्रस्त हो गया है। नहर क्षतिग्रस्त होने से पांच गांवों के ग्रामीणों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि डैम और नहर को अगर दुरुस्त कर दिया जाए तो ग्रामीणों के खेतों के लिए सिंचाई की सुविधा मिल जाएगी।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सिंचाई की सुविधा नहीं होने से लोग पलायन कर रहे हैं। सिंचाई की सुविधा मिल जाए तो पलायन रूकेगा। लोगों को खेतों में ही काम मिल जाएगा। डैम निर्माण के दौरान मजदूरी करने वाले किसान रामधनी उरांव बताते हैं कि उस समय गांव में बेरोजगारी और गरीबी थी। डैम बनाने के बाद लोगों के खेतों में सिंचाई के लिए पानी मिलने लगा। उससे लोग खेती बारी करने लगे। नियमित देखरख नहीं होने से बांध कमजोर हो गया। बरसात के समय में डैम कमजोर होने से टूट गया था। उसका पानी बेकार बह गया। बाद में उसे गांव के लोगों ने ही दुरुस्त कराया। उन्होंने कहा कि डैम का गहरीकरण और मजबूतीकरण होने से गांव के लोगों को लाभ मिलेगा। डैम के पानी से बूढ़ा पारस के अलावा विश्रामपुर, पिपरा दादर, बरवाही के अलावा अन्य गांव में सिंचाई का लाभ मिलता था। नहर से सिंचाई में आसानी होती थी। नहर टूट गया। अब डैम का पानी बेकार बह जाता है।

गांव के जगदीश उरांव ने बताया कि डैम में हमेशा पानी रहता है। उसके पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। महिला किसान पुष्प धारणी केरकेट्टा ने बताया कि बहुत पुराना डैम है। पानी कभी नहीं सूखता है। डैम क्षतिग्रस्त हो गया है। गांव के लोगों ने परिश्रम कर बांध का पानी रोकने के लिए मरम्मत की। नहर भी टूट चुका है। अगर डैम को दुरुस्त कर नहर की सुविधा दी जाए तो क्षेत्र में अच्छी खेती होगी। महिला किसान सोमरिया देवी ने बताया के डैम और नहर ठीक होने से पांच गांवों के 200 एकड़ से अधिक हिस्से में सिंचाई होगी। पूर्व प्रमुख हेमंत लकड़ा ने बताया कि नहर की मरम्मत के लिए जन प्रतिनिधि से लेकर दफ्तरों में आवेदन दिया गया पर उसे ठीक नहीं किया गया। डैम के पुनरुद्धार से खेतों में पटवन की सुविधा बढ़ेगी।

## छात्रा को पढ़ने के लिए सरकार देगी 48 हजार रुपए



**गिरडीह/खोरीमहुआ, एजेंसी।** धनवार प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय की एक छात्रा ने राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2023-24 में विशुनपुर ग्राम की श्रुति कुमारी पिता वीरेन्द्र तिवारी ने सफलता प्राप्त की है। झारखण्ड सरकार के इस छात्रवृति योजना के तहत छात्रा को बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई के लिए प्रत्येक महीना एक हजार रुपया की दर में कुल 48 हजार रुपए छात्रवृति दी जाएगी। जिसकी जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण कुमार राय ने दी। साथ ही बताया कि विद्यालय छात्र-छात्राओं के हित को ध्यान में रखकर कार्य करता है। कहा कि शिक्षा के साथ सभी छात्र-छात्राओं को सरकारी लाभ दिलाने को लेकर तैयारी की जाती है। जिसमें छात्र श्रुति कुमारी को लाभ मिलने से परिवार के लोग काफी खुश हैं। कहा कि छात्र श्रुति को देख विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं में भी उत्साह है। वहीं विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा कर्मियों ने छात्रा को बधाई दी है।

## एसएनएमएमसीएच के ऑक्सीजन प्लांट ठप, सिलेंडर से आपूर्ति



**धनबाद, एजेंसी।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) का पीएसए ऑक्सीजन प्लांट गुरुवार को पूरी तरह से ठप हो गया। अस्पताल में तीन ऑक्सीजन प्लांट लगे हैं। दो पीएम केयर और एक डीएमएफटी फंड से, लेकिन मेंटेनेंस के अभाव में तीनों ठप हो गए हैं। इसे देखते हुए अस्पताल प्रबंधन पुरानी व्यवस्था पर लौट आया है। कंसंट्रेटर ऑक्सीजन, सिलेंडर ऑक्सीजन से वार्ड में भर्ती मरीजों का इलाज किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मेंटेनेंस करने को लेकर एजेंसी को लिखा गया है। सोमवार तक दिल्ली की टीम पहुंच कर समस्या को दूर कर प्लांट को चालू किया जाएगा।

### ऑक्सीजन प्लांट ठप होने से अटकीं सांसें

ऑक्सीजन प्लांट ठप होने से अस्पताल में अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। कैथलैब, सर्जिकल आईसीयू सहित अन्य वार्डों में भर्ती मरीजों की परेशानी बढ़ गई। आनन-फानन में प्रबंधन पुरानी व्यवस्था पर लौटा और वेंटिलेटर, सर्जिकल आईसीयू सहित अन्य जगहों पर भर्ती मरीजों को सिलेंडर से ऑक्सीजन देनी शुरू की।

अस्पताल कर्मियों का कहना है कि जब से ऑक्सीजन प्लांट लगा है, एक बार भी मेंटेनेंस नहीं हुआ।इससे यह समस्या उत्पन्न हुई। पीएसए प्लांट दो पीएम केयर और एक डीएमएफटी से फंड से लगाया गया। इसमें दो एक-एक साल और एक तीन साल में मेंटेनेस करना है। तीन साल वाले प्लांट का मेंटेनेंस के समय में तीन महीने शेष हैं। जो एक-एक साल का प्लांट था, उसका मेंटेनेंस का समय खत्म हो गया। बता दें शनिवार को ही प्लांट से आपूर्ति की क्षमता कम हो गई थी। इसके बाद भी प्रबंधन नहीं ध्यान दिया जो गुरुवार को पूरी तरह से ठप हो गया। प्रबंधन का कहना है कि अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर पर्याप्त है। घबराने की जरूरत नहीं है। कुछ दिन में पीएसए प्लांट भी चालू हो जाएगा।

## डीजीपी ने की बैठक : कोलकाता की तर्ज पर रांची में ट्रैफिक जिला बनाने का प्रस्ताव




**रांची, एजेंसी।** हाईकोर्ट की फटकार के बाद रांची की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने को लेकर पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने आला अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में रांची की ट्रैफिक व्यवस्था कैसे दुरुस्त होगी, इसपर चर्चा की गई। कोलकाता महानगर की तर्ज पर रांची में ट्रैफिक जिला बनाने का प्रस्ताव है, इस पर भी समीक्षा की गई। साथ ही कोलकाता सहित कुछ अन्य शहर जहां की ट्रैफिक व्यवस्था अनुकरणीय है, वहां एक कमेटी को भेजने का निर्णय लिया गया।

ताकि उन शहरों में कैसे ट्रैफिक मैनेजमेंट होता है, उसी की तर्ज पर रांची में भी ट्रैफिक व्यवस्था बहाल की जा सके और रांची वासियों को जाम से मुक्ति दिलाई जाए। डीजीपी ने बैठक में अधिकारियों से पूछा कि वर्तमान में रांची में ट्रैफिक को संभालने में कितने पुलिस कर्मी उपलब्ध हैं और कितने की आवश्यकता है। फिलहाल, ट्रैफिक संचालन में पुलिसकर्मियों की कमी को देखते हुए होमगार्ड की तैनाती करने का निर्देश डीजीपी ने दिया।

डीजीपी ने निर्देश दिया कि यातायात व्यवस्था के अध्ययन के लिए त्रिस्तरीय कमेटी का गठन किया जाएगा। जो लोकसभा चुनाव के बाद अलग-अलग शहरों में अध्ययन के लिए जाएगी। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय की ओर से कार्रवाई की जा रही है। बैठक में एडीजी (अभियान) संजय आनंद लाटकर, आईजी मनोज कौशिक, आईजी अखिलेश झा सहित एसएसपी रांची चंदन सिन्हा और ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली थे।

राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में कहा कि रांची की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए 600 होमगार्ड जवानों को सड़क पर तैनात करेंगे। इस पर गृह विभाग की हरी झंडी मिल गई है। अभी लोकसभा चुनाव की वजह से होमगार्ड जवानों की तैनाती नहीं कर सकते हैं। 15 जून से नई व्यवस्था रांची शहर में लागू हो जाएगी।

राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और अधिवक्ता गौरव कुमार ने हाईकोर्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रांची शहर में 900 ट्रैफिक पुलिस की जरूरत है, वर्तमान में 350 ट्रैफिक पुलिस रांची शहर के ट्रैफिक व्यवस्था को संभाले हुए हैं। वहीं, सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि इस मामले में लिखित ऑर्डर पास करेंगे।

## डेंगू दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

**गिरडीह/गावां, एजेंसी।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के मौके पर गावां प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलैयाटांड़ में गुरुवार को विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया। उन्हें रोग के लक्षण के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार ने बताया कि एडिस मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह मच्छर दिन में काटता है और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर,




जोड़ों में दर्द और आंखों के पीछे दर्द हो तो सतर्क हो जाएं। त्वचा पर लाल धब्बे या चकते का निशान, नाक-मसूढ़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्राव होना डेंगू के लक्षण है। बताया कि दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। इसके साथ-साथ मच्छर भगाने वाली क्रीम या दवा का प्रयोग दिन में भी करें। पूरे शरीर को ढंकने वाले कपड़े पहनें। घर के सभी कमरों को साफ-सुथरा रखें। टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, एसी, फ्रीज में पानी जमा नहीं होने दें। पानी टंकी और घर के आसपास अन्य जगहों पर भी पानी नहीं जमने दें। जमे हुए पानी पर मिट्टी का तेल डालें। मौके पर विद्यालय के प्राधानाचार्य मोहन यादव समेत कई छात्र छात्राएं व शिक्षक मौजूद थे।